किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 124 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 17 फरवरी 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


## गौरी भईया फुटबॉल प्रतियोगिता

### क्वार्टर फाइनल में पहुंची मेजबान बलिया, आज होंगे मुकाबले

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित 'स्वर्गीय गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता' के दूसरे दिन लीग राउंड के चार मुकाबले खेले गए। मेजबान बलिया की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है । शुक्रवार को मेजबान बलिया का सामना प्रयागराज से होगा ।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह

एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने अलग अलग मैचों में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। समस्त आगंतुकों का स्वागत एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रतियोगिता के संयोजक पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया ।

### गुरुवार के मैचों का स्कोर कार्ड ऐसा रहा

वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को खेले गए पहले मुकाबले के पहले हाफ के 16वे मिनट में फारूक एवम 29वें मिनट में सलमान के गोल की बदौलत स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने मऊ को 2-0 से पराजित किया । दूसरे मैच में 52वे मिनट में राशिद के गोल से स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली ने गोरखपुर को 1-0 से पराजित किया । वहीं तीसरे मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने मिजार्पुर को 3-0 से पराजित किया । मैच के 25वे मिनट महेंद्र एवम 32वे व 59वे मिनट में तौसीफ ने वाराणसी के लिए गोल किया । चौथे मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ की तरफ से 39वे व 50वे मिनट में फारूक ने गोल कर स्पोर्ट्स हॉस्टल अयोध्या को 2-0 से पराजित किया ।

### इनके-इनके बीच होंगे क्वार्टर फाइनल

शुक्रवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। पहले क्वार्टरफाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ का सामना मिजार्पुर से होगा, दूसरे क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली का सामना स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई से होगा। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी व स्पोर्ट्स हॉस्टल अयोध्या, वहीं चौथा क्वार्टर फाइनल मैच मेजबान बलिया व प्रयागराज के मध्य खेला जाएगा।

### इन्होंने ने निभाई निर्णायक की भूमिका

निर्णायक की भूमिका उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा नामित राशिद, प्रदीप मिश्रा, निताई सरदार, उपेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, मेहरुद्दीन खान, इफ्तिखार खान, मोहम्मद रजाउल्लाह, जयराम यादव व अमल कुंवर ने निभाई । मैच कमिश्नर के रूप में मोहम्मद आरिफ नजमी उपस्थित रहे । उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मेजर दिनेश सिंह एवं संचालन जिला फुटबॉल संघ के सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं नीरज राय ने संयुक्त रूप से किया । इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, पवन कुमार राय, अम्बरीष महादेव, सिद्धार्थ सिंह गोलू, मोहम्मद जावेद, रोहित भारद्वाज, अदालत सिंह आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया ।

# झारखंड में पुलिस अपराध मिटा नहीं रही है, बल्कि अपराध की फसल देखभाल करने में लगी हैं !

## राज्य के जनमानस की पटल पर उठ रहे सवाल ।

**धनंजय कुमार वैद्य, प्रभारी सह ब्यूरो चीफ, झारखंड**

रांची (झारखंड): राज्य में बढ़ते अपराध की आंकड़ा से छुपी नहीं है यह बात हम और हमारी अखबार,, समाज जागरण,, नहीं कह रही है,

बल्कि यह आंकड़े झारखंड पुलिस विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़े हैं। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 11 महीने (जनवरी 2020 से नवंबर 2020) में राज्य में 1657 महिलाएं-बच्चियां हैवानियत की शिकार बनी हैं। यानी हर महीने औसतन 150 व प्रतिदिन पांच महिलाओं-बच्चियों के साथ हैवानियत हुई है। राज्य की पुलिसिंग व कानून व्यवस्था की पोल खोलने के लिए ये आंकड़े काफी हैं, जो बताते हैं कि यहां कानून का राज नहीं चल रहा है । हम बात करें वर्ष 2020 से अगस्त 2022 तक की तो (32 माह) मे महिला अपराध से जुड़ी 9900 से ज्यादा मामले थानों में दर्ज किये गये हैं. इनमें सबसे ज्यादा 2,431 मामले प्रताड़ना के हैं।

लेकिन पिछले आठ माह के आंकड़ों को देखें तो इस दौरान महिला अत्याचार से जुड़े सिर्फ 16 मामलों में 21 लोगों को ही सजा मिली है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2021 के अपराध का आंकड़ा लिस्ट जारी कर दिया है। जारी आंकड़े के अनुसार देश में कुल 378 सांप्रदायिक दंगे हुए , जिसमें सर्वाधिक 100 दंगे सिर्फ झारखंड में हुए ।

इसी आंकड़े के आधार पर राज्य की पुलिस जनमानस के पटल पर सवालों के घेरे में खड़ी है ।इस राज्य की एक लाख एक करोड़ की बजट में 47% राशि सरक्षा में ही खर्च करती है।

सरकार यह आंकड़े जनमानस में पेश कर अपनी उपलब्धि गिनाती है और अपने आप को पीठ थपथपा रही है। लेकिन झारखंड राज्य में बढ़ते अपराध के लिए ग्राउंड लेवल पर थानेदार और उसके गतिविधि अक्सर संदेह के घेरे में खड़ी है। जमीनी स्तर पर अपराध खत्म करने में थानेदार विफल साबित हो रहे है। अपराध नियन्त्रण पर करवाई नहीं करते , बल्कि यूं कहें अपराधियों की फसल देखभाल कर रहे हैं।

*** झारखंड प्रदेश के कुल 79,716 वर्ग किलोमीटर का फैला गणराज्य है। यहां अपराध नियंत्रण के लिए, 606 थानों का निर्माण कराया गया है जिसपर पुलिस अबतक अपराध रोकने में नाकाम रहीं है।**

कारण चाहे जो भी हो 2 राज्यों की सीमा, 2 जिलों की सीमा ,दो थानों की सीमा, बढ़ते अपराध को जन्म दिया है अपराधी ऐसे क्षेत्रों को सेफ जोन मानते हैं , और यहीं से अपराध की उत्पत्ति हो रही है। जबकि सरकार ने पुलिस विभाग को तमाम तरह के सुविधा, बख्तरबंद गाड़ियों, अत्याधुनिक हथियार मुहैया कराती है ताकी अपराध को नियन्त्रण में रखा जा सके। इसके बावजूद अपराधी बेलगाम है । अपराधियो में पुलिस का भय नहीं है , या यूं कहें की बड़े बड़े माफियायों के हाथो की एक कठपुतली बनकर रह गई है पुलिस।, अपराधी तंत्र अपने बचाव के लिए इस्तेमाल कर रहे है पुलिस विभाग को । इसके बदले चांदी के चढ़ावे में बराबर की हिसेदार बनती है पुलिस।

नाम ना छापने की शर्त पर , एक झारखंड थानेदार ने बताया की, थानों में क्रीमी लेयर के आधार पर पोस्टिंग की जाती है । और इस क्रीमी लेयर थाने जायज नाजायज होने वाले आमदनी अपराध कराने वाले अपराधियो के जरिए ही प्राप्त होता है ,और इसके हिस्से सभी जगह को जाते हैं । नेता मंत्री अधिकारी,

थानेदार तो यूं ही बदनाम हैं। हम चाह कर भी कानूनी डंडा नही चलाते, अपराध खत्म ना करना हमारी मजबूरी होती है।

महोदय के बातों में कितनी सच्चाई है ,हम और हमारी अखबार यह पुष्टि नहीं करता । पर हम अपराध और अपराध से जुड़े अपराधियों पर नजर जरूर रखते हैं। अपराध के आंकड़े अखबार के जरिए पाठकों के समक्ष रखते है।

हमारी अखबार ने लगातार सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते अपराध पर झारखंड पुलिस की ध्यान आकृष्ट कराने की नाकाम कोशिश करती रही है । ताकि इन अपराधियों पर पुलिस का भय कायम हो , और अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण हो। पर ऐसा नहीं लगता। लेकिन लगातार ध्यान आकृष्ट के कराने के बावजूद भी सीमावर्ती क्षेत्रों से खनन, अफीम शराब तस्कर, नक्सल, चरम पर है।

संबंधित थाना क्षेत्रों के थानेदार और जिले के पुलिस पदाधिकारी ,जिस दिन से इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। उस दिन से झारखंड राज्य अपराध मुक्त राज्य के निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। एसे में झारखंड राज्य के 13वें डीजीपी के रूप में शपथ लेना उम्मीद भरी नजरों से देखी जा रही है।

**282 थाने नक्सल प्रभावित हैं। इनमें 155 थाने ए ग्रेड नक्सल प्रभावित की श्रेणी में ।जबकि 121 थाने बी ग्रेड श्रेणी में है।**

गुरुवार को नव नियुक्त , 1989 बैच के तेज तर्रार आईपीएस,, अजेय सिंह ,,के लिए राज्य में अपराध पर नियंत्रण स्थापित करनी की बड़ी चुनौती है।

डीजीपी के स्वागत के लिए,, पलामू जीला में संप्रदायिक दंगा की आग लगाए खड़ा है दो दिनो से जल रहा है। जिस पर भी नियंत्रण करना नए डीजीपी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

झारखंड में अपराध चरम पर है। अपराधी बेलगाम हैं। आए दिन राज्यों में घट रहीं दुष्कर्म, हत्या, हैवानियत , डकैती, लूट, चोरी, की घटनाओं ने प्रदेश की विधि-व्यवस्था को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। खनन माफिया के सामने प्रशासन घुटने टेक चुकी है, । आम आवाम न्याय के लिए नाउम्मीद हो चुकी है । लूट ,बलात्कार हिंसा देश में, झारखंड राज्य की छबि पर दाग लगा रहा है। थाने मे पदस्थापित थानेदार , अधिकारी अपने कर्तव्य से विमुख हो चुके है। इसे में कर्तव्य का पाठ पढ़ाने की नैतिक जिमेदारी भी डीजीपी महोदय को को लेनी होगा। तभी अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण होना संभव है।

जब अधिकारी और दरोगा कर्तव्यनिष्ठ होंगे तभी झारखंड राज्य, देश के अपराध मुक्त राज्यों की सूची में शुमार होगा।

अब तक पुलिस पब्लिक मैत्री संबंध स्थापित करने में विफल रही है।

# जिलाधिकारी ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की तैयारियों का लिया जायजा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य के शुरूआत के संबंध

में चितबडागांव क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण का उद्देश्य आगामी 27 फरवरी को केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के आगमन की तैयारियों का जायजा लेना था। मंत्री

### बलिया में गडकरी

### -केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का शुभारंभ -कार्यक्रम में आ सकते हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी

गडकरी इस दिन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य की शुरूआत अपने कर कमलों से करेंगे। जिलाधिकारी ने मंत्री के आगमन के लिए हेलीपैड के साथ ही मंच के निर्माण और पार्किंग की व्यवस्था देखी। बताते चलें कि अनौपचारिक रूप से सूचना मिली है कि इस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आगमन जनपद में होने वाला है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, अपर जिलाधिकारी राजेश सिंह के अतिरिक्त चितबड़ागांव के ईओ अनिल कुमार उपस्थित थे।

# चंदा ने धर्म परिवर्तन किया इंकार तो प्रेमी आरिफ ने कर दी हत्या

**- मृतका का ससुराल मऊ जनपद के हलधरपुर बिलौझा, जबकि मायका बलिया जनपद के नगरा थाना के चचाया गांव**

**- फौजी पति की मौत के बाद प्रेमी आरिफ के संपर्क में आई थी चंदा**

**- खुद को हिंदू बता एंबुलेंस चालक आरिफ चंदा को लेकर चला गया था कौशांबी**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कौशांबी जनपद के पश्चिम शेरा कोतवाली इलाके में अषाडा गांव में करीब 7 वर्ष पहले प्रेमी के साथ रह रही मऊ जिले की चंदा सिंह की मंगलवार को गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद चंदा को छोड़कर प्रेमी फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद अषाडा पहुंची मृतका की मां ने प्रेमी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया, बताया कि प्रेमी उसकी पुत्री चंदा को उमरा कहकर बुलाता था।बलिया जिले के

नगरा कोतवाली इलाके के चचाया गांव की श्रीमती पत्नी राम श्रृंगार सिंह ने बताया कि उस-की 35 वर्षीय पुत्री चंदा सिंह की शादी मऊ जिले के हलधरपुर कोतवाली इलाके के निवासी दुर्गेश सिंह के साथ हुई थी। दुर्गेश सिंह फौज में करीब 8 वर्ष पहले दुर्गेश की मौत हो गई। चंदा की दो बेटी सृष्टि सिंह और बरखा सिंह है। बड़ी बेटी सृष्टि 12 वर्ष की है। पति की मौत के बाद परिवार का खर्च चलाने के लिए चंदा ने मऊ के भलईपुर ब्यूटी पार्लर खोल लिया था। इसी दौरान चंदा सिंह की मुलाकात रतनपुरा के जोगापुर पीएचसी में 108 एंबुलेंस के चालक मोहम्मद आरिफ से हुई। उस समय आरिफ ने खुद को हिंदू बताया था और चंदा को कौशांबी में जमीन खरीदने और व्यवसाय का लालच देकर अपने साथ लेकर चला गया। आरिफ कौशांबी के महेवा घाट कोतवाली इलाके के मिरदहन का पुरवा का रहने वाला है। श्रीमती के मुताबिक सप्ताह भर पहले चंदा ने फोन कर बताया कि मिरदहन का पुरवा में पंचायत बुलाई गई थी। इसमें एक मौलवी ने चंदा को धर्म परिवर्तन के लिए कहा था बेटी के इनकार करने पर पंचायत में चंदा के साथ मारपीट की गई। मंगलवार रात फोन पर पता चला कि चंदा की तबीयत खराब है और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। श्रीमती ने घटना की तहरीर पुलिस को दी।

## नोएडा अथॉरिटी की CEO ऋतु महेश्वरी को SC से राहत नहीं

## ऋतु महेश्वरी की याचिका पर SC ने जल्द सुनवाई से इनकार किया

## CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा हम नियमित तरीके से 24 फरवरी को करेंगे सुनवाई

## इलाहाबाद HC ने आवमानना मामले में ऋतु महेश्वरी के वेतन से ₹10 हजार कटौती करने का आदेश दिया था '

# गया में रेलवे सुरक्षा बल व सीआईबी की कार्रवाई में 18 लाख कैश बरामद, शक के आधार पर दो को पकड़ा गया ।

**समाज जागरण,राकेश कुमार मिश्रा सहायक प्रभारी सह ब्यूरो चीफ गया।**

गया (बिहार) 16 फरवरी 2023 :- रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया व सीआईबी की कार्रवाई में 18 लाख कैश की बरामदगी की गई है. मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है. इस मामले में आयकर विभाग की मदद से भी जांच को बढाया जा रहा है!

जानकारी के अनुसार गया स्टेशन परिसर पर अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी. उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या एक से 2 व्यक्तियो को संदेहपूर्ण अवस्था में अपने-अपने कंधे में बैग लिए हुए देखा गया, जो अधिकारियों व बल सदस्य को निगरानी करते देख उनसे बचने की कोशिश कर रहे थे. ऐसी स्थिति को भांपते हुए आरपीएफ की टीम ने शक के आधार पर दोनों व्यक्तियों से पूछताछ

की, तो दोनों ने अपने को पिता व पुत्र बताया. अपना नाम व पता पंकज कुमार पिता हुक्म चंद गुप्ता पता 1789 सिविल लाइन थाना जगाधरी जिला यमुना नगर हरियाणा और राघव गुप्ता पिता पंकज कुमार बताया! हरियाणा के रहे दोनों व्यक्ति ने अपने को बर्तन का व्यापारी बताया तथा भारतीय मुद्रा अपने-अपने बैग में रखे होने की बात स्वीकार किया. इसके बाद उन्हें पोस्ट पर लाया गया और अलग-अलग बारी-बारी से उन दोनों के द्वारा बैग में रखे भारतीय मुद्रा को निकाला गया. इस क्रम में पंकज गुप्ता (पिता) के पास से कुल 7.79 लाख तथा राघव गुप्ता पुत्र के पास से 10.57 लाख बरामद किए गए. कुल 18.36 लाख रुपए बरामद किए गए. बताया है कि सासाराम एवं गया के व्यापारियों को स्टील के बर्तन बेचे थे और उसी के तकादा के रुपए हैं. हालांकि मौके पर कोई वैध कागजात दिखाने में दोनों असफल रहे।

गाड़ी संख्या 12301अप (हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस) से दोनों को गया से नई दिल्ली तक जाना था. इस मामले में मौके की कार्रवाई के तहत जब्ती सूची तैयार करते हुए कुल रुपए को जप्त किया गया है और अग्रिम कार्रवाई के लिए सौरभ उपाध्याय एडीआईटी यूनिट वन पटना एवं अनुकूल आनंद आईटीओ पटना तथा सुरेश प्रसाद आईटीओ गया को अग्रिम कानूनी कार्रवाई करने हेतु आयकर विभाग गया के सक्षम अधिकारी को उचित पावती लेते हुए गिरफ्तार सुधा दोनों व्यक्ति को सुपुर्द कर दिया गया!

# संप्रदायिक हिंसा की आग में जल रहा पलामू जिले के पांकी,

## नियंत्रण के लिए पाकी को पुलिस छावनी में किया गया तब्दील।

*रांची/ मेदनीनगर (झारखंड) 16 फरवरी 2023:बीते 2 दिनों से सांप्रदायिक हिंसा की आग में जल रहा पलामू जिला के पाकी ,, सौहार्द वातावरण निर्माण के लिए और भड़के सांप्रदायिक हिंसा पर काबू के लिए को पांकी को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। धारा 144 भी लगाए गए है। जो 19 फरवरी 2023 तक लागू रहेंगे,* ***शेष पृष्ठ संख्या 10 पर***

# रानी गाइदिनल्यू

रानी गाइदिनल्यू (जन्म- 26 जनवरी, 1915, मणिपुर, भारत; मृत्यु- 17 फरवरी, 1993) भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारियों में से एक थीं। उन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए नागालैण्ड में अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया। झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के समान ही वीरतापूर्ण कार्य करने के लिए इन्हें 'नागालैण्ड की रानी लक्ष्मीबाई' कहा जाता है। जब रानी गाइदिनल्यू को अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेजों ने गिरफ़्तार कर लिया, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कई वर्षों की सजा काट चुकीं रानी को रिहाई दिलाने के प्रयास किए। किंतु अंग्रेजों ने उनकी इस बात को नहीं माना, क्योंकि वे रानी से बहुत भयभीत थे और उन्हें अपने लिए खतरनाक मानते थे।

**जन्म तथा स्वभाव**

रानी गाइदिनल्यू का जन्म 26 जनवरी, 1915 ई. को भारत के मणिपुर राज्य में पश्चिमी ज़िले में हुआ था। वह बचपन से ही बड़े स्वतंत्र और स्वाभिमानी स्वभाव की थीं। 13 वर्ष की उम्र में ही वह नागा नेता जादोनाग के सम्पर्क में आईं। जादोनाग मणिपुर से अंग्रेजों को निकाल बाहर करने के प्रयत्न में लगे हुए थे। वे अपने आन्दोलन को क्रियात्मक रूप दे पाते, उससे पहले ही गिरफ्तार करके अंग्रेजों ने उन्हें 29 अगस्त, 1931 को फाँसी पर लटका दिया।

**क्रांतिकारी जीवन**

जादोनाग के बाद अब स्वतंत्रता के लिए चल रहे आन्दोलन का नेतृत्व बालिका गाइदिनल्यू के हाथों में आ गया। उन्होंने महात्मा गाँधी के आन्दोलन के बारे में सुनकर ब्रिटिश सरकार को किसी भी प्रकार का कर न देने की घोषणा की। नागाओं के कबीलों में एकता स्थापित करके उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए कदम उठाये। उनके तेजस्वी व्यक्तित्व और निर्भयता को देखकर जन-जातीय लोग उन्हें सर्वशक्तिशाली देवी मानने लगे थे। नेता जादोनाग को फाँसी दे दिए जाने से भी लोगों में असंतोष व्याप्त था, गाइदिनल्यू ने उसे सही दिशा की ओर मोड़ा। सोलह वर्ष की इस बालिका के साथ केवल चार हजार सशस्त्र नागा सिपाही थे। इन्हीं को लेकर भूमिगत गाइदिनल्यू ने अंग्रेजों की फौज का सामना किया। वह गुरिल्ला युद्ध और शस्त्र संचालन में अत्यन्त निपुण थीं। अंग्रेज उन्हें बड़ी खूंखार नेता मानते थे। दूसरी ओर जनता का हर वर्ग उन्हें अपना उद्धारक समझता था।

**गिरफ़्तारी**

रानी गाइदिनल्यू पर जारी डाक टिकट

रानी द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन को दबाने के लिए अंग्रेजों ने वहाँ के कई गांव जलाकर राख कर दिए। पर इससे लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। सशस्त्र नागाओं ने एक दिन खुलेआम 'असम रा-इफल्स' की सरकारी चौकी पर हमला कर दिया। स्थान बदलते, अंग्रेजों की सेना पर छापामार प्रहार करते हुए गाइदिनल्यू ने एक इतना बड़ा कि ला बनाने का निश्चय किया, जिसमें उनके चार हजार नागा साथी रह सकें। इस पर काम चल ही रहा था कि 17 अप्रैल, 1932 को अंग्रेजों की सेना ने अचानक आक्रमण कर दिया। गाइदिनल्यू गिरफ़्तार कर ली गईं। इस समय रानी ने कहा था, "मैं उनके लिए जंगली जानवर के समान थी, इसलिए एक मजबूत रस्सी मेरी कमर से बांधी गई। दूसरे दिन कोहिमा में मेरे दूसरे छोटे भाई ख्यूशियांग की क्रूरता से पिटाई की गई। कड़कड़ाती ठंड में हमारे कपड़े छीन कर हमें रातों में ठिठुरने के लिए छोड़ दिया गया, पर मैंने धीरज नहीं खोया था।" रानी को इंफाल जेल में रखा गया और उन पर राजद्रोह का अपराध लगाकर मुकदमा चलाया गया, जिसमें उन्हें आजीवन कार-ावास की सजा दी गई।

**अंग्रेजों का भय**

सन 1937 में पंडित जवाहरलाल नेहरू को असम जाने पर रानी गाइदिनल्यू की वीरता का पता चला तो उन्होंने उन्हें 'नागाओं की रानी' की संज्ञा दी। नेहरू जी ने उनकी रिहाई के लिए बहुत प्रयास किया, लेकिन मणिपुर के एक देशी रियासत होने के कारण इस कार्य में सफलता नहीं मिली। अंग्रेज अब भी रानी गाइदिनल्यू को अपने लिए सबसे बड़ा खतरा मानते थे और उनकी रिहाई से भयभीत थे।

**रिहाई तथा सम्मान**

1947 ई. में देश के स्वतंत्र होने पर ही रानी गाइदिनल्यू जेल से बाहर आ सकीं। जब वे रिहा होकर आईं, तो नागालैंड में उनका भव्य स्वागत हुआ। जेल से रिहा होने के बाद कुछ समय रानी ने अवकाश के रूप में बिताया। तत्पश्चात अपने क्षेत्र के कबीले की राजनीतिक तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शुरू कर दिया। रानी ने इस देश की आजादी के लिए अपनी जवानी तक बलि पर चढ़ा दी थी। इस अपूर्व त्याग के लिए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन भारतीय महिलाओं को सदैव देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। स्वतंत्रता संग्राम में साहसपूर्ण योगदान के लिए प्रधानमंत्री की ओर से ताम्रपत्र देकर और राष्ट्रपति की ओर से 'पद्मभूषण' की मानद उपाधि देकर उन्हें सम्मानित किया गया था।

देश की आजादी के संघर्ष के दौरान जिन महिलाओं ने लंबे समय तक कारावास की सजा भुगती, रानी गाइदिनल्यू उनमें से एक थीं। 1932 ई. में जबकि वे 17 वर्ष की थीं, तब उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ किया था। अतः उन्हें बंदी बनाकर जेल में डाल दिया गया था और 1947 में जब देश को आजादी मिली, तब उन्हें रिहा किया गया। इस प्रकार नागालैंड की रानी गाइदिनल्यू 1932 से 1947 ई. तक (आजादी से पूर्व तक) जेल के सींखचों के पीछे रहीं। जब वह रिहा होकर आईं, तो उनकी पूरी जवानी और सुंदरता जेल की फौलादी सींखचौं की भेंट चढ़ चुकी थी। सन 1935 में जब देश में प्रांतीय स्वशासन लागू हुआ, तो उस समय समस्त बड़े-बड़े नेताओं को जेल से रिहा कर दिया गया था। गांधीजी के प्रयत्नों से उस समय लंबी सजा भुगतने वाली क्रांतिकारी महिलाओं को भी जेल से छोड़ दिया गया था। उस समय मात्र रानी गाइदिनल्यू ही ऐसी महिला थीं, जिन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया। जवाहरलाल नेहरू ने जेल में जाकर गाइदिनल्यू से भेंट की और उनकी रिहाई के लिए उन्होंने अथक प्रयत्न किए। यहां तक कि ब्रिटिश अधिकारियों से पत्र-व्यवहार तक किया। अलीपुर में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ, तब नेहरू ने रानी की रिहाई के लिए एक प्रस्ताव भी पास करवाया था, परंतु यह सारे प्रयास व्यर्थ सिद्ध हुए।

नेहरू के हृदय में इस बात की जबरदस्त पीड़ा थी कि अनेक प्रयत्नों के बावजूद भी वह रानी गाइदिनल्यू को जेल से मुक्त नहीं करवा सके थे। एक अवसर पर उन्होंने कहा था-

उस नन्ही बहादुर लड़की ने अपनी देशभक्ति के जोश में एक विशाल साम्राज्य को चुनौती दी थी, मगर उसे



कितनी यातनायें और कितनी घुटन सहनी पड़ रही है। पहाड़ की ताजी खुशनुमा हवाओं में वह कभी नहीं आ सकेगी। पहाड़ की ढलानों और जंगली कुओं में अब वह कभी आजादी से नहीं घूम सकेगी। वह छोटी चिड़िया-सी गाइदिनल्यू रानी चुपचाप बैठी रहती होगी। अंधेरे में कैद। छोटी-सी कोठरी में अकेले, बिल्कुल अकेले अपनी यातनाओं को चुपचाप झेलते हुए। अफसोस यह है कि हिंदुस्तान अपनी इस बहादुर बिटिया के बारे में जानता तक नहीं। भारत की बहादुर बेटी नागा पहाड़ियों की वह पवित्र संतान है, जिसकी सांस-सांस में पहाड़ी हव-ाओं की आजादी बसी हुई है। उसके प्रदेश के लोग इसे प्यार से, इज्जत और दुःख से याद कर रहे हैं। एक दिन आएगा, जब सारा हिंदुस्तान उसे याद करेगा, उसे इज्जत बख्शेगा और कैदखाने के दरवाजे खोल कर बाहर ले आएगा।"

पंडित नेहरू ने अंग्रेज सरकार से उपर्युक्त अपील की थी, परंतु उस पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने रानी गाइदिनल्यू को रिहा नहीं किया। इसके विपरीत वायसराय ने रानी गाइदिनल्यू की रिहाई के लिए असम की असेंबली में प्रश्न पूछने पर प्रतिबंध लगा दिया। इससे स्पष्ट होता है कि रानी गाइदिनल्यू से अंग्रेज कितने आतंकित थे। वे उन्हें एक खतरनाक विद्रोही मानते थे। अतः रानी को जेल से रिहा करके किसी प्रकार का खतरा मोल लेने के लिए तैयार नहीं थे। रानी गाइदिनल्यू अंग्रेजों की सबसे भयंकर शत्रु थीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने हजारों विद्रोही नागाओं की एक विशाल क्रांतिकारी सेना गठित की थी, वह भी अंग्रेजों की कट्टर शत्रु थी। अंग्रेजी सेना इससे अत्यंत भयभीत एवं आतंकित थी। अपने क्षेत्र में रानी के प्रति नागाओं की इतनी अधिक श्रद्धा थी कि उनके छुए जल की बोतल उस समय 10 रुपये में बिकती थी, क्योंकि नागाओं का ऐसा मानना था कि इस जल को पीने मात्र से रोगों से मुक्ति प्राप्त हो सकती है। रानी गाइदिनल्यू का अपने अनुयायियों पर जबरदस्त प्रभाव था।

## संजीव-नी।

### मेरा भी लहू लाल रंग का।

यह दौरे जहां है अब अलग सा
अपनों का मिजाज है अलग सा ।

अकेला था आज भी अकेला हूं ,
भीड़ में अभी खड़ा अलग सा।

ये नाते ये रिश्ते,अपनों का मायाजाल,
फिर क्यों सब का हिसाब अलग सा।

आज भी लोग भी वही दुनिया भी
वही फिर क्यों सबका रास्ता अलग सा।

सवाल पूछा ईश्वर से मैंने, सब को बनाया एक सा,
फिर मुझे क्यों बनाया अलग थलग सा।

मेरा भी लहू लाल रंग का उसका भी लहू लाल रंग का,
फिर क्यों सबका मजहब बनाया अलग सा।

उपदेश देकर सब भला करते हैं सभी का,
ईशा को क्यों सूली पर चढाया अलग सा।

जुआ जी सब खेलते हैं हारते भी हैं
फिर क्यों द्रोपदी का चीर हरण हुआ अलग सा।

मेरी मानो आओ मेरे साथ ,
नया संसार बनाएं अनोखा अलग सा।

संजीव ठाकुर ,रायपुर छत्तीसगढ़,

# किसान जागरण के पुरोधा स्वामी सहजानंद स्वरसती

समाज जागरण
राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर

दंडी संन्यासी स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान जागरण के पुरोधा थे। 18 वर्ष के आयु में गृह त्याग करने के बाद भगवान की खोज में मठ मंदिर एवं तीर्थस्थलों में भ्रमण करने के बाद भगवान का दर्शन नहीं हुआ। क्योंकि वह किसान भगवान को खोज रहे थे। खेतों में हल चलाते कुदाल चलाते, फसलों की बुआई करते गर्मी, बरसात, ठंडक का सामना करते हुए किसानों का दर्शन हुआ। वे अन्नदाता है विडंबना है कि अन्न का उपज का बड़ा हिस्सा जमींदार हड़प लेते थे और कठिन परिश्रम करने के बाद भी किसानों को कुछ नहीं मिलता था। शोषण अन्याय के चक्की में पिसते किसान प्रतिकार भी नहीं कर पाते थे और सब कुछ भाग्य और भगवान पर छोड़ देते थे। यह स्थिति बहुत ही दुखद था तो स्वामी सहजानंद सरस्वती ने निश्चय कर लिया कि किसान ही हमारे भगवान हैं। इस भगवान को जगा कर प्रतिकार की क्षमता भरकर जुल्मी जमींदार और अंग्रेजी राज को समाप्त करने के लिए आंदोलन करेंगे। बिहार में 1929 में स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में बिहार प्रदेश किसान सभा का गठन हुआ। सभा गठन की बैठक सोनपुर मेले के समय हुआ । इसमें बिहार के हस्तियों ने भाग लिया। बिहार प्रदेश किसान सभा के गठन के बाद खासकर 1939 के आसपास आते आते किसान सत्याग्रह के लिए किसानों को तैयार किया गया। इस सत्याग्रह में पुरुष और नारियों की बड़ी भागीदारी हुई और कमाने वाला खाएगा नया जमाना आएगा के नारे के साथ बिहार के कई हिस्से में किसानों के साथ स्वामी सहजानंद सरस्वती, कायानंद शर्मा, यदुनंदन शर्मा साहित्यकार राहुल स-ांकृत्यायन, नागार्जुन, रामवृक्ष बेनीपुरी आदि ने भी हल जोतने का काम किया। नवादा जिले में जमींदारों के जुर्म के प्रतिकार के रूप में कई गांवों में किसान सत्याग्रह का आयोजन किया गया। वर्तमान मगध प्रमंडल में किसानों के साथ साथ रहने वाले और आंदोलन संचालन करने वाले मुख्य रूप से यदुनंदन शर्मा थे और स्वामी जी कभी-कभी गति देने के लिए आया करते थे। किसान सत्याग्रह में सबसे बड़ा नाम काशीचक प्रखंड के रेवरा गांव का है। जहां पुरुषों के साथ नारियों ने भी जिस जमीन को जमींदारों ने नीलाम कर दिया था उसमें हल चलाकर अपना अधिकार



स्वामी सहजानन्द सरस्वती

प्राप्त करने के लिए यह सत्याग्रह किया। इस सत्याग्रह में आसपास के कई गांवों के लोगों की भागीदारी हुई खासकर पूर्व विधायक स्वर्गीय राम किशन सिंह, मकनपुर निवासी स्वर्गीय नुनु सिंह और अफसड़ निवासी स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद सिंह की भागीदारी भी सत्याग्रह में हुआ। यह तीनों जेल भी गए। इस ढंग से रेबरा सत्याग्रह में आसपास के लोगों की बड़ी भागीदारी हुई। इसके अलावा हंसुआ प्रखंड के मंझवे, अंधरवारी, सिंघना गांव में भी किसान सत्याग्रह हुआ और जमींदारों के खिलाफ किसानों की एकता देखते बनती थी। इस ढंग से पूरे नवादा जिले में लगभग 20 गांव में जिसमें पकरीबरमा के कौवाकोल और हसुआ के कई गांव हैं। हसुआ में कामरेड लाल नारायण सिंह किसानों को एक कर रहे थे। तो पकरीबरमा और वारिसलीगंज में कामरेड स्वर्गीय सियाराम शर्मा सत्याग्रही के रूप में किसान जागरण का शंख बजा कर किसानों को जगाने का काम किया। अंत में स्वामी सहजानंद सरस्वती के द्वारा चलाए जा रहे किसान आंदोलन से परेशान जमींदारो ने हार स्वीकार कर किसानों की नीलाम जमीन को मुक्त कर दिया।

स्वामी सहजानंद के प्रति आस्थावान साहित्यकार

स्वामी सहजानंद सरस्वती ने सर्वप्रथम 1927 से 28 में पटना जिला किसान सभा का गठन किया। 1929 सोनपुर हर्-रद्वार क्षेत्र मेला के समय बिहार प्रदेश किसान सभा का गठन किया 1936 में राष्ट्रीय किसान सभा का गठन किया गया। इस कालखंड में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर तक किसान संघर्ष और किसान सत्याग्रह में साहित्यकारों ने कलम के साथ कुदाल भी चलाया था। देश पर प्रसिद्ध रेवरा और बड़हरिया टाल सत्याग्रह में कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी और पंडित राहुल सांकृत्यायन ने किसानों के साथ हल भी चलाया था। राष्ट्रीय स्तर पर राहुल सांकृत्यायन ने अमवारी सिवान में सत्याग्रह का नेतृत्व किया था। उसी दौरान नए पुस्तक की रचना की जो किसान सभा और किसानों से जुड़ा था। वही महाश्वेता देवी कोकिला बांग्लादेश में किसान सत्याग्रह का नेतृत्व किया था। रामवृक्ष बेनीपुरी उत्तर बिहार में किसान आंदोलन को गति देने में लगे थे। इसी दौरान गेहूं और गुलाब नामक पुस्तक की रचना कर किसानों को जगाने का काम किया था। घुमक्कड़ कवि नागार्जुन अंबारी में किसान सत्याग्रह का नेतृत्व किया। सत्य गुप्ता हजारीबाग के आसपास के किसानों को जागृत की और हुंकार नाम पुस्तक की रचना की। पंडित राम दयाल पांडे ने पटना जिला किसान सभा को गति दी। जनता नायक किसान आंदोलन का सहयोगी पत्रिका के उप संपादक के रूप में काम किया। फणीश्वर नाथ रेणु ने पूर्णिया के आसपास के किसानों को जगाया और मैला आंचल पुस्तक लिखे जिसमे किसानों के दर्द को स्थान दिया। प्रभाकर मायवे ने वागपत उत्तर प्रदेश में किसान जागरण का शंखनाद किया। तो मुल्क राज आनंद ने त्रिपुरा में, पंडित पदम सिंह शर्मा ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में किसानों को किसान सभा से जोड़ा। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने बेगूसराय के आसपास के किसानों को अपने हक के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया। स्वामी सरस्वती के लेख किसान बुलेटिन, दिल्ली, बीरबल, लखनऊ संघर्ष लखनऊ विशाल, भारत कहकशा ,जनता हुंकार, लोक संग्रह पत्रिका में प्रकाशित होता था। विशाल भारत के संपादक बुद्धदेव शर्मा विपर्ल ने संपादन यशपाल, संघर्ष के संपादन नगेद्र देव और जनता के संपादक मंडल में लोकनायक जयप्रकाश नारायण थे।

**मगही कवियों ने रचे गीत किया था जय घोष**

स्वामी जी के नेतृत्व में किसान सभा का गठन सर्वप्रथम मगध पटना जिला में हुआ था। किसान सभा जो किसान संघर्ष के साथ मगही भाषा के कवियों ने अपने को जोड़ा और जमीनदारी जुल्म के खिलाफ प्रतिरोध में गीत गाए। कदुआ खइला कोहड़ा खइला खैयला झींगा झोर। बाबू बाराहिल जी अब नए देवो छप्पर के परोर। एजी गोमस्ता जी अब नहीं देवो छप्पर के परोर। जादे करवा तब हथवा देवो मरोड़।

जो अन्य वस्त्र उपजाएगा,
अब वही कानून बनाएगा।
भारतवर्ष उसी का है
अब शासन वही चलाएगा।

स्वामी सहजानंद सरस्वती दिल, दिमाग, और हाथ में संतुलन के पैरोकार थे। अर्थात उनके साहित्य में दिल की करुणा, दिमाग की तर्क शीलता और हाथ की कर्म निष्ठा सभी का संतुलन मिलता है। इस संतुलन के मूल की स्थिति है जन्मजात विद्रोही आत्मा जो कहीं स्थित नहीं रहने दी थी। वे सन्यासी थे मगर रूढ़िवादी नहीं। किसान थे मगर भाग्यवादी नहीं। विद्वान थे मगर मात्र प्रवचन वादी नहीं। लेखक थे मगर उनका लेखन स्वत सुखाय कि नहीं लोक हिताय, बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय उनके मंत्र हैं।

# सीताराम चतुर्वेदी

पंडित सीताराम चतुर्वेदी (जन्म- 27 जनवरी, 1907 ; मृत्यु- 17 फरवरी, 2005) हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार और पत्रकार थे। इन्होंने ह्यहनुमत चरितह्ल पर सर्वप्रथम मौलिक कृति की रचना की थी। ह्यकालिदास ग्रंथावलीह्ल सीताराम चतुर्वेदी का एक अनूठा एवं साहसिक प्रयास था। वर्ष 1933 से 1938 तक ये 'सनातन धर्म' के सम्पादक एवं मदनमोहन मालवीय के निजी सचिव रहे थे। सीताराम चतुर्वेदी जी ने 250 से भी अधिक ग्रंथों की रचना की थी।

**जन्म तथा शिक्षा**

पण्डित सीताराम चतुर्वेदी का जन्म 27 फरवरी, 1907 को 'छोटी पियरी', वाराणसी (भूतपूर्व काशी) में हुआ था। इनके पिता पं. भीमसेन 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के प्राच्य विद्या एवं पौरोहित्य विभाग के अध्यक्ष थे। इन्हेंने मुजफ्फरनगर से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' से हिन्दी, संस्कृत, पालि तथा प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति में स्नातकोत्तर तथा बी.टी., एल.एल.बी., साहित्याचार्य की उपाधि हासिल की। ये हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, पालि, प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषा एवं ब्राह्मी, खरोष्ठी आदि प्राचीन भारतीय लिपियों के भी ये जानकार थे।[1]

**विभिन्न पदों पर कार्य**

सीताराम जी ने 'सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल' तथा 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' में 1932-1938 तक अध्यापन कार्य किया और साथ ही प्राध्यापक भी रहे। पण्डित सीताराम चतुर्वेदी 1932-1934 तथा 1952-1953 तक 'भगवानदीन साहित्य विद्यालय', काशी के आचार्य, 'टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज', 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय', काशी के संस्थापक अध्यक्ष (1942-1944), 'सतीशचन्द्र कॉलेज', बलिया के प्राचार्य (1948-1949), 'टाउन डिग्री कॉलेज', बलिया के प्राचार्य (1957 से 1968) तथा 'बिनानी विद्या मन्दिर', कलकत्ता के निदेशक (1962-1964) भी रहे थे।

**सम्पादन व लेखन**

पण्डित सीताराम जी ने 1927-1928 में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' से प्रकाशित होने वाले ह्यडॉन अंग्रेजी पत्र का सम्पादन किया था। इसके पश्चात 1930-1932 में भूमिगत समाचार पत्र रणभेरी, ह्यशंखनादह्ल का संपादन व लेखन तथा 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' से प्रकाशित साप्ताहिक ह्यसनातन धर्मह्ल का संपादन किया। सन 1947-1949 तक बम्बई से ह्यभारत विद्याह्ल, 1948 में 'प्रतिभा' (मासिक), 1949 में ह्यसंग्रामह्ल (साप्ताहिक) एवं काशी से मासिक पत्र 'वासंती' (1955-1959) तथा कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) के 'संकल्प' का 1962-1963 में सम्पादन किया।[1]

**कृतियाँ**

पण्डित सीताराम चतुर्वेदी ने शिक्षा, साहित्य, दर्शन, इतिहास योग, राजनीति आदि लगभग सभी क्षेत्रों में 214 ग्रंथ एवं 85 नाटक-नाटिकाओं का लेखन व मंचन किया। इनकी प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार हैं-

# वासुदेव बलवन्त फड़के

वासुदेव बलवन्त फड़के (अंग्रेजी:श्२४ीं५ इ'६ल्ल३ ढँी, जन्म- 4 नवम्बर, 1845 ई. 'महाराष्ट्र' तथा मृत्यु- 17 फरवरी, 1883 ई. 'अदन') ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह का संगठन करने वाले भारत के प्रथम क्रान्तिकारी थे। वासुदेव बलवन्त फड़के का जन्म महाराष्ट्र के रायगड ज़िले के 'शिरढोणे' नामक गांव में हुआ था। फड़के ने 1857 ई. की प्रथम संगठित महाक्रांति की विफलता के बाद आजादी के महासमर की पहली चिंनगारी जलायी थी। देश के लिए अपनी सेवाएँ देते हुए 1879 ई. में फड़के अंग्रेजों द्वारा पकड़ लिये गए और आजन्म कारावास की सजा देकर इन्हें अदन भेज दिया गया। यहाँ पर फड़के को कड़ी शारीरिक यातनाएँ दी गईं। इसी के फलस्वरूप 1883 ई. को इनकी मृत्यु हो गई।

**परिचय**

वासुदेव बलवन्त फड़के बड़े तेजस्वी और स्वस्थ शरीर के बालक थे। उन्हें वनों और पर्वतों में घूमने का बड़ा शौक था। कल्याण और पूना में उनकी शिक्षा हुई। फड़के के पिता चाहते थे कि वह एक व्यापारी की दुकान पर दस रुपए मासिक वेतन की नौकरी कर लें और पढ़ाई छोड़ दें। लेकिन फड़के ने यह बात नहीं मानी और मुम्बई आ गए। वहाँ पर जी.आर.पी. में बीस रुपए मासिक की नौकरी करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी। 28 वर्ष की आयु में फड़के की पहली पत्नी का निधन हो जाने के कारण इनका दूसरा विवाह किया गया।

**व्यावसायिक जीवन**

विद्यार्थी जीवन में ही वासुदेव बलवन्त फड़के 1857 ई. की विफल क्रान्ति के समाचारों से परिचित हो चुके थे। शिक्षा पूरी करके फड़के ने 'ग्रेट इंडियन पेनिंसुला रेलवे' और 'मिलिट्री फाइनेंस डिपार्टमेंट', पूना में नौकरी की। उन्होंने जंगल में एक व्यायामशाला बनाई, जहाँ ज्योतिबा फुले भी उनके साथी थे। यहाँ लोगों को शस्त्र चलाने का भी अभ्यास कराया जाता था। लोकमान्य तिलक ने भी वहाँ शस्त्र चलाना सीखा था।

**गोविन्द रानाडे का प्रभाव**

1857 की क्रान्ति के दमन के बाद देश में धीरे-धीरे नई जागृति आई और विभिन्न क्षेत्रों में संगठन बनने लगे। इन्हीं में एक संस्था पूना की 'सार्वजनिक सभा' थी। इस सभा के तत्वावधान में हुई एक मीटिंग में 1870 ई. में महादेव गोविन्द रानाडे ने एक भाषण दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अंग्रेज किस प्रकार भारत की आर्थिक लूट कर रहे हैं। इस-ाका फड़के पर बड़ा प्रभाव पड़ा। वे नौकरी करते हुए भी छुट्टी के दिनों में गांव-गांव घूमकर लोगों में इस लूट के विरोध में प्रचार करते रहे।

**माता की मृत्यु**

1871 ई. में एक दिन सायंकाल वासुदेव बलवन्त फड़के कुछ गंभीर विचार में बैठे थे। तभी उनकी माताजी की तीव्र अस्वस्थता का तार उनको मिला। इसमें लिखा था कि 'वासु' (वासुदेव बलवन्त फड़के) तुम शीघ्र ही घर आ जाओ, नहीं तो माँ के दर्शन भी शायद न हो सकेंगे। इस वेदनापूर्ण तार को पढ़कर अतीत की स्मृतियाँ फड़के के मानस पटल पर आ गयीं और तार लेकर वे अंग्रेज अधिकारी के पास अवकाश का प्रार्थना-पत्र देने के लिए गए। किन्तु अंग्रेज तो भारतीयों को अपमानित करने के लिए सतत प्रयासरत रहते थे। उस अंग्रेज अधिकारी ने अवकाश नहीं दिया, लेकिन वासुदेव बलवन्त फड़के दूसरे दिन अपने गांव चले आए। गांव आने पर वासुदेव पर वज्राघात हुआ। जब उन्होंने देखा कि उनका मुंह देखे बिना ही तड़पते हुए उनकी ममतामयी माँ चल बसी हैं। उन्होंने पांव छूकर रोते हुए माता से क्षमा मांगी, किन्तु अंग्रेजी शासन के दुव्यर्वहार से उनका हृदय द्रवित हो उठा।

**सेना का संगठन**

इस घटना के वासुदेव फड़के ने नौकरी छोड़ दी और विदेशियों के विरुद्ध क्रान्ति की तैयारी करने लगे। उन्हें देशी नरेशों से कोई सहायता नहीं मिली तो फड़के ने शिवाजी का मार्ग अपनाकर आदिवासियों की सेना संगठित करने की कोशिश प्रारम्भ कर दी। उन्होंने फरवरी 1879 में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की घोषणा कर दी। धन-संग्रह के लिए धनिकों के यहाँ डाके भी डाले। उन्होंने पूरे महाराष्ट्र में घूम-घूमकर नवयुवकों से विचार-विमर्श किया, और उन्हें संगठित करने का प्रयास किया। किन्तु उन्हें नवयुवकों के व्यवहार से आशा की कोई किरण नहीं दिखायी पड़ी। कुछ दिनों बाद 'गोविन्द राव दावरे' तथा कुछ अन्य युवक उनके साथ खड़े हो गए। फिर भी कोई शक्तिशाली संगठन खड़ा होता नहीं दिखायी दिया। तब उन्होंने वनवासी जातियों की ओर नजर उठायी और सोचा आखिर भगवान श्रीराम ने भी तो वानरों और वनवासी समूहों को संगठित करके लंका पर विजय पायी थी। महा-राणा प्रताप ने भी इन्हीं वनवासियों को ही संगठित करके अकबर को नाकों चने चबवा दिए थे। शिवाजी ने भी इन्हीं वनवासियों को स्वाभिमान की प्रेरणा देकर औरंगजेब को हिला दिया था।

**ईनाम की घोषणा**

महाराष्ट्र के सात ज़िलों में वासुदेव फड़के की सेना का जबर्दस्त प्रभाव फैल चुका था। अंग्रेज अफसर डर गए थे। इस कारण एक दिन मंत्रणा

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## मशकरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, एक महिला जखमी

दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर

औरंगाबाद (बिहार) :- जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के मशकरा गांव में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई जिसमें एक महिला जख्मी हो गई जिसे इलाज हेतु मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया जा रहा है जख्मी महिला की पहचान आजन गांव निवासी बिरजू कुमार के 27 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी के रूप में किया गया है इलाजरत महिला ने बताया की सरकार के द्वारा हमारे पिता को जमीन का पर्चा दिया गया था उसी जमीन पर आजन चट्टी पर निवासी पुनर भुइया के द्वारा जबरस्ती कब्जा किया जा रहा है जिसे रोकने गए तो हमारे साथ मारपीट कर सर फोड़ दिया है

## धनंजय सेवा सदन का पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर

औरंगाबाद (बिहार) :- जिले के मदनपुर प्रखंड के खिरियावां मोड़ से रफीगंज जाने वाली पथ के बेरी कलाली चौक समीप दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक नीचे धनन्जय सेवा सदन का गुरुवार को ओबरा विधानसभा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश ,पूर्व जिला पार्षद प्रफुल सिंह,पैक्स अध्यक्ष रमेश सिंह,पंचायत समिति सदस्य अभिनव कुमार उर्फ गोलू,उपेन्द्र यादव,आप पार्टी के युवा के प्रखंड अध्यक्ष अभय कुमार शिकारी, शिक्षा सेवक के संयोजक राम केवल रजक,प्रखंड अध्यक्ष श्री राम,जिला मीडिया प्रभारी उदय कुमार शिकारी,डॉक्टर धंनजय कुमार, राजेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उससे पहले विधिवत मंत्रों उच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया गया।इस दौरान सोम प्रकाश ने कहा क्लीनिक खोलने से आम लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधा दी जाएगी।इस दौरान राम सूचित रजक,श्याम रजक रूपन राम,गजेन्द्र ठाकुर,काजल कुमारी,कविता देवी,शोभा कुमारी,सुमन देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मदनपुर पुलिस ने एक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर

औरंगाबाद (बिहार) :- जिले के मदनपुर थाना के पुलिस थाना क्षेत्र के नगमतिया गांव से एक पियक्कड़ को धर दबोचा है थानाध्यक्ष शशी कुमार राणा ने बताया की गुप्त सूचना के एक व्यक्ति शराब पीकर हो हल्ला कर रहा है तभी थाना के एसआई कन्हाई सिंह के द्वारा उसे गिरफ्तार कि या गया है गिरफ्त में आए शराबी की झारखंड के पलामू जिला के ग्राम पिपरा निवासी राधे भुइयां के पुत्र मुन्नी कुमार के रूप में किया गया है

## हसपुरा प्रखंड में किसानों से धान की अधिप्राप्ति कम हुआ

दैनिक समाज जागरण ,प्रेम कुमार प्रखंड संवादाता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार) हसपुरा प्रखंड में किसानों से धान अधिप्राप्ति का समय बुधवार को समाप्त हो गया है। प्रखंड में कुल 14 पैक्स और एक व्यापार मंडल मिलकर कुल 15 हजार 235 मीट्रिक टन धान की खरीद किया गया है। जो लक्ष्य से 20 फीसदी कम है। प्रखंड को धान खरीद के लिए 19 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था।जो इस बार हुए उपज के विरुद्ध बहुत कम है फिर भी धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका।इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि पैक्सों को मिलिंग करवाकर एफसीआई को चावल देना था लेकिन इसबार उसना चावल ही देना था जिसके कारण पैक्स को मिलने वाला सीसी का रोटेशन नहीं हो पाया। हर पैक्स को लक्ष्य का 60 फीसदी सीसी मिला

था। रोटेशन करने वाले पैक्स को 70 फीसदी तक क्रेडिट मिला था। वहीं अधिकतर पैक्स में खरीदारी के अंतिम तिथि के दस दिन पहले खरीद बंद कर दिया था। अंतिम तिथि तक व्यापार मंडल, डिंडीर, कोइलवां, अमझर शरीफ, अहियापुर पैक्स में ही धान की खरीद हो पाया था। प्रखंड में 16 हजार से ज्यादा किसान धान की खेती करते है लेकिन धान की खरीदारी मात्र 1816 किसानों से ही किया गया।ऐसे में अधिकांश किसान अपना धान बिचौलियों से बेचने को मजबूर है। धान की खरीदारी में सोनहथु पैक्स में सबसे ज्यादा खरीदारी हुआ जबकि सबसे ज्यादा व्यापार मंडल में खरीदारी हुआ है।पैक्स अध्यक्ष संजीत शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा पिछले वर्ष के खरीदारी के आधार पर लक्ष्य निर्धारित किया जबकि लक्ष्य का निर्धारण उपज के आधार पर करना चाहिए। लक्ष्य बढ़ना चाहिये।

## गया जिले के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े युवक के बैग से फतेहपुर पुलिस ने 78 बोतल केन बियर के साथ एक युवक को पकड़ा : एसएसपी

समाज जागरण, राकेश कुमार मिश्रा सहायक प्रभारी सह ब्यूरो चीफ गया।

गया (बिहार) पुलिस ने अवैध शराब के विशेष छापामारी अभियान के दौरान गुप्त सूचना पर 78 बोतल दो ब्रांड की कैन बियर के साथ एक युवक को पकड़ा है। इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फतेहपुर थाना अंतर्गत पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के बाहर बैग में शराब लेकर एक युवक खड़ा हैं,जिसके आलोक में सूचना के सत्यापन के लिए कर्रवाई का निर्देश दिया गया, उसके बाद जब पुलिस पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर बैग लेकर भागने की कोशिश करने लगा,

जिसके बाद उसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। युवक के पास रहे बैग को जब तलाशी ली गई तो उसमें 78 बोतल केन बियर शराब पाया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम करण चौधरी, पिता ब्रह्मदेव चौधरी, गांव हवाकुराहा, थाना-फतेहपुर, जिला गया बताया। जिसके बाद फतेहपुर थाना कांड संख्या 142/23 दर्ज कर युवक को जेल भेजा गया है।

## शिवरात्रि महापर्व के अवसर पर एक दिवसीय अखंड कीर्तन का किया जाएगा आयोजन- अरविंद पासवान

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

औरंगाबाद( बिहार)- 16 फरवरी 2023- बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत रजवारा सिंचाई कॉलोनी में शिवरात्रि महापर्व के अवसर पर रजवाड़ा ग्रामीणों द्वारा एक दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा . इस संबंध में रजवारा ग्राम -निवासी अरविंद पासवान ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आगामी 18 फरवरी2023 को शिवरात्रि महापर्व के अवसर पर एक दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन विद्वान पंडितों एवं वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम किया जाएगा . उन्होंने आगे कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सह वरिष्ठ नागरिक काशीनाथ पासी, विजय कुमार एवं विश्वनाथ आनंद होंगे . उन्होंने आगे कहा कि अखंड कीर्तन कराने का मुख्य उद्देश्य है कि रजवारा गांव के अरविंद कुमार ,गुड्डू कुमार ,जयप्रकाश, व योगेंद्र प्रसाद का मनोकामना ईश्वर की कृपा से पूर्ण हुआ है. गांव घरों में शांति का माहौल कायम हुआ, सत्य की विजय हुई. जिसके उपलक्ष में एक दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन रजवारा ग्रामीणों द्वारा करने का निर्णय लिया गया . इस कार्यक्रम का संचालन कर्ता के रूप में अरविंद कुमार ,गुड्डू कुमार, जयप्रकाश ,योगेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है .

## नंद महोत्सव में बालकृष्ण को देख झूमे भक्त

समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) रमण बिहारी नर नारायण गौ सेवा ट्रस्ट (वृंदावन धाम) के तत्वाधान में कुटुंबा गोवास स्थित श्री बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार की रात्रि संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा के अमृत वर्षा के दौरान पगड़ी वाले बाबा ने बताया की भगवान को पाने की कोई उम्र सीमा नहीं होती है। मात्र सात वर्ष की अवस्था में ध्रुव जी ने भगवान को पाया। क्योंकि भगवान को धन, बल, ज्ञान, वैराग्य से नहीं केवल प्रेम से पाया जा सकता है। भक्त प्रह्लाद ने भी भगवान को प्रेम से ही पाया था। प्रह्लाद का अर्थ होता है विश्वास।

भगवान तो भाव के भूखे हैं । बाबा ने भगवान बामन चरित्र की कथा का प्रसंग कहते हुए बताया कि जिस नारायण और लक्ष्मी के द्वार पर सारा संसार मांगने के लिए पहुंचता है, वही नारायण और माता लक्ष्मी राजा बलि के घर मांगने के लिए पहुंचे थे। महाराज जी ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर सभी भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। बामन भगवान और कृष्ण के बाल रूप की झांकी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसे देखकर हजारों की संख्या में उपस्थित भक्त झूमने लगें। इस दौरान बड़े ही धूमधाम से नंद महोत्सव मनाया गया।

## टनाका देसी शराब के 149 बोतल जब्त, तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) नेशनल हाईवे 139 पर गस्ती के दौरान कुटुंबा थाने की पुलिस ने बुधवार को 149 बोतल टनाका देसी शराब जब्त किया। यह कार्यवाही ए एस आई विजेंद्र सिंह ने की। उन्होंने बताया कि तस्कर होंडा शाइन बाइक पर शराब लादकर हरिहरगंज से अम्बा की तरफ आ रहा था। पोला लाइन होटल के पास गश्ती कर रही पुलिस ने तस्कर को दबोच लिया। तस्कर की पहचान बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर गांव निवासी गुड्डू कुमार तथा जम्होर गांव निवासी जीतू सिंह के रूप में हुई है। शराब को जप्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त घटना स्थल पर बुधवार की रात्रि आठ बजे एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान संढ़ईल गांव निवासी नवदीप कुमार सिंह, रवि सिंह, मनु सिंह तथा मदनपुर के कुशहा गांव निवासी अभिषेक कुमार एवं अजीत यादव के रूप में हुई है।

## मुखिया अजहर आलम ने किया 15 लाख रुपए की योजनाओं का शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ

गया (बिहार) गुरुआ प्रखंड के रघुनाथ खाप पंचायत में विकास कार्य काफी तेज हो गया है। गुरुवार को रघुनाथ खाप पंचायत के मुखिया अजहर आलम में अपने पंचायत के अलग-अलग गांव में पंद्रहवीं वित्त की करीब 15 लाख रुपए की लागत से विकास योजनाओं का शुभारंभ किया है। इससे रघुनाथ खाप पंचायत के ग्रामीण काफी उत्साहित हो रहे हैं। मुखिया अजहर आलम ने बताया कि भूरहा में एवं एरुर में छह लाख रुपए की लागत से शवदाह गृह निर्माण कार्य शुरू किया गया है। वहीं नेमाबिगहा एवं पिरवां गांव में नौ लाख रुपए की लागत से ढ़क्कन युक्त नाली निर्माण कार्य की शुभारंभ करने के बाद उसकी निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इसके बाद गर्मी की मौसम शुरू होने से पहले रघुनाथ खाप पंचायत में खराब पड़े नल-जल योजना की मरम्मत कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

## कार के बोनट के अंदर छुपा कर रखी गई शराब बरामद

समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) अंबा थाने की पुलिस ने बुधवार की शाम मछली मार्केट के पास होंडा जैज कार रजिस्ट्रेशन नंबर BR26R 9159 से पांच बोतल अंग्रेजी शराब तथा एक

बोतल केन बियर बरामद किया। यह कार्यवाही अनंत कुमार ने की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर शराब लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही वाहन जांच एवं गस्ती बढ़ा दी गई और शराब समेत तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। वाहन जांच के क्रम में बोनट के अंदर छुपा कर रखी गई शराब बरामद हुई। तस्कर की पहचान गोह के पुंदौल निवासी रामेश्वर कुमार, गोह के मिरपुरा निवासी रामशरण यादव उर्फ रामप्रवेश यादव तथा बिहटा निवासी अभय कुमार उर्फ मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। शराब एवं कार को जब्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फरार चार वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल।

समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार बुधवार की रात्रि विशेष समकालीन अभियान के तहत गोह थाना पुलिस ने फाग पंचायत के पाली गांव में छापामारी कर उदय यादव ,रविंद्र यादव, रंजन कुमार उर्फ रंजय यादव एवं राम विनय यादव को गिरफ्तार कर गोह थाना लाया गया है।थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि वारंटी के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था और बहुत दिनों से फरार चल रहा था।जिसे गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दी है।

## 45 लीटर देशी महुआ शराब हुआ बरामद।

समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत चलाए जा रहे विषेश अभियान में बंदेया थाना पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना मिलने पर चपरा गांव के बधार से उजला प्लास्टिक की बोरा में रखा 45 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष रामायण कुमार ने बताया कि चपरा गांव से उजला प्लास्टिक की बोरा में रखा 45 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया है । एस आई अरविन्द कुमार के बयान पर कांड संख्या 13/23 दर्ज कर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। शराब के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## विधायक ने किया बैठक मोरहर नदी के शिवमंदिर पर होगा अखंड-कीर्तन

दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ

गया(बिहार) गुरुआ प्रखंड के मोरहर नदी के पश्चिमी छोर पर स्थापित शिवमंदिर पर अखंड-कीर्तन होना है। इसके लिए राजद विधायक विनय कुमार यादव ने कमेटी के साथ एक बैठक किया। जिसका नेतृत्व शेरपुर गांव के युवा समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में 23 फरवरी से लेकर 30 मार्च तक लगातार होने वाली अखंड-कीर्तन को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक विनय कुमार यादव ने बताया कि शिवमंदिर पर बाबा अजीत दास त्यागी जी के नेतृत्व में सवा महीने की जो अखंड-कीर्तन का आयोजन किया गया है इसमें इस इलाके के तमाम धर्म में आस्था रखने वाले लोग भरपूर मदद करेंगे। इस मौके पर गुरुआ पंचायत के मुखिया पति व युवा राजद नेता सुरेंद्र कुमार यादव, चिलोर पंचायत के मुखिया पति रामाशीष प्रजापत, शिक्षक संघ के पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष व प्राथमिक विद्यालय नूरपुर राजोखाप के वरीय शिक्षक अमरेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार यादव, सुनील सिंह, विजय सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## राजकुमार प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सम्मान समारोह में शामिल होंगे शिक्षक

दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ

गया(बिहार) गुरुआ प्रखंड के बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक प्रोजेक्ट विद्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से गया के आईएमए हॉल में 25 फरवरी को आयोजित शिक्षक सम्मान सह संवाद सम्मेलन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व संयुक्त सचिव मुरली पांडेय ने संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा किया। वहीं दूसरी ओर उच्च विद्यालय भरौंधा में भी प्राचार्य संजीव कुमार के नेतृत्व में शिक्षक सम्मान सह संवाद सम्मेलन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जयराम शर्मा, वरीय शिक्षक सच्चिदानंद शाही, वीरेंद्र कुमार, मृणाल झा, संजय शर्मा, सरफराज आलम, तरुण कुमार मौजूद थे।

## हसपुरा के अमझरशरीफ शक्ति केंद्र बूथ कमिटी के गठन हुआ

दैनिक समाज जागरण, प्रेम कुमार ,प्रखंड संवादाता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार) प्रखंड के अमझरशरीफ शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 34 के करण बिगहा में भाजपा कार्यकताओं ने बूथ कमिटी का गठन के लिए संपर्क अभियान चलाया। मौके पर जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा के नेतृत्व में संगठन मजबूत करने के लिए बूथ कमेटी का गठन किया गया। मंडल अध्यक्ष अमन कुशवाहा ,महामंत्री मिंटू शर्मा , निर्भय पाठक ,प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा सहित दर्जनों कार्यकताओं ने केंद्र की विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महामंत्री ने कहा केन्द्र सरकार गांव के अंतिम बसावट तक विकास पहुंचाने के लिए कृतशंकल्पित है। बूथ कमिटी गठन कर शक्ति केन्द्र को मजबूत किया जा रहा है। इसमें युवाओं का रूझान भाजपा की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

## भारत में समाजवाद और उसकी प्रासंगिकता" पुस्तक का लोकार्पण

जयनगर नित्यानंद झा राजू दैनिक समाज जागरण

डी.बी. कॉलेज जयनगर के कॉन्फ्रेंस हॉल में महाविद्यालय के युवा शिक्षाविद्

डॉ. एस. के. सिंह, डॉ अखिलेश कुमार व श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौला के शिक्षाविद् डॉ. मो. जमील हसन अंसारी द्वारा संपादित भारत में समाजवाद और उसकी प्रासंगिकता पुस्तक का लोकार्पण डीबी कालेज प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार ने किया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य डॉ नंद कुमार, डॉ संजय कुमार पासवान, डॉ उमेश प्रसाद सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एस. के. सिंह, डॉ अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ श्याम कृष्ण जी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व शिक्षाविद् उपास्थित रहे।

## प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की बैठक

जयनगर नित्यानंद झा राजू दैनिक समाज जागरण

जयनगर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय ललित कुटीर में कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम निदेशों को अनुपालन करने का संकल्प लेते हुए कहा गया की पार्टी शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर सभी बूथों पर दोस्त को बहाले करेगी. बैठक में प्रदेश डेलिगेट मीना देवी कुशवाहा, मुकेश कुमार सिंह, मोहम्मद चांद, चंद्र शाह, मोहम्मद मुतुर्जा, रविंद्र प्रधान, धनुष लाल, किताबउद्दीन, जमीर मास्टर, प्रदीप पंजियार, मोहम्मद आरिफ रजा, नित्यानंद झा, मेहंदी, मोहम्मद हारून, समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## गया कुरियन बुद्धिस्ट पिलग्रिम के गया जिला आगमन की तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया मगध बिहार( 16 फरवरी 2023-) उप विकास आयुक्त -सह- प्रभारी जिला पदाधिकारी विनोद दुहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में कोरियन बुद्धिस्ट पिलग्रिम के गया जिला आगमन की तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।कोरियन बुद्धिस्ट पिलग्रिम टीम 19 फरवरी से 24 फरवरी तक गुरारू, परैया, मानपुर, मोहरा एवं बोधगया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल परिभ्रमण एवं आवासन कार्यक्रम प्रस्तावित है।* कोरियन बुद्धिस्ट पिलग्रिम टीम 19 फरवरी को गुरारू प्रखंड के परिभ्रमण के पश्चात नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अमवा (गुरारू) में आवासन करेगी, जिसमें लगभग 150 बौद्ध श्रद्धालु सम्मिलित रहेंगे। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी टिकारी तथा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए कि कोरियन बुद्धिस्ट पिलग्रिम टीम के आवासन हेतु पूरी आवश्यक तैयारी कर ले।

जिला पदाधिकारी ने आगे कहा कि 19 फरवरी को रफीगंज होते हुए अमवा के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में विश्राम करेंगे। उसके पश्चात 20 फरवरी को अमवा- गुरारू से कपासिया तक भ्रमण करेंगे। लल्लन स्मारक उत्क्रमित उच्च विद्यालय कपासिया में विश्राम करेंगे। तत्पश्चात 21 फरवरी एवं 22 फरवरी को कपासिया- इटहरी- धनसिरा- अमरबीघा से बोधगया तक पैदल यात्रा करेंगे तथा बोधगया के निजी होटल में विश्राम करेंगे। इसके पश्चात 23 फरवरी को बोधगया- बकरौर - मोरातल- डुंगेश्वरी होते हुए बंधवा- करहरी होते हुए कइया तक पैदल यात्रा करेंगे तथा डीएवी पब्लिक स्कूल मानपुर में विश्राम करेंगे। 24 फरवरी को कइया- भिंडस- मंझौली- गहलोर होते हुए तेतर से राजगीर चले जाएंगे।

जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कोरियन बुद्धिस्ट पिलग्रिम टीम के पैदल यात्रा भ्रमण कार्यक्रम तथा जिन स्थानों पर विश्राम कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति अवश्य करें। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रा के क्रम में आगे एवं पीछे पुलिस एस्कॉर्ट तथा साथ साथ पैदल पुलिस की टीम भी रहेंगे, ताकि विधि व्यवस्था में कोई समस्या ना हो सके।

उन्होंने सिविल सर्जन गया को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के परिभ्रमण कार्यक्रम के साथ एक आतुर वाहन में प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक दल प्रतिनियुक्त रहेंगे तथा विश्राम स्थल में भी चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति रखें। सभी बिंदुओं पर आवश्यकतानुसार एंबुलेंस की भी व्यवस्था रखेंगे।

पैदल यात्रा के दौरान पड़ने वाले विभिन्न क्षेत्रों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के ठहराव, आवासन स्थल तथा पैदल भ्रमण के आसपास के क्षेत्रों में पूरी साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, पेयजल का पुख्ता व्यवस्था एवं पुलिस बल का इंतजाम रखें। इसके साथ ही पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ समुचित साफ-सफाई भी करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि पैदल यात्रा के क्रम में रास्ते अगर कहीं कोई जर्जर है, तो उसे यथासंभव मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें।

अंत में उन्होंने यह भी कहा कि देश-विदेश से टीम जिले में आ रही है। गया जिला का बेहतर छवि प्रस्तुत हो, इसके लिए सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा से कार्य करें। ठहराव स्थल तथा खाली मैदान को पूरी अच्छी तरीके से साफ सफाई करवाये तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी करवाये।

पैदल यात्रा के रास्ते में यात्रियों को कोई कठिनाई का सामना ना करना पड़े, इसके लिए अभी से ही ट्रैफिक प्लान तैयार करें तथा उसे संबंधित क्षेत्र में अनुपालन करवाना सुनिश्चित करें।

## आमस में 850 ग्राम गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता आमस

गया (बिहार) :- जिले के आमस प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुलिस बड़ी कार्रवाई करते हुए 850 ग्राम गांजा के साथ तीन तस्कर को दबोचा है. इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने देते हुए ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरोध सघन छापामारी अभियान के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आमस थाना अंतर्गत बड़े पैमाने पर गांजा बेचा जा रहा है. जिसके आलोक में सूचना प्राप्त होते ही गंभीरता से लेते हुए आमस थाना की पुलिस व अन्य पुलिस बलों के उपस्थिति में छापामारी किया गया। इस दौरान पुलिस बल को देखते ही अपराधी कर्मी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस बल के तत्परता के कारण अवैध 100 ग्राम गांजा के साथ थाना क्षेत्र के महुआवां गांव निवासी पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया. जिसके निशानदेही पर छापामारी कर गांजा के कारोबार में संलिप्त तस्कर आमस निवासी शंभू साव एवं राजेश कुमार को पकड़ा गया। यह तीनों तस्कर आमस थाना क्षेत्र का ही रहने वाला है। पकड़े गए तस्कर से पूछताछ में अपना संलिप्ता को स्वीकारा है और बताया कि बाहर से गांजा खरीद कर लाते हैं और अपने आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई एवं बेचने का काम करते हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से 850 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

जयनगर नित्यानंद झा राजू समाज जागरण

जयनगर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान जयनगर शहीद चौक के पास से 126 बोतल शराब के साथ दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है. जयनगर पुलिस ने एक झोले में नेपाल से 55 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार महिला बासोपट्टी निवासी जगदम्बा देवी बतायी जा रही है. वहीं पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक पर ला रहे 71 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार शराब कारोबारी नेपाल के इनर्बा निवासी अमित कुमार बताया जाता है. थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाने में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेजने की कार्रवाई की जा रही है.

## बीएलटीएफ की बैठक में मिजल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान की सफलता पर चर्चा

अररिया / प्रो. रंजन ठाकुर । मिजिल्स-रूबेला संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण को विभागीय प्रयास जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को अररिया पीएचसी में आयोजित बीएलटीएफ की बैठक में संबंधित मामलों पर विस्तृत चर्चा की गयी। पीएचसी सभागार में आयोजित बैठक में डीआईओ डॉ मोईज, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ शुभान अली, अररिया बीडीओ आशा कुमारी, पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद, सीडीपीओ बीना राम, डीसीएम सौरव कुमार, रमन कुमार, बीएचएम खतीब अहमद, बीसीएम सरवर आलम, बीएएम मनीष कुमार, विक्की कुमार सभी महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य मौजूद थे। आयोजित बैठक में एमआर यानी मिजिल्स रूबेला टीकाकरण से वंचित शत प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण संबंधी रणनीति पर विचार किया गया।

टीकाकरण रोग से बचाव का एकमात्र जरिया

डीआईओ डॉ मोईज ने कहा कि जिले के कुछ प्रखंडों में मिजिल्स-रूबेला का मामला सामने आने के बाद विभागीय स्तर पर से इसे लेकर सतर्कता बरकरार है। टीकाकरण से वंचित बच्चों का सर्वे कराया गया है। शत प्रतिशत सर्वेक्षित बच्चों के टीकाकरण को लेकर विभागीय प्रयास जारी है। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ शुभान अली ने बताया कि मिजिल्स-रूबेला रोग से बचाव का टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है। टीकाकरण का संपूर्ण डोज लेना अनिवार्य है। वर्ष 2023 तक देश को मिजिल्स-रूबेला रोग से

# डाक विभाग वाराणसी परिक्षेत्र में बलिया का जलवा, डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी सम्मानित

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह, समाज जागरण**

बलिया : आजादी का अमृतकाल में डाक विभाग द्वारा 'अमृतपेक्स प्लस' अभियान के अंतर्गत

बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सुकन्या समृद्धि योजना और वित्तीय समावेशन हेतु बचत खाते खोलने का अखिल भारतीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाराणसी परिक्षेत्र की अहम भूमिका रही। वाराणसी परिक्षेत्र में बलिया जनपद का जलवा रहा। डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में डाक कर्मियों और अधिकारियों ने परिक्षेत्र में सर्वाधिक बचत खाता खोलने का कीर्तिमान किया। वाराणसी में आयोजित सम्मान समारोह में बलिया डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी को पूर्व पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सम्मानित किया।

वित्तीय समावेशन हेतु 'एक दिन में एक करोड़' अभियान के अंतर्गत जहाँ सम्पूर्ण भारत में 34.72 लाख खाते खोले गए, वहीं वाराणसी परिक्षेत्र ने 87 हजार खाते खोलकर पूरे देश में 10वां और प्रति डाकघर औसत के आधार पर 5वां स्थान प्राप्त किया। सुकन्या समृद्धि योजना के क्रम में पूरे देश में मात्र दो दिन में 10.89 लाख खाते खोले गए और वाराणसी परिक्षेत्र में लगभग 8 हजार खाते खोले गए। डाक जीवन बीमा दिवस पर 8 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 16 करोड़ से अधिक का लक्ष्य वाराणसी परिक्षेत्र ने प्राप्त किया। इन सब उपलब्धियों के मद्देनजर वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने वाराणसी प्रधान डाकघर के सभागार में आयोजित एक समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया और उनकी हौसला आफजाई की। इस अवसर पर बलिया मंडल के 09 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित हुए बलिया मंडल के अधीक्षक डाकघर संजय त्रिपाठी को 'एक दिन में एक करोड़' बचत खाता अभियान के अंतर्गत सर्वाधिक बचत बैंक खाता खोलने हेतु सम्मानित किया गया। पोस्टमास्टर जनरल द्वारा इस अवसर पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उत्साह और लगन के साथ वित्तीय वर्ष के शेष दिवसों में लक्ष्य प्राप्ति

**-उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले कर्मियों को पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने किया सम्मानित**

**-डाक अधीक्षक, बलिया संजय त्रिपाठी को सर्वाधिक बचत बैंक खाते हेतु मिला सम्मान**

हेतु प्रोत्साहित किया गया। समारोह में स्वागत सम्बोधन सहायक निदेशक राम मिलन, आभार ज्ञापन प्रवर डाक अधीक्षक राजन, संचालन सहायक अधीक्षक अजय कुमार ने किया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक हेमन्त कुमार, डाक अधीक्षक गाजीपुर कृष्ण चन्द्र, डाक अधीक्षक जौनपुर राजेश्वर प्रसाद, डाक अधीक्षक बलिया संजय त्रिपाठी सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बलिया के इन अधिकारी कर्मचारियों को भी किया गया सम्मानित

वाराणसी में आयोजित सम्मान समारोह में डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी के साथ ही सहायक अधीक्षक, रसड़ा पीके पाठक, डाक निरीक्षक, केन्द्रीय बलिया रविन्द्र कुमार साह, पोस्टमास्टर बलिया प्रधान डाकघर अबुल कलाम खान, पोस्टमास्टर रसड़ा प्रधान डाकघर अक्षय कुमार, डाक जीवन बीमा विकास अधिकारी आशीष कुमार, ब्रांच पोस्टमास्टर हल्दी रामपुर डाकघर शशांक नाथ, ब्रांच पोस्टमास्टर कठारिया डाकघर, चितबड़ागाँव रामसेवक सिंह, ब्रांच पोस्टमास्टर रामगढ़ डाकघर,कोरंटाडीह प्रत्यय राय को भी पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सम्मानित किया।

# वित्तिय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन एफपीओ कार्यालय नरही पर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अग्रणी जिला प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सोहाव नारायण फार्मर डेयरी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) नरही स्थित कार्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिजर्व बैंक के एजीएम नेत्र सिंह दुग्ताल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से कहा कि कभी भी वित्तीय लेनदेन करते समय सावधानी बरतें जिससे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। किसी को भी मोबाइल फोन पर ओटीपी साझा करने से पहले पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस दौरान नाबार्ड के डीडीएम मोहित यादव ने बताया कि बैंकों से किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर रिजर्व बैंक के टोल फ्री नंबर 14448 पर अपनी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। साथ ही उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। एफएलसीसी के निदेशक अनिल कुमार शुक्ल ने सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। आर सेट्टी के फैकेल्टी इंचार्ज शिव सहाय ने अपने संस्थान में चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे यहाँ सभी प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान डीडीएम नाबार्ड ने सभी अतिथियों को नाबार्ड द्वारा संचालित इस डेयरी एफपीओ की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। कार्यकम का संचालन माँ सुरसरी सेवा संस्थान के सचिव डॉ सुधीर कुमार सिंह ने किया। अध्यक्षता एफपीओ के डायरेक्टर नमोनारायण राय ने किया। कार्यक्रम के अंत में एफपीओ के सीईओ वैभव नारायण राय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एलडीएम कार्यालय के रोहित कुमार, सेवा सदन स्कूल कथरिया के एकेडमिक इंचार्ज राजनारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वंदना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के छात्रों को नम आंखों से दी गई विदाई

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : सिकंदरपुर क्षेत्र के रहिलापाली स्थित वंदना एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिकंदरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय यादव व विशिष्ट अतिथि शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरुप जी महाराज, एसडीएम सिकंदरपुर अखिलेश यादव व क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में हर बाधाओं को पार कर अपने मकसद में सफल होने की कामना करते हुए कहा कि वंदना कोचिंग वेलफेयर सोसाइटी जिस तरह गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए काम कर रही है यह अपने आप में बहुत ही काबिले तारीफ है, उन्होंने कहा कि इस कोचिंग संस्थान के भविष्य में किसी भी प्रकार की अगर सहायता की जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए सदैव तत्पर हूं वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि छात्र-छात्राओं की कभी विदाई नहीं होती बल्कि आगे आने वाले जीवन में समाज के प्रति और ज्यादा संस्कारवान अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रक्रिया है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को भावी भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने हाथों से लगभग 200 बच्चों को परीक्षा पैड, समय सारणी और मेडल देकर विदा किया। इस अवसर पर सतेन्द्र राजभर, जयराम पाण्डेय, डॉ आशुतोष गुप्ता, कौशल श्रीवास्तव, संजय जयसवाल, प्रयाग चौहान, आकाश तिवारी, विनीत पांडेय, सोभन राजभर, राजू तुरैहा, सुशील कुमार प्राथमिक शिक्षक संघ व नगर अध्यक्ष, केके सर नोडल अधिकारी, ऐडवोकेट जितेश सोनी, सोनू गुप्ता, ई.अजय देवग्रवाल, मनोज कुमार, रंजीत कुमार, सोनू पाठक, मन्नू भाई आदि मौजूद रहे। अंत में कोचिंग के अध्यापक सनोज कुमार, अजीत सर, विनोद कुमार, गुलशन जहां ने सभी बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार जताया।

### थाना प्रभारी और नगर चौकी इंचार्ज अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

ऋतुराज तिवारी बिन्दु, समाज जागरण

रेवती (बलिया) : अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करने वाले रेवती थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र

सिंह एवं गोपाल नगर चौकी इंचार्ज एसआई धर्मेंद्र दत्त को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

गृह मंत्रालय ने पुलिस बलों के लिए उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए पुलिसकर्मियों के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक और अति उत्कृष्ट सेवा पदकों की शुरूआत की है। यह पुरस्कार 15 वर्ष और 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले पुलिस कर्मियों को ही दिया जाता है। 15 वर्ष की सेवा वाले कार्मिक उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए पात्र हैं, जबकि 25 वर्ष की सेवा के स्वच्छ रिकॉर्ड वाले पुलिस कर्मी अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए पात्र होते हैं। ये पुरस्कार दोनों श्रेणियों के लिए सभी रैंक के अधिकारियों को दिए जाते हैं। प्रत्येक रैंक के लिए गठित समिति द्वारा उनके उनके द्वारा किए गए कार्यो का आकलन करने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाता है। रेवती थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह एवं एसआई धर्मेंद्र दत्त को उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है। रेवती थाने का अधिकारी को मिले उत्कृष्ट सेवा पदक से रेवती थाने के पुलिस कर्मियों में हर्ष व्याप्त है।

# वृद्धाश्रम गड़वार में किया गया विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र पाल राणा द्वारा वृद्धाश्रम गड़वार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा द्वारा आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली गयी। वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके साथ-ही वृद्धाश्रम गड़वार, बलिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें वृद्धजनों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनो के अधिकारो, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन (विधवा पेंशन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और आयकर तक में छूट दी जा रही है। सचिव द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एक कल्याणकारी योजना है इसका लाभ उठायें। इस योजना के तहत कोविड-19 में अनाथ हुये बच्चों की शिक्षा, आवास, शादी व रोजगार प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस दौरान अधीक्षक घनश्याम सिंह, नन्दजी गुप्ता लेखाकार, समस्त कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

# विद्युत करंट लगने से युवती की मौत

**विवेक राय, समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : स्थानीय गांव में करंट लगने से युवती की मौत हो गई। करंट उसे कपड़ा प्रेस करते समय लगा।

नरहीं गांव निवासी शिवमुनि राम की पुत्री काजल 17 वर्ष बृहस्पतिवार को अपने घर में बिजली वाले प्रेस से कपड़ा प्रेस कर रही थी कि अचानक प्रेस में करंट लगने से छटपटाने लगी इसके बाद परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।शव को परिजन घर लेकर चले आए। काजल कक्षा 11 में पढ़ रही थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

# बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन दो मुन्ना भाई चढे पुलिस के हत्थे

***परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के दौरान हो रही प्रवेश पत्र चेकिंग में मिले कली परीक्षार्थी***

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा नकल विहीन कराए जाने को लेकर सरकार कटिबद्ध है। नकल करने कराने को संज्ञेय अपराध घोषित किया भी गया है। गुरुवार को परीक्षा के पहले दिन ही दो मुन्ना भाई पकड़ में गए। दोनों को सहतवार पुलिस ने गिरफ्तार किया।

बोर्ड की परीक्षा के दौरान गोल्डेन पब्लिक स्कूल पकहाँ बिनहा में संचालित की जा रही थी परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र मिलान व फोटो चेकिंग के समय अभियुक्त अंकित कुमार प्रसाद पुत्र स्वामीनाथ प्रसाद निवासी कुसौरी खुर्द थाना सहतवार को दूसरे विद्यार्थी की परीक्षा देते हुए पकड़ा गया।

चैनराम बाबा इण्टर कालेज कस्बा सहतवार में संचालित की जा रही परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र मिलान व फोटो चेकिंग के समय अभियुक्त दीपू कुमार चौहान पुत्र चन्द्रिका चौहान निवासी कुसौरी खुर्द थाना सहतवार को अपने भाई की परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। दोनों मुन्ना भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।

# पुलिस कर्मियों को खिलाई गयी फाइलेरिया रोधी दवा

***-फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों ने किया फायलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग***

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सर्वजन दवा सेवन अभियान में फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों की मदद से गुरुवार को थाना पकड़ी के प्रभारी निरीक्षक शत्रुघ्न कुमार

के नेतृत्व में 100 पुलिस कर्मियों को उम्र व वजन के अनुसार फाइलेरिया से बचाव के लिए डीईसी और एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाई गई।

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि फाइलेरिया रोग के दुष्परिणाम 5 से 15 साल बाद दिखते हैं। शुरू में इसके कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया ग्रस्त व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है। जब यही मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो फाइलेरिया के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया ग्रस्त कर देते हैं। इस बीमारी से हाथ, पैर, स्तन और अंडकोष में सूजन पैदा हो जाती है। सूजन से फाइलेरिया प्रभावित अंग भारी हो जाता है और दिव्यांगता जैसी स्थिति बन जाती है। प्रभावित व्यक्ति का जीवन अत्यंत कष्टदायक हो जाता है। यह एक लाइलाज बीमारी है` इस बीमारी से बचाव के लिए वर्ष में एक बार पांच साल तक दवा खाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनपद में 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का एमडीए राउंड चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी और एल्बेंडाजॉल की निर्धारित खुराक अपने सामने खिला रही हैं। यह दवा किसी भी स्थिति में वितरित नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। पेशाब में सफेद रंग के द्रव्य का जाना जिसे काईलूरिया भी कहते हैं जो फाइलेरिया का ही एक लक्षण है। इसके प्रभाव से पैरों व हाथों में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और महिलाओं के स्तन में सूजन की समस्या आती है। फाइलेरिया होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है।

# अवैध तमंचा व कारतूस संग एक अभियुक्त को बांसडीह पुलिस ने पकड़

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : अपराध के समूल उन्मूलन एवं आपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में बांसडीह पुलिस को गुरुवार के दिन सफलता मिली। पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

उ0नि0 पंकज कुमार सिंह ने अभियुक्त जीन तिवारी पुत्र स्व0 राम चन्द्र तिवारी निवासी पाण्डेय का पोखरा थाना बांसडीह को एस्सार पेट्रोल पम्प ग्राम पिण्डहरा के पास से हिरासत में लिया। तलाशी में एक अदद तमंचा और दो अदद जिन्दा कारतुस बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के सिपुर्द किया गया।

# जिलाधिकारी ने चल रही बोर्ड परीक्षाओं का लिया जायजा

***-परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में.कचल 24038 परीक्षार्थी रहे. अनुपस्थित***

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने टाउन इंटरमीडिएट कॉलेज में चल रही बोर्ड परीक्षा का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर

कक्षों में चल रही परीक्षा और सभी कमरों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरो की निगरानी व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा पूरी

तरह नकलविहीन और कड़ी सुरक्षा के बीच हो। इस अवसर पर उन्होंने कुछ छात्रों से परीक्षा के संबंध में जानकारी हासिल की और स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया की परीक्षा देते समय विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। परीक्षा पूरी तरह नकल विहीन हो। बताते चलें कि बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में 12,245 और द्वितीय पाली में 11,793 छात्र अनुपस्थित रहे। जबकि न्यू सैनिक इंटरमीडिएट कॉलेज असना बहादुर, बलिया परीक्षा केंद्र पर एक छात्र नकल करते हुए पकड़ा गया।

# मरीजों के पेयजल की समस्या

## *लो बोल्टेज के चलते सीएचसी रतसर में लगा आरओ प्लांट के सूखे कंठ*

**जुनैद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : आम आवाम की सुविधा के नाम पर वैसे तो बड़े- बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन धरातलीय हकीकत कुछ और ही है। बात चाहें बिजली की हो या पानी की चहुंओर हाहाकार मचा है।

स्थानीय नगर पंचायत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की नीयत से लगाए गए आरओ प्लांट लो बोल्टेज के चलते आज तक चालू नही हो पाया। इसकी वजह से मरीजों एवं तीमारदारों के साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को शुद्ध पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। अशुद्ध पेयजल से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से मरीजों को बचाने के लिए नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपये की लागत से आरओ प्लांट स्थापित किया गया था। इससे मरीजों एवं उनके तीमारदारों को शीतल व स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाना था लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के चलते लो बोल्टेज के कारण आज तक चालू नही हो पाया। सीएचसी अधीक्षक डा० राकिफ अख्तर ने बताया कि आरओ प्लांट चालू कराने के लिए बार- बार बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से बार- बार शिकायती पत्र दिया गया है तथा मौखिक रूप से विद्युत उपकेन्द्र के जेई को सूचित किया जा रहा है इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। बताया कि सीएचसी के लिए अगर 25 केवी का ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा मुहैया करा दिया जाता साथ ही टाउन फीडर से अगर कनेक्शन कर दिया जाता तो लो बोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाती। बताते चले कि दो लाख से उपर की आबादी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए एक मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित है जहां प्रति दिन सैकड़ों मरीज अपना इलाज कराने के लिए क्षेत्र से आते है। शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को एक किमी की दूरी तय कर बाजार से बोतल बन्द पानी के लिए जाना पड़ता है यही हाल वहां परिसर में रह रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की है।

# अग्निवीर परीक्षा में सफल हुयी प्रिया, खुशी के मारे रो पड़ी

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : भारतीय वायु सेना एवं स्टाफ सिलेक्शन कमीशन सीजीएल अग्निवीर भर्ती के लिखित परीक्षा में बलिया जिले के मझौवां गांव की रहने वाली प्रिया गुप्ता ने 50 में 37 अंक प्राप्त कर गांव का मान बढ़ाया है।

प्रिया को जैसे ही रिजल्ट में पास होने की सूचना मिली खुशी के मारे दहाड़े मार कर रोने लगी। उसे रोते देख घर वाले पहले तो सभी डर गए फिर पूछने पर बताई कि मैं पास हो गयी हुं। प्रिया बी.ए. की छात्रा है, जो भीम सर कोचिंग सेंटर मझौवां में अग्निविर परीक्षा की तैयारी करती थी। वही एसएससी जीसीएल प्री परीक्षा में शुभम सिंह और अंकित

सिंह व एयरफोर्स में रोशन सिंह सफल हुए। भीम सर कोचिंग सेंटर के संचालक अमित सिंह "भीम" ने बताया कि छात्राएं-छात्रों से कही से कम नहीं है। शिक्षा ही नहीं देश के विभन्न क्षेत्रों में छात्राएं अपना परचम लहराया है। शिक्षक सुमित सिंह और अमित सिंह ' भीम' ने समस्त सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# *डीएम–एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण*

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष वर्मा एवं आरक्षी अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने गुरूवार से शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 का जायजा लिया। इसी उद्देश्य से अधिकारीद्वय ने जिले के कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। देखा गया कि उन्होंने टीडी इंटर कॉलेज एवं बीआरपी इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि ड्यूटी लगाए गए सभी कार्मिको के गले मे आई कार्ड जरूर होना चाहिए। सथ ही केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी रूम में जाकर देखते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# कड़ी निगरानी में संपन्न हुई प्रथम दिन बोर्ड परीक्षा

**विवेक राय, समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : कृष्णा शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज नरहीं में बोर्ड की पहले दिन की परीक्षा कड़ी निगरानी में सकुशल संपन्न हुई।

हाई स्कूल में चार सौ परिक्षार्थियों ने तो इंटर में 650 परिक्षार्थियों ने भाग लिया परीक्षा सीसीटीवी कैमरा व वायस रिकॉर्डर के निगरानी में परीक्षा हो रही है। परीक्षा के मद्देनजर नरहीं पुलिस भी सक्रिय दिखाई दे रही है। सोहांव, भरौली में भी नकल विहिन परीक्षा कराने में काफी सख्ती बरती जा रही है।

# प्रधान प्रतिनिधि के बड़े भाई का निधन, गांव में शोक

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : ग्राम पंचायत मझौवां के प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह के बड़े भाई जगमोहन सिंह उर्फ कवि जी का गंभीर बीमारी से गुरुवार को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज कोलकाता चल रहा था। अपने गांव मझौवां आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी मिलते ही गांव में शोक छा गया। वही शुभचिंतकों का पुछार के लिए दरवाजे पर तांता लगा रहा।

# दया छपरा गांव में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : बैरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दया छपरा के पुरवा हर छपरा गांव में बुधवार की रात चोरों ने लैट्रिंग के सहारे आंगन में घुसकर राकेश उपाध्याय के घर का खिड़की तोड़कर घर में घुस गए और घर में रखा दो बक्सा लेकर चंपत हो गए।

घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह जब घर की औरतों ने खिड़की टूटा देखा तो कोहराम मच गया। राकेश उपाध्याय बलिया रहते हैं । उनको फोन द्वारा सूचना दी गई । सूचना पर राकेश उपाध्याय गुरुवार की दोपहर घर पहुंचे तब तक पड़ोसियों ने 112 नंबर पुलिस को बुलाकर मौका मुआयना करा चुके थे। खोज बिन मे ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर एक खेत में टूटा पड़ा दो बक्सा देखा जो आकर घरवालों को बतलाया ।इस बाबत राकेश उपाध्याय ने बताया कि बक्सा में कपड़ा के अलावा पुराने फूल के बर्तन थाली ,लोटा ,गिलास ,व चांदी के 1 जोड़ी पायल , डाडा, बिछिया व सोने की एक अंगूठी, कान का टप्स के साथ ही बक्सा में खेत, एलआईसी, बैंक ,और सर्टिफिकेट रखा गया था जिसे चोर लेकर चले गए ।इस चोरी की घटना से ग्रामीणों मे भय व्याप्त है ।सूचना दोपहर में बैरिया पुलिस को दी गई ।पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

## डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर की टीम ने वालीबॉल प्रतियोगिता जीती

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

बाबा नागेश्वर नाथ राज्य स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन गड़ार मे किया गया जिसमें पटना,बी एच यू वाराणसी, देवरिया, गाजीपुर, डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, गड़ार समेत कुल आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले मैच में गाजीपुर को फिक्स सेट में 21-13 से हराया ,क्वार्टर फाइनल में गड़ार को 21-6,से हराया, उसके बाद सेमीफाइनल मैच में देवरिया को 15-4 तथा 15-9 से एकतरफा हराया, फाइनल मुकाबला बी एच यू वाराणसी और डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के बीच फिक्स तीन सेट का मैच तय हुआ जिसमें डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर की टीम ने दो दिवसीय प्रतियोगिता मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मुकाबले में बी एच यू वाराणसी की टीम को 15-4 और 15-9 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विजेता घोषित हुए डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के वालीबॉल कोच राष्ट्रीय स्तर के वालीबॉल खिलाड़ी रामनारायण राय ने जीत का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत और लग्न को दिया और साथ ही साथ विद्यालय परिवार का भी धन्यवाद दिया कि पढ़ाई के साथ साथ डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर मे बच्चों को खेल कूद का भी एक शानदार माहौल प्रदान किया जाता है टीम के साथ सह कोच जोखन यादव, कप्तान आयुष राय आदि उपस्थित थे आयोजक धनंजय पाण्डेय, बृजेश सिंह, आलोक यादव, बबलू यादव, राकेश पाण्डेय एव अन्य ने उपस्थित सभी टीमों एवं दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित किया

## जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**- शासन द्वारा जारी दिशा निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**
**- कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरा, स्टेटिक मजिस्ट्रेट का भी लिया जायजा**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के साथ जनपद मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्रों के साथ ही अन्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा की परीक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ हो चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्रों रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज एवं जीवन राम इंटर कॉलेज तथा बकवल स्थित राज इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा की सक्रियता की जांच के अलावा केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह केंद्र व्यवस्थापको से स्ट्रांग रूम की सारी प्रक्रियाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए। परीक्षा कक्षों का भी निरीक्षण किया। साथ ही संदेह होने पर परीक्षार्थियों की जांच भी करवाई ।जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को शासन द्वारा दिए गए दिशा निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षा 2023 को नकल विहीन एवं शुचिता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश समस्त केंद्र व्यवस्थापको को दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने भी समस्त केंद्र व्यवस्थापको को बोर्ड परीक्षा को सकुशल एवं शुचिता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने को कहा।

## दुर्घटना में पुत्र की मौत के बाद पिता के भी प्राण पखेरू

**- मुहम्मदाबाद गोहना के रसूलपुर करहा गांव की घटना**
**- पिता पुत्र की एक साथ उठी अर्थी से पूरा क्षेत्र मर्माहत**
**- बीमार पिता की दवा ले जाते समय पुत्र की मार्ग दुर्घटना में हुई थी मौत**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली अंतर्गत रसूलपुर करहां में पिता-पुत्र की एक साथ अर्थी उठने से पूरा क्षेत्र मर्माहत रहा। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल था। बाजार निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र विश्वकर्मा एक निजी विद्यालय में प्रधानाचार्य थे। बुधवार रात्रि वह अपने बीमार पिता की दवा हेतु करहां बाजार के एक निजी चिकित्सालय में पैदल ही जा रहे थे कि दो तेज

गति से मुहम्मदाबाद की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर पहुँचे लोगों ने उन्हें बाजार स्थित प्रमोद निदान केंद्र में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान तड़के उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पहुँचकर औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। अभी मृत पुत्र राजेन्द्र विश्वकर्मा का पोस्टमार्टम हो रहा था कि उनके बुजुर्ग पिता रामाधार विश्वकर्मा 85 वर्ष ने भी दम तोड़ दिया। पुत्र की अचानक हुई मृत्यु का सदमा बुजुर्ग पिता सह नही पाए। अंततः पिता-पुत्र की एक साथ उठती अर्थी देखकर पूरे क्षेत्र की आँखें नम हो गईं। अनेक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए और विभिन्न विद्यालयों में शोकावकाश घोषित कर दिया गया। शिवरात्रि पर बाजार में शिव बारात के कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया गया है।

## जनगण के देवाधिदेव शिव ने यहीं भस्म किया था कामदेव को

### *आध्यात्म और संस्कृति की विरासत है कामेश्वर नाथ धाम*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

जन गण मन के आराध्य भगवान शिव ।सभी के लिए सहज उपलब्धता और समाज के आखरी छोर पर खडे ब्यक्ति के लिए भी सिर्फ कल्याण की कामना यही शिव

है, किरात भील जैसे आदिवासी एवं जनजाति से लेकर कुलीन एवम अभिजात्य वर्ग तक अनपढ़ गंवार से लेकर ज्ञानी अज्ञानी तक सांसारिक मोहमाया में फंसे लोगो से लेकर तपस्वियों, योगियों, निर्धन, फक्कडों, साधन सम्पन्न सभी तबके के आराध्य देव है भगवान शिव, भारत वर्ष में अन्य देवी देवताओं के मन्दिरों की तुलना में शिव मन्दिर सर्वाधिक है। हर गली मुहल्ले गांव देहात घाट अखाडे बगीचे पर्वत नदी जलाशय के किनारे यहां तक की बियाबान जंगलों मे भी शिवलिंग के दर्शन हो जाते है। यह इस बात का साक्ष्य है कि हमारे श्रृजनता का भगवान शिव में अगाध प्रेम भरा है। वस्तुतः इनका आशुतोष होना अवघडदानी होना केवल वेलपत्र या जल चढानें मात्र से ही प्रशन्न होना आदि कुछ ऐसी विशेषताए हैं जो इनको जन गण मन का देव अर्थात महादेव बनाती है। हिन्दू धर्म में भगवान शिव को मृत्युलोक का देवता माना गया है। शिव को अनादि अनन्त अजन्मां माना गया है। यानि उनका न आरम्भ है न अन्त न उनका जन्म हुआ है न वे मृत्यु को प्राप्त होते है। इस तरह से भगवान शिव अवतार न होकर साक्षात ईश्वर है। शिव की साकार यानि मुर्ति रूप एवम निराकार यानि अमूर्त रूप में आराधना की जाती है। शास्त्रों में भगवान शिव का चरित्र कल्याण कारी माना गया है। धार्मिक आस्था से इन शिव नामों का ध्यान मात्र ही शुभ फल देता है। शिव के इन सभी रूप और नामों का स्मरण मात्र ही हर भक्त के सभी दुःख और कष्टों को दूर कर उसकी हर इच्छा और सुख की पूर्ति करने वाला माना गया है ।इसी का एक रूप गाजीपुर जनपद के आखिरी छोर पर स्थित कामेश्वर नाथ धाम कारो जनपद बलिया का है ।रामायण काल से पूर्व में इस स्थान पर गंगा सरजू का संगम था और इसी स्थान पर भगवान शिव समाधिस्थ हो तपस्यारत थे। उस समय तारकासुर नामक दैत्य राज के आतंक से पूरा ब्रम्हांड व्यथित था। उसके आतंक से मुक्ति का एक ही उपाय था कि किसी तरह से समाधिस्थ शिव में काम भावना का संचार हो और शिव पुत्र कार्तिकेय का जन्म हो जिनके हाथो तारकासुर का बध होना निश्चित था। देवताओं के आग्रह पर देव सेनापति कामदेव समाधिस्थ शिव की साधना भूमिं कारो की धरती पर पधारे। सर्वप्रथम कामदेव ने अप्सराओं ,गंधर्वों के नृत्य गान से भगवान शिव को जगाने का प्रयास किया ।इसी स्थल पर कामदेव के द्वारा बसंत ऋतु का भी निर्माण किया गया ।विफल होने पर कामदेव ने आम्र बृक्ष के पत्तों मे छिपकर अपने पुष्प धनुष से पंच बाण हर्षण प्रहस्टचेता सम्मोहन प्राहिणों एवम मोहिनी का शिव हृदय में प्रहार कर शिव की समाधि को भंग कर दिया। इस पंच बाण के प्रहार से क्रोधित भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र से कामदेव को जलाकर भस्म कर दिया। तभी से वह आधा जला हुवा आम का पेंड युगो युगो से आज भी प्रमाण के रूप में अपनी जगह पर खडा है ।इस कामेश्वर नाथ का वर्णन बाल्मीकि रामायण के बाल सर्ग के 23 के दस पन्द्रह में मिलता है। जिसमे अयोध्या से बक्सर जाते समय महर्षि विश्वामित्र भगवान राम को बताते है की देखो रघुनंदन यही वह स्थान है जहां तपस्या रत भगवान शिव ने कामदेव को भस्म किया था। कन्दर्पो मूर्ति मानसित्त काम इत्युच्यते बुधैः तपस्यामिः स्थाणुः नियमेन समाहितम ।इस स्थान पर हर काल हर खण्ड में ऋषि मुनी प्रत्यक्ष एवम अप्रत्यक्ष रूप से साधना रत रहते है। इस स्थान पर भगवान राम अनुज लक्ष्मण एवम महर्षि विश्वामित्र के साथ रात्रि विश्राम करने के पश्चात बक्सर गये थे ।स्कन्द पुराण के अनुसार महर्षि दुवार्सा ने भी इसी आम के बृक्ष के नीचे तपस्या किया था ।महात्मां बुद्ध बोध गया से सारनाथ जाते समय यहां पर रूके थे। ह्वेन सांग एवम फाह्यान ने अपने यात्रा बृतांत में यहां का वर्णन किया है। शिव पुराण देवीपुराण स्कंद पुराण पद्मपुराण बाल्मीकि रामायण समेत ढेर सारे ग्रन्थों में कामेश्वर धाम का वर्णन मिलता है। महर्षि वाल्मीकि, गर्ग ,पराशर ,अरण्य ,गालव, भृगु ,वशिष्ठ ,अत्रि, गौतम, आरूणी ,दुवार्सा ,कीनाराम आदि ब्रह्म वेत्ता ऋषि मुनियों से सेवित इस पावन तीर्थ का दर्शन स्पर्श करने वाले नर नारी स्वयं नारायण हो जाते है। मन्दिर के ब्यवस्थापक रमाशंकर दास के देख रेख में करोणो रुपए खर्च कर धाम का सुन्दरीकरण किया गया है। सावन मास में लाखो लोग यहा आकर बाबा कामेश्वर नाथ का दर्शन पूजन जलाभिषेक करते है।

शिवरात्रि के दिन यहां पर दर्शनार्थियों की भारी भींड उमड़ती है ।यहां पर इस दिन विशाल मेले का आयोजन किया जाता है।

## योगगुरु रामदेव के आगमन को लेकर बैठक में बनी रणनीति

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : शहर के एक निजी प्लाजा में गुरुवार को पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान और युवा भारत पतंजलि किसान सेवा समिति की बैठक हरिद्वार से आए राकेश के नेतृत्व में दो बजे आयोजित की गई। बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश के समस्त पतंजलि के आनुषंगिक संगठनों के प्रांत प्रभारी तथा आस पास के सभी जिलों के योग को समर्पित योग योद्धा समेत जिले के समस्त तहसील प्रभारी उपस्थित थे।

इसमें योग गुरु स्वामी रामदेव के 25 26 और 27 मार्च के कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु अपने को सन्नद्ध करने का आह्वान किया गया। मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश ने कहा कि जनपद में प्रथम बार कार्यक्रम का आयोजन लोगों को योग के द्वारा शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ एवं स्वदेशी के द्वारा आर्थिक समृद्धी का वाहक बनेगा। कहा कि आज का सत्र सत्कर्म निश्चित रूप से हमारे कल की सुख समृद्धि शांति एवं अनुतोष का कारक बनेगा। इस दिन योग के साथ साथ छात्रों की ऊर्जा को घनीभूत करके सृजन के लिए उपयोगी बनाना है, इसमें ख्याति प्राप्त संगीतकारों एवं बच्चों के विविध कार्यक्रम भी संपन्न होंगे।

## सेवा प्रदाता एजेंसियों पर एफआईआर दर्ज करने एवं रिकवरी हेतु शासन को पत्र

***जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक***

10 दिनों में सेवा प्रदाता एजेंसियों के कार्य व्यवहार में सुधार ना होने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन के तहत संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि यूपीएसडीएम (2022- 23) के तहत विभिन्न सेवा प्रदाता एजेंसियों को अलग-अलग सेक्टर्स में जून में प्राप्त लक्ष्य 2813 के सापेक्ष शत-प्रतिशत नामांकन पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में 2489 लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एवं 432 लोग प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सेवा प्रदाता एजेंसी बीना सॉफ्ट एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, फ्रंटलाइन ग्लोबल सर्विसेज, सेजल एजुकेशन एंड कंसलटेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सोसायटी फॉर चैरिटी ऑब्लिगेशन टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग द्वारा अभी तक एक भी प्रशिक्षण कार्य पूर्ण न करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए इन सेवा प्रदाता एजेंसियों को अगले 10 दिनों में अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाने की चेतावनी दी। अन्यथा की स्थिति में संबंधित एजेंसियों के जिला प्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही संबंधित एजेंसियों से रिकवरी हेतु शासन में पत्र लिखने के निर्देश प्रधानाचार्य आईटीआई को दिए। जिलाधिकारी ने यूपीएसडीएम के तहत 9 एवं 24 जनवरी तथा 15 फरवरी को प्राप्त नए आवंटित लक्ष्यों के बारे में भी प्रधानाचार्य आईटीआई से जानकारी लेते हुए, जिन एजेंसियों ने जनवरी में आवंटित लक्ष्य में अभी तक प्रशिक्षण का कोई भी बैच प्रारंभ किया उनके खिलाफ शासन में पत्र लिखने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रधानाचार्य आरटीआई को दिए। डीडीयू-जीकेवाई के तहत जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्यों में ड-ेडीयू- जीकेवाई के तहत जनपद को कुल 1065 लक्ष्य आवंटित हुए हैं,जिनमें से अब तक 206 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं 181 लोग अभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कुछ सेवा प्रदाता एजेंसियों द्वारा अभी तक प्रशिक्षण का कोई भी बैच प्रारंभ न किए जाने पर जिलाधिकारी ने इन एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समस्त सेवा प्रदाता एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जेल स्किल ट्रेनिंग कमेटी के संबंध में चर्चा करते हुए ट्रेनिंग पार्टनर का चयन कर, विभिन्न सेक्टर में प्रशिक्षण हेतु इच्छुक बंदियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभ में इलेक्ट्रॉनिक्स आईटी सेक्टर एवं फर्नीचर सेक्टर में इच्छुक बंदियों को प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

## मुख्तार अंसारी के आईएस 191 के सहयोगी गिरोह को अपराधिक गैंग किया गया सूचीबद्ध

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : शांति और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने अभियान के क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 के निकट सहयोगी आनंद यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी सरवां थाना सरायलखंसी (गैंग लीडर) के गिरोह के 08 सदस्यों नन्हक यादव पुत्र मीता निवासी कन्धेरी थाना सरायलखंसी, बैजनाथ यादव पुत्र खुद्दी, सुरेश यादव पुत्र शिवपूजन, केशर सिंह पुत्र तेज बहादुर, लालजी पुत्र बनवारी, संजय सागर पुत्र चन्द्रदेव निवासीगण सरवां थाना सरायलखंसी, विन्ध्याचल यादव पुत्र रामसरीख निवासी तेंन्दुली थाना सरायलखंसी, नरसिंह यादव पुत्र हरहर निवासी नवपुरा नसीरपुर थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर को जनपद स्तर पर गैंग संख्या डी-88 (अपराधिक गैंग) पर सूचीबद्ध किया गया है।

## योगी सरकार का बुलडोजर गरीबों को बना रहा निशाना

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंतेखाब आलम के नेतृत्व में कानपुर देहात की घटना को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। मांग किया कि मामले में दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा मिले। आवास की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इंतखाब आलम,

जनक कुशवाहा, पूर्व विधायक अमरेश चन्द पांडेय, रमन पांडेय मधुसुदन त्रिपाठी, राजेंद्र त्रिपाठी, ब्रम्हानंद पांडेय, सतीश पांडेय, प्रदीप तिवारी, विष्णु प्रकाश कुशवाहा, घनश्याम सहाय, राजकुमार राय, उमाशंकर सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा छोटेलाल, मुकेश राजभर, मंशा राजभर, वकील अहमद, आफताब आलम सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ 557वें दिन भी सत्याग्रह आंदोलन जारी

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर। पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा 'सत्याग्रह आन्दोलन' गुरूवार को 557वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में चन्द्र मणि पाण्डेय, विजय प्रकाश मिश्र, आरटीआई स्पेशलिस्ट प्रशान्त अग्रहरि, शब्बीर हैदर, सन्तोष कुमार, बिहारी लाल यादव, रियाजुल हक, रवीन्द्र सिंह, संदीप कुमार, चन्द्रशेखर, कन्हैया लाल यादव, जोगेन्द्र प्रसाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खिड़की का ग्रिल काटकर घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर और नगदी लेकर हुए चंपत

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर, धमार्पुर। गौराबादशाहपुर थाने के नवागत थाना प्रभारी को सलामी देते हुए बेखौफ चोरों ने खिड़की के रास्ते ग्रिल काटकर घर में प्रवेश करने के उपरांत अन्दर रखे लाखों रुपए मूल्य के सोने–चांदी के जेवरात तथा 31 हजार रुपए नगद पार कर दिया। जानकारी के अनुसार बमैला गांव में बुधवार की रात किसी समय उक्त गांव निवासी सैयद गुलाम जमा के घर के पीछे की खिड़की की ग्रिल काटकर चोर घर में प्रवेश कर गये। भुक्तभोगी के अनुसार सोने का एक हार, सोने की एक चेन, सोने दो अंगूठी, चांदी के कई जेवर सहित घर में रखा हुआ जो चोर उठा ले गये। साथ ही 31 हजार रुपए नगद भी लेते गये। चोरी की जानकारी परिजनों को अगले दिन सुबह हुई तो हो पुलिस को सूचना दी गयी जिस पर पुलिसिया छानबीन शुरू हो गयी।

## जौनपुर के खलनायक को मिला बेस्ट विलेन अवार्ड

### *पप्पू यादव मचा रहे भोजपुरी फिल्मी दुनिया में तहलका*

जौनपुर। भोजपुरी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने का हुनर रखने वाले हार्डकोर खलनायक पप्पू यादव के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। ऐसे में पप्पू यादव को ग्लोबल स्टार खेसारी लाल यादव स्टारर सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म ह्यबोल राधा बोलह्व में निगेटिव भूमिका निभाने के लिए बेस्ट खलनायक का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि उन्हें विजय पांडेय द्वारा मुंबई में आयोजित ह्यग्रीन सिनेमा अवार्ड 2023' समारोह में उपरोक्त सम्मान दिया गया। अवार्ड मिलने पर पप्पू यादव ने खुशी जताते हुये आयोजक विजय पांडेय एवं निर्णायक मण्डल के सदस्यों को धन्यवाद दिया। साथ ही भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सभी निमार्ता व निर्देशक का आभार व्यक्त जताया। इस बाबत पूछे जाने पर मुम्बई में तहलका मचाने वाले पप्पू यादव ने बताया कि साल भर मेहनत करने के बाद इस तरह से कोई एक कलाकार को सम्मान देता है तो बहुत खुशी की बात है, क्योंकि पैसा तो हर कोई कमा रहा है परंतु सम्मान मिलना बहुत बड़ी बात है ।गौरतलब है कि जौनपुर के रहने वाले फिल्म अभिनेता पप्पू यादव ने अपना फिल्मी कैरियर सांसद रवि किशन की भोजपुरी फिल्म 'पंडित जी बताईं ना बियाह कब होई 2' से बतौर खलनायक किया था। उसके बाद दिनेश लाल यादव निरहुआ, खेसारी लाल यादव, पवन सिंह, रितेश पांडेय,

अरविन्द अकेला कल्लू, समर सिंह, आम्रपाली दूबे, काजल राघवानी आदि बड़े स्टार के साथ दर्जनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। पप्पू यादव के लाजवाब एक्टिंग से सजी कई फिल्में रिलीज को तैयार है। फिलहाल इन दिनों पप्पू यादव लखनऊ में खेसारी लाल यादव की फिल्म ह्यगॉड फादरह्व की शूटिंग में व्यस्त है।

## उद्यान मंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं, हर समस्या के निराकरण का दिया निर्देश

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के बच्चों से पूछे सवाल बच्चों से मिले जवाब से संतुष्ट दिखे मंत्री

जौनपुर, सिकरारा। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में लगी जन चौपाल में शासन की मंशानुरूप आम जनमानस की समस्याओं को सुना। साथ ही शासन/प्रशासन द्वारा आम जनमानस के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से समाज के सभी वर्ग के लिए प्रमुख योजनाएं शुरू की गई है जिसका लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में उन्होंने चौपाल में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को शासन की मंशानुरूप पात्र लाभार्थियों को अवश्य उपलब्ध कराएं और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें। साथ ही प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के बच्चों से मुलाकात करते हुए कक्षा 1 के छात्र से मुख्यमंत्री का नाम सहित अन्य प्रश्न पूछा गया और डिस्कवरी लैब में कक्षा 4 व 5 के बच्चों से विज्ञान सहित अन्य विषयों के महत्पूर्ण प्रश्न पूछा गया जिसका बच्चों ने सकारात्मक जवाब दिया। इस दौरान राज्यमंत्री ने लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते हुये सरोज, प्रीति, नगीना की गोदभराई की। साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी द्वारा बनाए गए भोज्य पदार्थों को चखते हुये प्रभारी सीडीपीओ नाहिद खान सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सराहना किया। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने बताया कि आंगनवाड़ी द्वारा 6 माह तक के बच्चों को दी जाने वाली दलिया, चने की दाल, चावल आदि का वितरण किया जा रहा है। चौपाल में एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० लक्ष्मी सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर माज अख्तर, पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर०डी० यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम व पीएम के बखान तक सीमित रहा चौपाल

जौनपुर, सिकरारा। स्थानीय क्षेत्र के ताहिरपुर गांव में लगा जनचौपाल मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के बखान तक ही सीमित रह गया। प्रभारी मंत्री बगैर जनता की समस्याओं से रूबरू हुए सीधे माइक पकड़ कर महज 15 मिनट में चौपाल की औपचारिकता पूरी कर दिये।

## डिस्कवरी लैब में स्थापित उपकरण के बारे में ली जानकारी

सिकरारा, जौनपुर। चौपाल कार्यक्रम में पहुंचने से पहले प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर का निरीक्षण किया जहां वह सबसे पहले डिस्कवरी लैब पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थापित उपकरण के बारे में बच्चों से जानकारी लिया। इसी क्रम में प्रधानाध्यापक अमित सिंह से लैब, स्मार्ट क्लास व सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने मंत्री जी को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद सिंह, एआरपी सुशील उपाध्याय, समाजसेवी धीरू सिंह, अनुपम श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**नहटौर। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दक्ष दंपत्ति की ओर से चांदपुर चुंगी के निकट दक्ष हॉस्पिटल पर कावर्ती सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कांवरियों को फल, चाय आदि के साथ दवाइयां भी निशुल्क दी जा रही है।**

# "मदर आयशा चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन"

**देवेश निगम संवाददाता समाज जागरण**

जौनपुर। शहर के चक चक पुर सिपाह मोहल्ले के जामिया नगर मे स्थित मदर आयशा चिल्ड्रन एकेडमी के बच्चों द्वारा आज दिन बृहस्पतिवार को फेयरवेल पार्टी का शानदार आयोजन किया गया। विद्यालय के जूनियर बच्चों ने इस फेयरवेल पार्टी में सीनियर बच्चों के विदाई के लिए इस जलसे का आयोजन किया जिसमें मदर आयशा के जूनियर बच्चों ने सीनियर बच्चों को विदाई देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों प्रस्तुत कर अपने बड़े भाई बहन का मन मोह लिया और लोगों को रोने के लिए मजबूर कर दिया। स्कूल के जूनियर बच्चे जो क्लास 8, 9, 10 और 11 के थे वे सभी अपने सीनियर से बिछड़ने के अवसर पर बहुत ही भावुक हो गए । इस अवसर पर सीनियर बच्चे भी अपने छोटे भाई बहनों का प्यार पाकर भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर रुखसती के माहौल में जूनियर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही लूटी। क्लास 11 के बच्चों ने सोशल मीडिया द्वारा फैल रहे बुराइयों से दूर रहने के लिए एक एकांकी प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को सोचने और समझने के लिए मजबूर कर दिया । लोगों द्वारा सोशल मीडिया और मोबाइल पर व्यस्त रह का जो अभिभावक बच्चों से दूर हो जा रहे हैं और बच्चों को समय नहीं दे रहे हैं वह बच्चों को समय दें, इसी भाव का एकांकी बच्चों ने विशेष रूप से प्रस्तुत किया।कर तमाम अभिभावक जो मोबाइल पर तो व्यस्त है पर अपने बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं उनके बच्चे उसी सोशल मीडिया के जाल में ऑस्कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं इस एकांकी के माध्यम से बच्चों ने उपस्थित लोगों को प्रेरणा दिया बच्चों को समय दें उनके समस्याओं को सुनें और उनके समस्याओं का निराकरण करें सोशल मीडिया का प्रयोग बच्चे उतना ही करें जितना आवश्यक हो। हर चीज सोशल मीडिया पर आधारित ना हो, बच्चों ने एकाकी गीत प्रस्तुत कर माहौल को गमगीन बना दिया। कार्यक्रम में सभी सीनियर बच्चों ने अपनी अपनी खट्टी मीठी यादें, विद्यालय से बिछड़ने का दर्द और अपने शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा मिली खट्टी मीठी यादों को सभी के साथ शेयर किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक जवाब अनवर साहब कासमी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों का हौसला अफजाई किया और कहा की आप सभी आगामी परीक्षा में सफल होकर जीवन में आने वाले सभी पर-ीक्षाओं में सफल हो।आप के कहा की सफलता प्राप्त करके ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है। इसी क्रम में विद्यालय के वाइस चेयरमैन अबू अकरम साहब, जनाब नैयर साहब, विद्यालय के प्रिंसिपल एम जमा खान साहब,श्री चितरंजन कन्वेंट स्कूल के प्रबंधक दिलीप कुमार जायसवाल सर,दिनेश सर, हुस्नआरा मिस, आसिफ सर सहित तमाम लोगों ने बच्चों को सफलता की शुभकामनाएं दी और बच्चों के सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम का संचालन ओबैदा सर और स्कूल के छात्र अबूजर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक द्वारा सभी सीनियर बच्चों को उपहार वितरित किया गया।

# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुड़गांव में "बजट अमृत काल का, बजट भारत का" संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री शहजाद पूनावाला

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुड़गांव के प्रांगण में "बजट अमृतकाल का, बजट भारत का " संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं अन्य विशेष अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करके किया गया।

वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि "बजट अमृतकाल का, बजट भारत का " संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री शहजाद पूनावाला शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शहजाद पूनावाला ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के निर्माण के लिए एक मजबूत नींव तैयार करेगा और देश के समग्र विकास की गति बढ़ाएगा।

बजट अमृतकाल का, बजट भारत का " संवाद कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के एम.सी.ए, एम.बी.ए, एम.टेक, बी.टेक, बी.बी.ए, बी.सी.ए और डिप्लोमा के छात्रों ने भी बजट पर अपना पक्ष रखा और श्री शहजाद पूनावाला ने छात्रों के सवालो के जवाब भी दिये । वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह जी ने मुख्य अतिथि श्री शहजाद पूनावाला का कार्यक्रम में आने पर आभार जताया। श्री कुंवर निशांत सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बजट अमृत काल का पहला आम बजट एक लोक कल्याणकारी बजट है।

इस अवसर पर निदेशक ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) आर.के कौशिश, डॉ. अजय कुमार डागर (प्रिंसिपल), डॉ.पारुल अग्रवाल, डायरेक्टर एकेडमिक एवं विभागाध्यक्ष (बिजनेस एडमिंस्ट्रेशन), डॉ. क्षमता चुघ विभागाध्यक्ष एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमॉटिएस, डॉ.उमा विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), श्री विजयंत, डायरेक्टर प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग, डॉ. रेखा रानी प्रिंसिपल ऑक्सफोर्ड कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर आदि उपस्थित थे

# गोदरेज अप्लायंसेज ने भारत का पहला लीक प्रूफ स्प्लिट एयर कंडीशनर लॉन्च किया

## ~ इसकी अग्रणी एंटी-लीक टेक्नोलॉजी (पेटेंट एप्लाइड) ने एसी से पानी के रिसने की समस्या को हल कर दिया है

## ~ आ रही गर्मी के मौसम में एसी श्रेणी में पिछले वर्ष की तुलना में 2 गुनी बिक्री में वृद्धि का लक्ष्य

दिल्ली, 16 फरवरी 2023: गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस की व्यावसायिक इकाई, गोदरेज अप्लायंसेज ने भारत का पहला लीक प्रूफ स्प्लिट एयर कंडीशनर लॉन्च किया है। इसमें एंटी-लीक तकनीक का प्रयोग किया गया है और इसके लिए पेटेंट भी दायर किया गया है। अपने ब्रांड की विचारधारा 'सोच के बनाया है' के अनुरूप, यह शक्तिशाली उद्योग-प्रथम, अग्रणी नवाचार आज एसी उपभोक्ताओं के सामने आने वाली कई समस्याओं को हल करने का वादा करता है।

घर के अंदर एयर कंडीशनर से पानी का रिसाव कई एसी उपयोगकताओं द्वारा सामना की जाने वाली एक आम समस्या है। अनुमानित रूप से 85% एसी उपभोक्ता उत्पाद के जीवनकाल में कम से कम एक बार इस समस्या का सामना जरूर करते हैं और परिणामस्वरूप, यह समस्या एसी से जुड़ी प्रमुख चिंताओं में से एक है। यह देखते हुए कि एयर कंडीशनर ग्राहकों द्वारा किए गए सबसे महंगे उपकरण निवेशों में से एक हैं और इसका घर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है। कमरे के अंदर पानी टपकना निराशाजनक अनुभव है। लोग वास्तव में स्थायी समाधान प्राप्त किए बिना मरम्मत सेवाओं का सहारा लेते हैं या अस्थायी समाधान अपनाते 2 / 3 हैं। केवल खूबसूरती और शर्मिंदगी ही चिंता की बात नहीं है, बल्कि इससे जुड़ी कई अन्य समस्याएं भी हैं, जैसे दीवार पेंट या वॉलपेपर खराब हो जाना, प्रतिस्थापन की आवश्यकता, नीचे प्लग पॉइंट होने पर बिजली के शॉर्ट सर्किट जैसी सुरक्षा समस्याएं व अन्य। कुछ समय के बाद, दीवारों में सीलन के चलते उसमें फफूंद उगने लगती है, जिससे संभावित स्वास्थ्य जोखिम जैसे कि एलर्जी और श्वसन संबंधी समस्याएं होती हैं, जिसका छोटे बच्चों या दमा के रोगियों को अधिक खतरा होता है।

गोदरेज लीक प्रूफ* स्प्लिट एसी में शामिल नई एंटी-लीक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य उपरोक्त समस्याओं से निपटने के लिए स्थायी समाधान प्रदान करना है। यह एसी 5-इन-1 कन्वर्टिबल कूलिंग टेक्नोलॉजी जैसी कई अन्य प्रासंगिक

तकनीकों और सुविधाओं की पेशकश भी करता है, जिन्हें कमरे में लोगों की संख्या के आधार पर सेट किया जा सकता है और ऊर्जा बचाने में मदद करता है, अत्यधिक आराम के लिए सेट तापमान से मेल खाने के लिए आई-सेंस तकनीक कम डेरेटिंग के साथ 52 डिग्री सेल्सियस पर भी शक्तिशाली कूलिंग, बिजली की बचत के लिए इन्वर्टर तकनीक और पर्यावरण के अनुकूल फ्32 रेफ्रिजरेंट जिसमें शून्य ओजोन रिक्तीकरण और कम ग्लोबल वार्मिंग क्षमता है। इसके अलावा, इसमें 100% कॉपर कॉइल हैं, और दक्षता, स्थायित्व और जंग के प्रतिरोध के लिए कनेक्टिंग पाइप और एंटी-करोसिव ब्लू फिन्स लगाए गए हैं। इस अभिनव प्रौद्योगिकी के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज एंड बॉयस के घटक, गोदरेज एप्लायंसेज, बिजनेस हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष, कमल नंदी ने कहा, "गोदरेज एप्लायंसेज में, हम उपभोक्ताओं द्वारा सामना की जाने वाली किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों के साथ अभिनव समाधान पेश करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हमारे अनुसंधान और डिजाइन केंद्रों पर कई परीक्षणों के बाद, हमने एंटी-लीक तकनीक में सुधार किया है और भारत का पहला लीक प्रूफ स्प्लिट एसी लाया है, जो उपभोक्ताओं को एसी लीक करने की समस्या से राहत दिलाने का वादा करता है, जिसने उपभोक्ताओं को लंबे समय तक परेशान किया है। आगामी गर्मी के मौसम के लिए एक मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ, हम पिछले साल की तुलना में एसी की बिक्री में 2 गुना वृद्धि की उम्मीद करते हैं।"

गोदरेज एप्लायंसेस के प्रोडक्ट ग्रुप हेड-एयर कंडीशनर, सब्यसाची गुप्ता ने कहा, ह्लहमें भारत का पहला लीक प्रूफ स्प्लिट एयर कंडीशनर पेश करने की बेहद खुशी है, जिसका उद्देश्य पानी के रिसाव की बेहतर रोकथाम करना है। एक अनूठे पेशकश के रूप में, यह उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतर और परेशानी मुक्त एसी अनुभव के साथ-साथ अधिक स्थायित्व, निर्बाध प्रदर्शन, खूबसूरती, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करने का वादा करता है। इस अग्रणी प्रस्ताव के साथ, आगामी गर्मी के मौसम के लिए, गोदरेज अप्लायंसेज के पास 25+ एसकेयू का लाइनअप है, जिसमें कई उन्नत तकनीकों और सुविधाओं जैसे 4 वे-स्विंग, 5-इन-1 कन्वर्टिबल कूलिंग,

3 / 3

यूवीकूलैंड नैनो कोटेड एंटी-वायरल फिल्ट्रेशन तकनीक, हैवी ड्यूटी कूलिंग, हॉट एंड कोल्ड एसी और स्मार्ट आ-ईओटी सक्षम एसी शामिल हैं।"

गोदरेज लीक प्रूफ स्प्लिट एसी 10 साल की इन्वर्टर कंप्रेसर वारंटी के साथ आता है। यह जल्द ही स्टोर्स और लोकप्रिय ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म पर 48,900/- रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर उपलब्ध होगा। उपभोक्ता इस पर आसान फाइनेंस विकल्प का भी लाभ उठा सकते हैं।

# शिक्षक तथा समाजसेवी हिरेंद्र चंद्र नहीं रहे।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :**

असम करीमगंज जिले के पाथरकंडी शिक्षा खंड के अंतर्गत पातिनी एमवी स्कूल के शिक्षक हिरेंद्र चंद्र पाल (81) सेवानिवृत्ति के बाद समाज सेवा के साथ-साथ भाजपा के स्थापना काल से ही समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। आज सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान करीमगंज मे अंतिम सांस ली। उनके परिवार में तीन बेटे हीरा पाल, देवजाति पाल और बाप्टू पाल, सेना और पुलिस प्रशासन के साथ अप्रशिक्षित स्कूलों के शिक्षक और दो बेटियां मीरा पाल और जया पाल हैं। दामाद, पोता, पोती, बहू अर्पणा पाल, माधवी पाल, मम्पी पाल व अन्य रिश्तेदार। उनके अंतिम संस्कार में भाजपा के ध्वज के साथ पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। दुर दुर लोगों ने इसमें भाग लिया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना के साथ शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# लामाबाहादुरपुर एचएस स्कूल के छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण किया गया।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :**

बच्चों के दिमाग को विकसित करने और मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा के निदेशों को पूरा करने के लिए लामा बहादुरपुर एचएस स्कूल ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया। 15 जनवरी (बुधवार) को स्कूल के संस्थापक प्राचार्य नजरुल इस्लाम के नेतृत्व में छात्रों व शिक्षकों ने उत्तरी करीमगंज के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया. उन्होंने यात्रा कार्यक्रम की शुरूआत लातु मालेगढ़ में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की, जहां सिपाही विद्रोह की स्मृति जुड़ी हुई है। बाद में छात्रों ने सुतारकंडी सीमा क्षेत्र का दौरा किया और बीएसएफ अधिकारियों से बातचीत की। वापस लौटते समय वे बर-ाक घाटी सर्वधर्म सभा के कार्यालय में दाखिल हुए। संगठन के केंद्रीय महासचिव एचएम अमीर हुसैन ने एक छोटे कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों के साथ प्रिंसिपल नजरूल इस्लाम को बधाई दी। कलाकार जुल्फा बेगम ने देशभक्ति संगीत का प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। मिजानुर रहमान चौधरी और हाजी नजरुल इस्लाम चौधरी ने छात्रों को बिस्कुट और चॉकलेट वितरित किए। लामाबहादुरपुर एचएस स्कूल के छात्रों ने भी इस दिन अकबरपुर कृषि अनुसंधान केंद्र का दौरा किया। यात्रा कार्यक्रम में शिक्षक पीयूष कांति नाथ, स्वपन नाथ, अनवारा बेगम, सममुर रहमान, प्रियंका नाथ, देबज्योति देव, फरहाना खानम चौधरी, राहुल देव, देवरती पुरकायस्थ, नजीर हुसैन, ताहिरा याचमीन, खैरुल इस्लाम, समसाना बेगम और अन्य शामिल थे।

# ट्रैक्टर कर्मियों की 4 सूत्री मांग को लेकर नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय पर धरना व ज्ञापन।

**समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : कोई काम नहीं! परिवार के समक्ष आर्थिक समस्या के मद्देनजर भरण पोषण करने में असहज ट्रेक्टर मजदूर व निर्माण कार्यों के श्रमिकों के पक्ष में दार्जिलिंग डिस्ट्रिक्ट कंस्ट्रक्शन वर्कर्स यूनियन ने धरना दिया और चार सूत्री मांगों के समर्थन में नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। यूनियन के सचिव बिमल पाल ने कहा कि काफी समय हो जाने के बाद भी नदी घाटों को बंद कर दिया गया है। नदी से बालू पत्थर का उठाव बंद होने से निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काम के अभाव में उन्हें भूखा-प्यासा रहना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर रात के अंधेरे में अवैध रूप से बालू पत्थर भी उठाये जा रहे हैं। उन्होंने निर्माण श्रमिकों का सामाजिक सुरक्षा भत्ता निलंबित किये जाने पर भी रोष व्यक्त किया। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष भावेंदु आचार्य, सीटू जिला अध्यक्ष गौतम घोष, विकास चक्रवर्ती, राजू साहा सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्थानीय विधायक शिवपाल यादव ने चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया

इटावा ।(सुघर सिंह सैफई) जसवंतनगर विधायक एवं पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार, शिवपाल यादव ने चिकित्सा विश्वविद्यालय के अधीन निमार्णाधीन 500 बेड सुपरस्पेशियलिटी विंग का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के ओपीडी ब्लाक तथा पाँचवे तल पर स्थित शिशु एवं बाल रोग विभाग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा0 रमाकान्त यादव, चिकित्सा अधीक्षक डा0 एसपी सिंह, उप चिकित्सा अधीक्षक डा0 विजय मिश्रा, ओपीडी प्रभारी डा0 गणेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

ओपीडी निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी में दिखाने आये मरीजों तथा शिशु एवं बाल रोग विभाग में भर्ती शिशुओं के परिजनों से विश्वविद्यालय में दी जा रही जरूरी सुविधाओं तथा मिलने वाली दवाओं पर बात की। ओपीडी निरीक्षण के दौरान उन्होंने अचानक कमरा नं0 24 में पहुँचकर वहाँ विभिन्न जाँचो को कराने आये मर-ीजों से बात कर जाना कि जाँच रिपोर्ट समय से मिलती है या नहीं। इस पर वहाँ उपस्थित मरीजों तथा उनके परिजनों ने बताया कि सभी जॉचों की रिपोर्ट समय से मिल जाती है। इसके बाद उन्होंने मेडिसिन एवं गाइनी ओपीडी में भी मरीजों से बात की तथा सभी विभागों की ओपीडी में चिकित्सकों की पर्याप्त संख्या देखकर बेहद संतोष व्यक्त किया।ओपीडी में चिकित्सकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाये तथा सभी जरूरी चिकित्सा सुविधायें उन्हें समय से उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने इस दौरान विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधीक्षक डा0 एसपी सिंह से बात कर यह जानने का प्रयास किया कि मरीजों को सभी जरूरी दवायें, स्ट्रैचर तथा व्हीलचेयर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है या नहीं। इसपर चिकित्सा अधीक्षक डा0 एसपी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का पूरा प्रयास होता है कि ओपीडी या इमर्जेंसी में आने वाले सभी मरीजों को सभी जरूरी सुविधायें समय से मिलने के साथ ही बेहतर इलाज सुनिश्चित हो सके।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा0 रमाकान्त यादव ने बताया कि स्थानीय विधायक शिवपाल यादव जी ने चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर यहाँ दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं पर खुशी जाहिर की। उन्होंने यह भी बताया कि 500 बेड्ड सुपर स्पेशियलिटी विंग के निरीक्षण के दौरान उन्होनें इसे अतिशीघ्र चालू करने को कहा ताकि स्थानीय मरीजों के अलावा आस-पास के जनपद से आये मरीज भी विश्वविद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं से लाभान्वित हो सकें।

## सैफई में पुत्र की कनपटी पर भूमाफियाओं ने लगाई पिस्टल, बेटे को बचाने के लिए बूढ़ी माँ ने फाड़ डाले कपडे, आरोपियों ने वीडियो बनाकर किया बायरल

इटावा। सैफई थाना पुलिस व लेखपालों की एक बड़ी नाकामी फिर खुलकर सामने आई है पुलिस प्रशासन ने समाजवादी पार्टी की सरकार में अवैध कब्जा की गई जमीन को पहले वापस कराया उस पर नींव खुदवाई और बाद में ईंट की नींव भरवाई। लेकिन कब्जा दिलाने के तीसरे दिन भूमाफिया कई लोगों को लेकर प्लाट पर पहुँच गए और नींव उखाड़कर फेंक दी। विरोध करने पर भूमाफियों ने शिकायतकर्ता के पुत्र की कनपटी पर पिस्टल लगा दी। पुत्र के बचाव के लिए बूढ़ी मां ने अपने कपड़े फाड़ दिए तो आरोपियों ने बूढ़ी महिला का अर्धनग्न वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर बायरल कर दिया। सैफई थाने के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने भूमाफियाओं से सांठगांठ करके उल्टा पीड़ित परिवार के विरुद्ध दो फर्जी मुकदमें पंजीकृत कर लिए और व अवनीश जाटव को एनकाउंटर की धमकी दे रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार महेंद्र सिंह जाटव पुत्र जयश्री राम निवासी नगला सुभान थाना सैफई का आरोप था उनके गांव के प्रधान सुनील प्रताप सिंह व राधाकृष्ण यादव प्रधान व आसपास के गांव के नामजद लोगों ने मेरी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया जिसे राजस्व लेखपाल व पुलिस टीम द्वारा नापतोल करके मेरी जमीन को खाली करा दिया गया और मुझे कब्जा दिला दिया गया। भूमाफिया द्वारा तीसरे दिन नींव उखाड़कर उक्त प्लाट पर फिर से कब्जा कर लिया। नींव उखाड़े जाने की खबर शिकायतकर्ता को हुई तो वह अपने पुत्र व पत्नी के साथ प्लाट पर पहुँचा तो भूमाफियाओं ने शिकायतकर्ता के पुत्र के कनपटी पर पिस्टल लगा दी। बेटे को दुश्मनों के चंगुल में फंसा देख बूढ़ी मां ने बेटे के बचाने के लिए अपने कपड़े फाड़ दिए तब जाकर बेटे की जान बची। आरोपियों ने दलित अर्धनग्न बूढ़ी महिला का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यही नहीं सैफई के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने उल्टा भू माफियाओं के साठगांठ करके पीड़ित पक्ष पर ही दो फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिए। पीड़ित महिला ने परिवार समेत मुख्यमंत्री आवास के समक्ष आत्मदाह की धमकी दी है

# गांव खरकपुनिया स्कूल में दो दिवसीय खेल चैंपियनशिप संपन्न

## खेलों से शरीर का होता है विकास-- रमेश बैटरीवाला

## खेलों से शरीर रहता है स्वस्थ -- डॉक्टर राजेंद्र सूरा

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : गांव खरकपुनिया में स्थित ए. एम. इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल के खेल मैदान में चल रही दो दिवसीय खेल चैंपियनशिप संपन्न हुई यह चैंपियनशिप कामधेनु सहायता क्लब बधावड़ के नेतृत्व में करवाई गई स्कूल प्रिंसिपल डॉ सुदेश चहल पुनिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन डॉ राजेंद्र सूरा, सरपंच एसोसिएशन प्रधान संजय कंवारी, सरपंच कृष्ण कुमार व डीएसपी प्रदीप यादव ने शिरकत की और अध्यक्षता प्रधान अंग्रेज बुरा बधावड़ ने की स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा अपनी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा और खूब वाहवाही लूटी इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन कबड्डी के कड़े मुकाबले में गांव हसनगढ़ की कबड्डी टीम ने गांव कुंगड़ (भिवानी) की कबड्डी टीम को प्वाइंट 22--21 सिर्फ 1 प्वाइंट के अंतराल से चित करके विजेता बनकर प्रथम पुरस्कार पर कब्जा किया और गांव कुंगड़ (भिवानी) की कबड्डी टीम को द्वितीय पुरस्कार से संतोष करना पड़ो इन विजेता टीमों को इन मुख्य अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गयो मंच संचालन अभिमन्यु शास्त्री ने बड़ी बेखूबी से कियो मुख्य अतिथि चेयरमैन रमेश बैटरीवाला ने उपस्थित युवाओं को अपने संबोधन में खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और कहा कि खेलों से शरीर का विकास होता है और रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं पूर्व चेयरमैन डॉक्टर राजेंद्र सूरा ने उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़-चढ़कर भागी-दारी करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेलों से शरीर से सभी बीमारियां दूर भागती हैं और शरीर स्वस्थ रहता है इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ सुदेश चहल पुनिया, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा, वीरेंद्र पूनिया, कश्मीरी लाल वर्मा, प्रदेश महासचिव सौरभ मित्तल, मोहित पुनिया, सीमा, अजय, सुमन, ऊषा व पूजा समेत सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे

## गन्ने के खेत में अज्ञात कारणों से आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान

**दैनिक समाज जागरण,, बढ़ापुर संवाददाता**

बढ़ापुरः अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक औड्ड किसान के करीब दस बीघा गन्ना को जलाकर स्वाहा कर दिया। फसल के नष्ट होने से किसान सदमे में है जबकि राजस्व विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है।

गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में अज्ञात कारणों से लगी आग ने गांव निवासी मुस्तकीम पुत्र हसीनुद्दीन के गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसान को जब याद आया की उसका ट्रैक्टर भी खेत मे ही खड़ा है तो उसने ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाते है ट्रेक्टर को आग से बाहर लाने के लिये कहा। जिस पर ग्रामीणों ने आग की

लपटों से बचते हुए अपनी जान पर खेल कर ट्रैक्टर को खेत से बाहर निकाला परन्तु तबतक आग ने किसान के ट्रैक्टर के अगले हिस्से को जला दिया था। गनीमत रही कि ट्रैक्टर के डीजल टैंक ने आग नही पकड़ी अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी भी घट सकती थी। ग्रामीणों द्वारा खेत के बीच मे ट्रैक्टर से फसल को जोत कर आग को आगे बढ़ने से रोक कर आग पर काबू पाया गया परन्तु आग तबतक करीब दस बीघा भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल को जलाकर स्वाहा कर चुकी थी। ग्राम प्रधान मोहम्मद जाहिद ने बताया कि गन्ने की फसल में आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई हैं। बताते चले कि बीते करीब पांच दिनों से लगातार अलग अलग इलाको में किसानों के गन्ने में आग लगने की घटनाओ में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अभी तक आग लगने से करीब 120 बीघा गन्ना जलकर स्वाहा हो चुका है। तैयार फसलों में आग लगने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती है।

## कावड़ यात्रा के चलते किया निशुल्क शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। नगीना शहर से होकर गुजरने वाले कांवरियों की सेवा हेतु अनेकों स्थानों पर नगर वासियों एवं प्रशासन द्वारा निशुल्क शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्गो एवं चौराहों पर कावड़ यात्रा को लेकर पूरा अलर्ट किया गया ताकि यात्रा में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो सके।सभी वाहन चालको एवं ई रिक्शा चालकों को प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं कि उनके द्वारा कावड़ यात्रा में कोई अवरोध ना हो। नगर में अनेकों स्थानों पर नगर निवासियों द्वारा कावड़ियों की सुविधा हेतु

निशुल्क सेवा शिविर चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में नगीना पुलिस प्रशासन द्वारा कावड़ियों की सुविधा हेतु एक निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें नगीना थाना प्रभारी रविंद्र वशिष्ठ एवम सी ओ नगीना संग्राम सिंह के सहयोग तथा क्षेत्र के सभी पुलिसकर्मियों ने मिलकर पुलिस की एक अनूठी छवि पेश की है।शिविर में व्यापार मंडल नगीना के पदाधिकारियों ने भी पहुंचकर यहां से गुजरने वाले कांवरियों की निष्काम भाव से सेवा की। इस अवसर पर नगीना पुलिस स्टाफ,नगीना व्यापार मंडल अध्यक्ष कयूम राइन, हरमीत मल्होत्रा ,तिलक राज, मुस्तेहासन जहूर,सचिन शर्मा ,दीपक मल्होत्रा आदि अनेको व्यापारी उपस्थित रहे तथा सभी के द्वारा नगीना पुलिस द्वारा की गई इस मुहिम की प्रशंसा की गई।

## *सब-जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का जिला स्तर चयन/ट्रायल्स 17 फरवरी को।*

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी खेल निदेशालय के निदेशानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि वर्ष 2022-23 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स का आयोजन की तिथि व समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सब-जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 17 फरवरी 2023 व मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 20 फरवरी 2023 तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय झांसी में 23 फरवरी 2023 से 28 फरवरी 2023 तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उक्त हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर चयन/ट्रायल्स 17 फरवरी 2023 को अपरान्ह 11 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी में किया जायेगा।

## बैक्यार्ड मुर्गी पालन पोल्ट्री सखी/उद्योग सखी का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

जनपद श्रावस्ती राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के बैक्यार्ड मुर्गी पालन पोल्ट्री सखी/उद्योग सखी का जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर,(डी0पी0आर0सी0) विकास भवन परिसर श्रावस्ती में दिनांक 13 फरवरी 2023 से 16 फरवरी 2023 तक चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर प्रभारी उपायुक्त स्वतःरोजगार इन्द्रपाल सिंह परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण श्रावस्ती ने पोल्ट्री सखियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण तभी सार्थक होगा जब इसे धरातल पर क्रियान्वित किया जाये और इससे स्वतः रोजगार पैदा कर आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बना जाये आप लोगों का फीडबैक एवं आत्मविश्वास देखकर प्रतीत हो रहा कि धरातल पर इसका क्रियान्वयन आवश्य होगा।

## जिलाधिकारी ने कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर चल रही बोर्ड परीक्षाओं का लिया जायजा

### *जिलाधिकारी ने नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को दिया निर्देश*

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा सम्पन्न करायी जा रही हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को सकुशल, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत स्थित बलदेव प्रसाद नागरिक इण्टर कालेज अमवा एवं राहुल स्मारक पब्लिक इण्टर कॉलेज असई पुरवा सेमरी चक पिहानी सहित अन्य कई परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा परीक्षा केन्द्रों पर डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेटों की टेम्परिंग का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में जाकर गहनता से निरीक्षण किया तथा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया। वहीं अपने-अपने क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटो को भी परीक्षा के दौरान निरन्तर भ्रमणशील रहकर शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने के दौरान कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जायेगी, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा जिन परीक्षा केन्द्रों पर नकल कराते पाया गया तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को ब्लैक लिस्टेट किया जायेगा। उन्होंने सभी

स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इसका पूर्णयतः ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रो के आस पास स्थित कम्प्यूटर, फोटो कापी की दुकानें भी बन्द रखी जाएं, इसका पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने वहीं पर उपस्थित प्रधानाचार्यों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि वे डबल लॉक की सुरक्षा मानक अनुरूप सुनिश्चित कराएं तथा यह देखें की प्रश्न पत्र हर हाल में सुरक्षित रहें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में स्वयं की उपस्थिति में ही डबल लॉक से निकलवाएं तथा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करायें। इस कार्य में यदि किसी भी केन्द्र व्यवस्थापक या सह केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, सम्बन्धित स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकगण उपस्थित रहे।

## कहानी एक इंसानी जीवन की

एक दिन मैं एक सूमझशाम जगह एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था,
उस हरे भरे पेड़ के नीचे बहुत ठंडी छाया और बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। उस वक्त मेरी नजर एक सूखे पत्ते पर पड़ी जिसने मुझे कुछ सीख दी और उसके बाद कुछ सुकून मिला और जिनको देख कर मेरी आंखो में आंसू निकल आए।
उन सूखे पत्तों ने मुझे समय की सीख दी
की हर समय एक जैसा नहीं होता,
समय आने पर सब कुछ बदल जाया करता है।फिर मैंने खुद को ऐसा महसूस किया कि मानो मैं उससे बात कर रहा हूं।
मुझे वास्तव में इस वक्त वो सुखा पत्ता एक दोस्त की तरह प्रतीत हो रहा था। मैं उसका दर्द समझ सकता था, उस सूखे पत्ते को देखकर मैं वाकई बिखर चुका था। मैं उसकी हालत को देख कर हैरान था की एक दिन वो सुखा पत्ता एक पेड़ की ढाल को सजाने का काम करता था और आज जब वो खुद समय अनुसार उसका वक्त बदल जाने पर उसकी ये हालत है।
और वो डाल जिसको वो सजाए रखता था वो भी पत्तो की बिना बेरंग दिखाई दे रही है।
तो ऐसा नहीं है की पत्ता ही सुख गया लेकिन जिस डाली को वो सजाए रखता था आज वो भी एक सुखी डाल के जैसे प्रतीत हो रही है,वो पत्ता हमेशा अपने रंगो से पेड़ को सुंदरता देता रहा और आज जब उसका समय पूरा हुआ तो वो जमीन पर गिरगाया और आज वो ही पत्ता लोगो के आग जलाने में सहायक होगा,
बिलकुल इसी तरह इंसानी जिंदगी है, व्यक्ति भी इसी तरह किसी ना किसी डाल से जुड़ा हुआ होता है और जब समय अनुसार उस पर उस समय का उतर चढ़ाव आते हैं तो वो भी खुद की जिंदगी मैं कुछ बेरंग नजर आने लगता है।
हर किसी इंसान को एक सहारे की जरूरत होती है और वो अपना सबकुछ उसी को समझ बैठता है।
लेकिन उस वक्त की मार इतनी भयंकर होती है जो इंसान की जिंदगी पलभर में उथल पुथल कर दिया करती हैं।

मनोज सिंह (MS_DO लफ़्ज)

## राजस्थान : ट्रेन से गिरकर नगर के युवक की मौत, सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन समीप हुई घटना

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़। नगर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के छोटे भाई की ट्रेन से गिरकर दुखद मौत हो गई राजस्थान से गृहनगर वापसी आते समय हुए घटना

हुई शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष लव कुमार अग्रवाल के छोटे भाई कुश कुमार अग्रवाल 45 वर्ष राजस्थान के पवनपुरी बीकानेर राजस्थान में रहकर पीवीसी पाइप का व्यवसाय करते थे बुधवार को वह बीकानेर से दिल्ली आने वाली ट्रेन से गृह नगर वापसी कर रहे थे कि सूरतगढ़ राजस्थान स्टेशन के निकट ट्रेन से अचानक गिरकर उनकी दुखद मौत हो गई मृतक के भाई लव कुमार ने बताया के अचानक परिजनों द्वारा फोन करने पर सूरतगढ़ जीआरपी पुलिस द्वारा फोन पर कुश कुमार की मौत की सूचना दी। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजन शव लेने के लिए सूरतगढ़ के लिए रवाना हो गए बृहस्पतिवार देर शाम रात्रि 8:00 बजे उनका शव गृह नगर पहुंचा तो परिजनों सहित रिश्तेदारों में कोहराम मच गया । मृतक के छोटे दो पुत्र थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके घर पर तांता लग गया।

## पुरखों का पुण्योदय और भगवत कृपा से ही मिलता है श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का अवसर- अजय शास्त्री

भेटुआ अमेठी विकास खंड भेटुआ की ग्राम पंचायत टिकरी के श्री का पुरवा गाँव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से कथा वाचक अजय शास्त्री ने कथा प्रेमियों को भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग कथा सुनाई जिसे सुनकर पांडाल में बैठे सैकड़ों श्रोता भावविभोर नजर आये

### बता दें श्री का पुरवा निवासी

रामकरन शुक्ल सपत्नीक चारों धाम की यात्रा के उपरांत इस भागवत कथा का आयोजन किया है , व्यास पीठ से बीकापुर अयोध्या से पधारे कथा वाचक अजय शास्त्री द्वारा उच्चारित श्रीमद्भागवत कथा का क्षेत्र वासी रसपान कर रहे हैं
गुरुवार कथा के दौरान कथा वाचक अजय शास्त्री ने भागवत कथा के फल और उसके आयोजन की विशेषताएं बताते हुए कहा कि जब पितरों का पुण्य उदय होता है तो जजमान पितरों का पिण्डदान करने गया जाते हैं और जब जजमान पर पितरों का आशीर्वाद और भगवान की कृपा बरसती है तो उसे श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का अवसर मिलता है
भगवान श्रीकृष्ण और देवी रूक्मिणी के पावन परिणय के दिन पांडाल में भारी भीड़ देखने को मिली,इस दौरान अश्विनी शुक्ला,साधू सिंह,श्याम बिहारी तिवारी,शीतला प्रसाद तिवारी ( प्रधान बंदोइया) सुरेन्द्र पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कथा प्रेमी महिला- पुरुष उपस्थित रहे

## जनपद को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें जनपदवासी-जिलाधिकारी

श्रावस्ती, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपदीय टी0बी0 फोरम की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला समुदाय समन्वयक गौरव सिंह ने बताया कि टीबी मरीजो के हितो पर कार्य करने हेतु प्रदेश के 15 जिलो में टीबी चैंपियन्स का नेटवर्क स्थापित किया जाना है। जिसके तहत टीबी चैंपियन्स के द्वारा निर्मित चार्ट को जिलाधिकारी द्वारा अनावरण किया गया। इस दौरान टीबी चैपियन्स के द्वारा इलाज के दौरान हुए समस्याओ एवं अपने द्वारा किए गए कार्यो के प्रगति के बारे में जानकारी दी गई।
बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा किटीबी फोरम के महत्व को समझे और टीबी के प्रति जागरुक होकर जनपद को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें। क्षयरोग समाज में एक बडे खतरे के रुप में अपने पैर पसार रहा है। हम सभी का दायित्व है कि अपने आस पडोस में ऐसे सम्भावित टीबी मरीजों को जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जरुर भेजे। जिससे शासन की मंशानुसार भारत को टीबी मुक्त किया जा सके। उन्होने कहा कि दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी, दो सप्ताह या अधिक समय से बुखार आना, बलगम में खून आना, सीने में दर्द होना, वजन का कम होना, भूख न लगना और रात में पसीना होना टीबी के प्रमुख लक्षण है। ऐसे लक्षणो वाले व्यक्तियो को नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच कराने की सलाह दे। यदि कोई स्वास्थ्य केन्द्र तक जाने में असमर्थ है तो अपने क्षेत्र की आशा को मरीज के बारे में जानकारी दे सकते है।
इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी ने कहा कि टीबी की जांच, दवाए निशुल्क जनपद के दस माइक्रोस्कोपी केन्द्र पर उपलब्ध है, साथ ही टीबी मरीजो को पोषण के लिए सरकार की ओर से पांच सौ रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। टीबी का नियमित और पूरे समय तक इलाज न लेने पर टीबी की बीमारी और जटिल हो जाती है। जिसे एमडीआर एवं एक्सडीआर टीबी कहा जाता है, जिसका उपचार 9 से 18 माह तक चलता है। यदि टीबी का नया मरीज चिकित्सक की सलाह एवं नियमानुसार बताए गए समयावधि तक पूरा इलाज लेता है तो वह छह माह में पूरी तरह रोग मुक्त हो जाता है।

## दिव्य सेवा संस्थान ने खूब की भोले के भक्तों की सेवा

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था दिव्य सेवा संस्थान के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने अपने गंतव्यो की लौट रहे शिवभक्त कांवड़ियों को शाहजटा मोहल्ला बिश्नोई सराय में अर्जुन देव मंदिर के पास फलों की चाट वितरित

की और पुण्य कमाया। तथा नगीना धामपुर मार्ग पर स्थित माता मंदिर के कैंपस में संचालित भंडारे में भी विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, अध्यक्षा राधिका शर्मा, अध्यक्ष। कोषाध्यक्ष विमला शर्मा, सुनील सैनी एडवोकेट, संजीव अग्रवाल, मनोज सैनी आडती, संत राम सैनी, राजू सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## शिवभक्त कावड़ियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन

**रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नहटौर। ई रिक्शा चालक वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) ने शिवभक्त कावड़ियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारम्भ यूनियन के सरपरस्त कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी ने फीता काटकर किया। शिविर में कावड़ियों को फल वितरित किये गए।
आज ई रिक्शा चालक वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) ने रोडवेज बस स्टेण्ड के निकट स्थित रिक्शा स्टेण्ड पर कावर्ती सेवा शिविर का आयोजन किया। शिविर में ई रिक्शा यूनियन अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी, जावेद जाट, असद फारुकी, अमीर अहमद, जहीर कुरैशी, डा महमूद

अंजुम, इमरान अली, मो शानू आदि ने हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कावर्तियो के लिए शिविर का आयोजन किया और उन्हें फल आदि का वितरण कर गंगा जमुनी तहजीब का नमूना पेश किया। इस अवसर पर गुलाम साबिर सिद्दीकी ने कहा की भारत देश एकता में अनेकता वाला देश हे यहां सभी धर्मो जातियो के लोग एक दूसरे के त्योहारो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हे जिस कारण हमारा देश पूरी दुनिया में साम्प्रदायिक सोहार्द और आपसी भाईचारे के लिए अपनी मजबूत पहचान रखता हे। यूनियन अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी ने कहा की त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत हे हमे अपने बुजुर्गो की परम्परा को आगे बढाना चाहिए। उन्होंने कहा की भारत एक मात्र ऐसा देश हे जहा सभी धर्म जातियो के लोग आपस में प्रेम व भाईचारे के साथ रहते हे और एक दूसरे के त्योहारा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हे।

## शिव भक्तों की कड़ी सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर अफजलगढ़।कांवड़ियों की सुरक्षा के पूरे जनपद में कड़े इंतजाम हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है पुलिस के अधिकारी स्वयं निगरानी कर रहे हैं। रूट डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी की गई है। भूतपुरी सुआवाला - जसपुर मार्ग पर से शेरगढ़ तिराहे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित लगा दिया गया है। फोरलेन सड़क का पूर्वी और पश्चिमी हिस्सा भी सुरक्षित किया जा चुका है। शिवभक्तों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस पर है। सीओ सर्वम सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह सुरक्षा व्यवस्था पर पर नजर बनाए हुए हैं। दोनों अधिकारी लगातार निरीक्षण कर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था परख रहे हैं। पुलिस ने यातायात व्यवस्था का प्लान भी

प्रभावी कर दिया है। छोटे वाहन फोरलेन सड़क के पश्चिमी हिस्से से गुजर रहे हैं तो कांवड़िए पूर्वी हिस्से से निकल रहे हैं। जगह-जगह पुलिस कांवडियों को रास्ता बता रही है। भूतपुरी तिराहे बाइपास पर भारी वाहनों को रोक दिया गया है। मात्र छोटे वाहनों को गुजर ने की इजाजत है हर कदम पर सुरक्षा का भरोसा शिव भक्त जोश के साथ आगे बढ़ रहे हैं तो उनके उत्साह को पुलिस और बढ़ा रही है। हर कदम पर पुलिस दिखाई दे रही है और कांवडियों को भरोसा दिया जा रहा है कि उनकी सुरक्षा में कहीं कोई चूक नहीं होने दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग धामपुर बाइपास से लेकर सोरों गेट तक जगह-जगह बेरियर लगे हुए हैं। फोरलेन सड़क के सभी यूटर्न पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। सोरों गेट पर कांवडियों को रास्ता बताने के लिए संकेतक भी लगाये गए हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पाइंट बनाकर पुलिस तैनात की गई है। पुलिस कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। शिवभक्तों की हर संभव मदद की जा रही है।

## मोटराइज्ड ट्राई साइकिल से दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में होगा सुधार-जिलाधिकारी

श्रावस्ती,प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में किया गया। जिसमें मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान जिले के 40 दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार दिव्यांगजनों के सवार्गीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की तर्ज पर कार्य कर रही है। इसके लिये सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस लिये दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण किया जा रहा है। जिससे उन्हें दैनिक जीवन में आवागमन में सुगमता होगी।

मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है। जिसके तहत अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के सुखमय जीवन के लिए सरकार द्वारा

मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण की पहल की गई है, जो दिव्यांगजनों के लिए वरदान है। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश के पथ पर अग्रसर है। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें अपने रोजमर्रा कार्यों के लिये इधर-उधर आने जाने में दिक्कत हो रही थी, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल मिल जाने से निश्चित ही उन्हें लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार दिव्यांगजनों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से आज दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके तहत 40 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और वे अपना रोजी-रोजगार भी कर सकते है। उन्होने कहा कि इसके अलावा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान एवं शादी-विवाह पुरस्कार योजना आदि योजनाएं संचालित की जा रही है। इसका दिव्यांगजन अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। यदि उन्हें किसी भी तरह की कोई समस्या है तो वे विभाग के माध्यम से अवगत करायें। निश्चित ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम में आये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।
उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, आशुतोष पाण्डेय, विनय कुमार तिवारी, कमलेश मिश्रा, पंकज मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे

## खेल से आता है जीवन में अनुशासनः उज्जवला

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। आम आदमी पार्टी की पूर्व शहर अध्यक्ष उज्वला कराड़े ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से जीवन में आगे बढ़ने की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि सभी को खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। उज्वला कराड़े ने स्वर्गीय नंद कुमार पटेल जी की स्मृति में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान न्यू लोको कालोनी में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन के दौरान कही । बता दें कि प्रति वर्ष के तरह इस वर्ष भी न्यू लोको कॉलोनी में स्वर्गीय नंद कुमार पटेल की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बिलासपुर शहर के प्रतिभागी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

उज्जवला ने आगे कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना होना जरूरी है, जो प्रतियोगिताओं में भाग लेने से आती है आज समय बदल चुका है। विद्यार्थी के लिए जितना पढ़ाई का महत्व है, उतना ही खेल का भी है। किताबी ज्ञान हमारा मार्गदर्शन

करता है तो खेलों से जीवन में अनुशासन आता है। प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना के साथ ही खेलना चाहिए। अपनी पराजय से जो खिलाड़ी सीखने का प्रयास करते हैं, वे ही सर्वोच्च शिखर पर पहुंचते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ उज्ज्वला ने आयोजन समिति के को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पचपेड़ी के ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान, ग्रामीणों मे आक्रोश

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। मस्तूरी ब्लॉक के पचपेड़ी अंबेडकर चौक के पास का ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से खराब है जिस-ाके वजह से वहां आसपास के ग्रामीणों को बिजली की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बिजली की समस्या से बच्चों के पढ़ाई लिखाई से लेकर दैनिक उपयोग के कई सारी समस्याएं से लोग जूझ रहे है। ग्रामीण आए दिन पचपेड़ी सब स्टेशन जाकर बिजली की समस्या से छु-टकारा मिले उसके लिए जवाबदार बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना और शिकायत भी कई बार कर चुके हैं, उसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी ग्रामीणों के इस समस्या से अंजान बने बैठे हुए हैं और अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता की वजह से ग्रामीण विगत 15 दिनों से बिजली की समस्या से बहुत ही परेशानी का सामना कर रहे हैं।

इस संबंध में जब पचपेड़ी सबस्टेशन के जूनियर इंजीनियर नरपाल पंकज से जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि वह छुट्टी में है और इस समस्या को अपने विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में देने की बात बस कर रहे हैं।

मस्तूरी बिजली विभाग के एई जितेश दिव्या ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पचपेड़ी में ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी उन्हें मिल गया है। समस्या को खत्म करने के लिए 2 नए ट्रांसफार्मर लाया गया था जो किसी कारण वश ट्रांसफार्मर फैल हो गया है। उसको पुनः वापस कर उसके जगह दूसरा ट्रांसफार्मर लाया जा रहा है। एक-दो दिन में पचपेड़ी में बिजली की जो समस्या है वह खत्म हो जाने की बात कही है।

अंबेडकर चौक के पास स्थित आर के लक्की पेट्रोल पंप उसी ट्रांसफार्मर से अपना बिजली पूर्ति करते हैं जिस-ाकी वजह से लोड ज्यादा हो जाता है ।और आए दिन इस ट्रांसफार्मर में खराबी एवं लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों का बिजली विभाग से मांग है कि पेट्रोल टंकी के लिए अलग से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था हो ताकि ग्रामीणों की सुविधा के लिए जो ट्रांसफार्मर लगा है उससे ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

## छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ मस्तूरी का बैठक हुआ सम्पन्न,प्रदेश सलाहकार महेश तिवारी ने किया कई विषयों पर चर्चा।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी। बुधवार को मस्तूरी में स्थित छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के कार्यालय में एक दिवसीय विशेष बैठक आहूत किया गया था, जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय पत्रकार संघ की बैठक एवं इसके प्रकाशन बाबत मस्तूरी ब्लॉक के छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की बैठक प्रदेश सलाहकार महेश तिवारी एवं संभागीय सचिव विनोद श्रीवास्तव की उपस्थिति में की गई। इस बैठक में राज्य एवं संगठन द्वारा लिए गए

निर्णय के बारे में अवगत कराया गया,और प्रदेश सलाहकार महेश तिवारी ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय संगठन के बैठक एवं छत्तीसगढ़ पत्रकार कल्याण संघ के स्मारिका प्रकाशन के विषय में जानकारी दी गई उपरोक्त कार्यक्रम में सभी संगठन के इकाइयों को स्मारिका के प्रकाशन में 40% की सहयोग राशि देने की बात कही। इस बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा योजना के लिए सतत संपर्क की बात कही गई । बैठक में शामिल होने आए प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने मस्तूरी ब्लाक के वार्षिक कैलेंडर के प्रकाशन की बधाई दी साथ ही ब्लॉक इकाई के कार्य की भरपूर सराहना की गई ।भविष्य में मस्तूरी ब्लाक के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उत्तरोत्तर जवाबदेही एवं सहयोग की कामना के साथ शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश सलाहकार महेश कुमार तिवारी ,संभागीय सचिव विनोद श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा ,पत्रकार मुबीन फारुकी, पत्रकार उपेंद्र शुक्ला, पत्रकार जितेंद्र पूर्ति , के साथ मस्तूरी संगठन के अध्यक्ष विजय सुमन, उपाध्यक्ष रघु यादव, सचिव हरीओम श्रीवास, विनोद बघेल,विमल कांत, दिनेश पाटले, हरि यादव, करण अंचल, अनुराग साहू, चंद्रप्रकाश निणेजक, अमित कुंटे, जितेन्द्र लहरें, धनंजय खुंटे , राजेश निषाद,विवेक देशमुख उपस्थित रहे। बैठक संपन्न के उपरांत मस्तूरी संगठन के पत्रकार साथी चंद्रप्रकाश निणेजक का जन्मदिवस भी था जिस पर सभी पत्रकार साथियों की उपस्थिति में पत्रकार साथी चंद्रप्रकाश निणेजक के जन्मदिवस पर केक काटकर उसे बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी गई।

## क्रिकेट प्रतियोगिता झलमला सीपत में मुख्य अतिथि के रूप में रहे कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने किया शुभारम्भ

### कांग्रेस सरकार खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे आने का मौका दे रही : राजवाल

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झलमला में झलमला एकता क्लब क्रिकेट द्वारा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका पहला ईनाम बीस हजार व कप और दूसरा दस हजार व कप तीसरा पाँच हजार व कप रखा गया है। शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा, पूजा अर्चना श्रीफल तोड़कर और फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने खिलाड़ियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे आने का मौका दे रहा है। जिसमें पहला उद्घाटन मैच नगोई टीम और लखराम टीम के बीच रखा गया जिसमें लखराम टीम ने बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में अस्सी रन का टार्गेट दिया नगोई टीम ने छः ओवर में इक्यासी रन बना कर मैच में जीत हासिल कर लिया। अतिथियों द्वारा आयोजन समिति को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हौसला बढ़ाया और कहा सरकार द्वारा दिए जा रहे खेल के मदद के बारे में बताया गया, सभी खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया, किस तरह से आप खेल में आगे बढ़ सकते है और अपने आर्थिक स्थिति को खेल के माध्यम से सुधारा जा सकता है, उद्घाटन मैच में उपस्थित मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता अशोक राजवाल, अध्यक्षता सभापति राहुल सोनवानी,विशिष्ट अतिथि सभापति अंकित गौराहा,विशिष्ट अतिथि अरविंद लहरिया, अतिथि युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र यादव, महासचिव विकास दुबे, अथर्व मगर,जानू टंडन आजोजक समिति जफर, अजीज, अंशु, शेरा, शंभु, विनोद, फि रोज, मुकेश, वारिस, जुल्फिकार ग्रामवासी खिलाड़ीगण एवं समस्त क्रिकेट समिति के लोग आदि उपस्थित रहे।

## मस्तुरी विधानसभा में हाथ से हाथ जोडो अभियान वरिष्ठ कांग्रेसी कमल डहरिया व कांग्रेस जिला सचिव अरविंद लहरिया के नेतृत्व में भरारी जोन से प्रारंभ हुआ

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। ब्लॉक कांग्रेस मस्तुरी के भरारी जोन में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडो अभियान कार्यक्रम ग्राम भरारी से आरंभ होकर ग्राम पंचायत केंवट-ाडीह में समापन हुआ।इस दौरान जिला पंचायत सभापति राजमहंत राजेश्वर भार्गव वरिष्ठ कांग्रेसी कमल डहरिया, जिला सचिव अरविंद दिलीप लहरिया व जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुकृता खुटे भरारी व केंवटाडीह में पदाधिकारी और कार्यकर्ता पैदल गली गली मोहल्ले ,घरों में पहुंच कर आमजन से केंद्र सरकार के नाकामी और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में संवाद किया।

जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव ने भरारी में घर घर जाकर लोगों के बीच पहुंच कर बताया कि भाजपा सरकार जाति धर्म के नाम पर आम जनता को गुमराह कर ध्यान भटका रही है। हमें भाजपा के नेताओं के बहकावे में नही आना है।छत्तीसगढ़ के मुखिया कांग्रेस स-रकार हमारे साथ है हमारे हमदर्द है जो सभी वर्गों को ध्यान में रखकर

छत्तीसगढ़ की जनता को हर संभव महंगाई बेरोजगारी से बचाने के लिए अपने अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर रही है।हमारे छत्तीसगढ़ सरकार की बदौलत आज छत्तीसगढ़ राज खुशहाल है।

वरिष्ठ कांग्रेसी कमल डहरिया लोगों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के उपलब्धियों को गिनाए और कहा केंद्र सरकार की गलत नीतियों से महंगाई लगातार बढती जा रही है।इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कभी जनता से झूठे वायदे नही किए जो वायदे किए सत्ता में आते ही पूरे किए। इसलिए आने वाले समय में हमें छत्तीसगढ़ में मस्तुरी विधानसभा में अपने हक के लिए जिम्मेदारी के साथ कांग्रेस की स-रकार बनानी है।

महिला कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुकृता खुटे ने बताया हाथ से हाथ जोडो अभियान पूरे देश मे चल रहा है,मोदी स-रकार अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की नीतियों से पूरा देश खासकर मध्यम गरीब वर्ग चिंतित है परेशान है,हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश स-रकार किसानों, महिलाओं, बेरोजगा-रों व छात्र छात्राओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर छत्तीसगढ़ के लोगों के बोझ को कम करने के लगातार कार्य कर रही है। युवा नेता कांग्रेस जिला सचिव अरविंद दिलीप लहरिया ने भी कहा आज के वर्तमान समय में हर वर्ग केंद्र में मौजूदा मोदी सरकार से तंग आ चुका है।देश में किसानों की दुर्दशा हो रही है,युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है,मंहगाई से लोगों का जीना दुर्लभ हो रहा है।आज केंद्र की मोदी सरकार के बजट से लोगों को उम्मीद थी सभी की उम्मीद धरी की धरी रह गई।आज हमारी छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ खडे हैं किसानों के साथ युवाओं के साथ महिलाओं के साथ विभिन्न योजनाओं को लाकर छत्तीसगढ़ की जनता को खुशहाल बनाने में हरसंभव प्रयास करते आ रहे हैं।आज छत्तीसगढ़ की जनता माननीय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। समय आ गया है देश प्रदेश और विधानसभा में अपनी कांग्रेस की सरकार बनाकर हम भी अपनी कर्तव्य को पुरा करें। सभी कांग्रेसियों ने भरारी जोन में ग्राम पंचायत भरारी व केंवटाडीह के घर घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों व वायदा खिलाफी व छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहचाया। इस मौके पर युवा नेता विशंभर खुटे, सुभाष टंडन,सुरेश दुबे, गणेशदत्त राजू तिवारी, जोन अध्यक्ष चंदराम साहू, सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

## बिरसा शिक्षक संघ ने हड़ताल के दौरान वेतन कटौती के भुगतान के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।( 17फरवरी )अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर बैठे शिक्षक संघ के अध्यापको का वेतन विभाग ने काट दिया था बाद में हड़ताल समाप्त होने के बाद वेतन काटने के आदेश को वापस लिए लिया गया लेकिन अभी तक हड़ताल में बैठे अध्यापको का वेतन नहीं मिला हैं जिसको लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बिरसा ने कलेक्टर के नाम बिरसा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमे मध्य प्रदेश शिक्षा संघ हड़ताल अवधि का वेतन कटौती भुगतान को लेकर तहसीलदार श्रीमती देवंती परते को ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सहसंयोजक प्रह्लाद पटेल,

तहसील अध्यक्ष एस के नेवारे, ब्लॉक अध्यक्ष एस आर उके, विकासखंड बिरसा के अंतर्गत आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के आह्वान पर महा सितंबर 2022 में हड़ताल अवधि 17 दिवस में शामिल हुए थे उस विषय को लेकर हड़ताल अवधि जिले के निम्नलिखित शिक्षकों को बहाल कर दिया गया इस अनुरूप विकासखंड बिरसा के हड़ताल में सम्मिलित सभी शिक्षक संवर्ग का वेतन कटौती का भुगतान हेतु को लेकर मांग की गई हैं।

## कानपुर में किसान के दरवाजे उर्दू में लिखी खून से सनी चिट्ठी लेकर पहुंचा कबूतर

### घटना से बिधनू थाने के कठारा में दहशत, पुलिस छानबीन में जुटी

सुनील बाजपेई

कानपुर । आज यहां गुरुवार की सुबह से बिधनू थाने के गांव कटारा में आने वाले ग्रामीण दहशत में हैं। वजह है यहां के एक किसान को कबूतर के जरिए खून से सनी उर्दू में लिखें चिट्ठी का मिलना।

यहां गले में लटकाए यह चिट्ठी लेकर कबूतर जैसे ही पहुंचा।किसान ने पड़ोसियों की मदद से कबूतर को पकड़कर गले से चिट्ठी उतारी। चिट्ठी खोली गई तो उसमें वगार्कार भाग के अंदर उर्दू भाषा में लिखी कई पंक्तियां देख ग्रामीण दहशत में आ गए और उन्होंने इस चिट्ठी को पढ़वाने के लिए उर्दू के जानकारों की खोजबीन शुरू कर दी` वहीं घटना की जानकारी से आसपास गांवों के लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी है। प्राप्त विवरण के मुताबिक कठारा गांव निवासी किसान धर्मेंद्र कुशवाह आज गुरुवार सुबह दरवाजे मवेशियों को चारा दे रहे थे। तभी एक कबूतर गुटुर-गुटुर करता हुआ उनके चबूतरे पर बैठ गया।

किसान धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि इस कबूतर के गले में सफेद धागे में एक कागज का टुकड़ा बंधा हुआ था। जिसे देख धर्मेंद्र ने पड़ोसियों की मदद से कबूतर को पकड़ गले से धागे से बंधे कागज के टुकड़े को उतारकर खोला तो उसमें उर्दू भाषा में लिखी चिट्ठी थी ।

इस चिट्ठी में वगार्कार भाग के बीच सात पंक्तियों में कुछ लिखा था। चिट्ठी के दूसरी ओर खून भी लगा था। जिसे देख किसान समेत ग्रामीण दहशत में आकर तरह तरह के अनुमान लगाकर चर्चा करने लगे। ग्रामीणों ने कबूतर को एक पिजड़े में कैद कर पुलिस को जानकारी दी। साथ ही उर्दू भाषा के जानकारों की तलाश शुरू कर दी, जिससे उर्दू में लिखी चिट्ठी पढ़ा जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में मिरगपुर सरपंच की मौत, तीन अन्य हुए घायल

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 17फरवरी )एक बार फिर तेज रफ़्तार चलाते वाहन की चपेट में आने से मिरगपुर सरपंच की मौत हो गयी।यह दर्दनाक हादसा रामपायली थाना क्षेत्र के अमई में हुआ जिसमे मिरगपुर सरपंच रवि देशमुख की मौत हो गई वही पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य लोग घायल हो गए हैं। जिसमें गंभीर रूप से घायल पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद बोरकर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार घटना गुरुवार के दोपहर लगभग डेढ़ बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर चालक ने सरपंच की कार को अपनी चपेट में ले लिया, डम्फर की रफ़्तार इतनी

तेज थी कि कार को डम्फर घसीटते हुए कुछ दूरी तक ले गया। एक दुकान भी डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई है, जिसमें कार चालक मिरगपुर सरपंच रवि देशमुख की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार में बैठे पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद बोरकर सहित डंपर की टक्कर से गिरी दुकान की चपेट में आने से एक बालक और बाइक चालक के भी घायल होने की बात सामने आ रही है।

बालाघाट में कांग्रेस प्रभारी के आगमन पर आयोजित कांग्रेस की बैठक में शामिल होने बालाघाट जा रहे मिरगपुर सरपंच रवि देशमुख और पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद बोरकर की कार को रेट से भरे डम्फर ने अपने चपेट में लें लिया जिससे सरपंच की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, एवं कार में सवार प्रमोद बोरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।टक्कर इतनी तेज हुई थी कि कार को निकालने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। घटना के बाद से डंपर को छोड़कर चालक फरार है।पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया हैं।

## वारासिवनी से गायब दोनों स्कूली छात्रों को पुलिस ने किया दस्तयाब

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 17फरवरी ) वारासिवनी थाना अंतर्गत मुरझड़ निवासी दो छात्र घर से स्कूल जाने के लिए निकले लेकिन वे दोनों स्कूल नहीं पहुंचे जिससे परिजनों में खलबली मच गयी। परिजनों ने आस पड़ोस नात रिश्तेदार व छात्रों के दोस्तों के यहाँ जानकारी ली लेकिन दोनों छात्रों का कहीं पता नहीं चलने से परिजन पुलिस थाना पहुँचकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन में आकर जाँच शुरू कर दिया।

पुलिस ने अपनी जाँच हर पहलु से करते हुए खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में दोनों बालक रेलवे स्टेशन की ओर जाते और ट्रेन में बैठते नजर आए थे। जिससे साफ था कि छात्र, अपनी मर्जी से ट्रेन से बैठकर कहीं गए है। इसके बाद पुलिस लगातार रेलवे पुलिस से संपर्क में थी, इसी दौरान पुलिस को पता चला कि छात्र भोपाल स्टेशन में देखे गए है।

जहाँ 16 फरवरी को सुबह पहुंचकर पुलिस ने दोनों बच्चों को दस्तयाब कर लिया गया । हालांकि बच्चे क्यों गये और उनके पास यात्रा करने के लिए पैसे कहां से आए? यह अभी पता नहीं चल सका है।बच्चों के मन में ऐसा ख्याल कहाँ से आता हैं कि स्कूल न जाकर कहीं घूमने जाया जाय।यह सोचनीय विषय है कि बच्चे स्कूल से इतना कतरा क्यों रहे हैं।

## वी डी ओ ने बृहद गौ संरक्षण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण- दिए निर्देश

समाज जागरणअभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी जनपद के मुसाफिर खाना के खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद ने क्षेत्र के बृहद गौ संरक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गोवंशों के लिए खानपान एवं चारा भूसा के साथ-साथ साफ सफाई का जायजा लेने के उपरांत संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

गुरुवार को खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद ने विकासखंड की ग्राम पंचायत दादरा पूरे पहलवान पूरे परवानी के गौ संरक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गोवंशों के चारा भूसा एवं पशु आहार का जायजा लिया इसके साथ साथ नियमित रूप से गोवंश आश्रय स्थल के आसपास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद ने बताया कि पूरे परवानी गौ संरक्षण केंद्र पर एक गोवंश के बीमार होने की जानकारी होने के उपरांत उसके

उपचार हेतु स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सीय परीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया इसके साथ साथ गोवंश संरक्षण केंद्र पर तैनात कर्मियों को नियमित रूप गोवंशों को से चारा भूसा पशु आहार देने के साथ-साथ गोवंश आश्रय स्थल पर साफ-सफाई रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## पुलिस के हस्ताक्षेप के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश पा सकी इंटर की छात्रा

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन जीजीआईसी मुसाफिरखाना की छात्रा अंकिता साहू को परीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे बाद पुलिस के हस्ताक्षेप के उपरांत प्रवेश मिला इससे पहले छात्रा ने डीएम से भी दूरभाष पर संपर्क किया लेकिन केंद्र व्यवस्थापक ने 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति दर्शा कर परीक्षा से वंचित करने का प्रयास किया था फिलहाल अभिभावक ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है।

मामला जीजीआईसी मुसाफिरखाना से संबंधित है इंटरमी-डिएट की छात्रा अंकिता साहू पुत्री नन्हे लाल को विद्यालय द्वारा पहले यह कहकर 3 दिन से दौड़ाया गया कि आपका प्रवेश पत्र नहीं आया है ऑनलाइन प्रवेश पत्र लेकर जब वह परीक्षा देने गुरुवार को द्वितीय पाली में केंद्र पहुंची तो उसे बताया गया कि ऑनलाइन प्रवेश पत्र मान्य नहीं है परीक्षा शुरू हो गई थी घबराई छात्रा ने डीएम अमेठी से दूरभाष पर संपर्क किया तो डीएम ने किसी नोडल अधिकारी का दूरभाष नंबर दिया जिसपर संपर्क करने के बाद बताया गया कि आपने प्रैक्टिकल नहीं दिया है आपकी उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं है लिहाजा परीक्षा नहीं दे सकती बोर्ड परीक्षा में लगे कर्मियों की घोर लापरवाही के चलते छात्रा डिप्रेशन में आ गयी लड़की की नाजुक हालत देख पिता नन्हे लाल ने उसे ढ़ाढस बांधाते हुए कोतवाली लेकर पहुंचे तब मौजूद पुलिसकर्मी छात्रा के पिता को साथ लेकर छात्रा को परीक्षा केंद्र पर एंट्री दिलाने के लिए विद्यालय पहुंचे पुलिस के हस्तक्षेप के बाद 2 बजे से चल रही इंटरमीडिएट हिंदी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में छात्रा अंकिता साहू 3 बजकर 50 मिनट पर प्रवेश पा सकी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद छात्रा ने विलंब से ही सही परीक्षा दे सकी परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रा ने मुसाफिरखाना पुलिस को बोला थैंक्यू अंकल आपकी वजह से हमारा भविष्य बिगड़ते बिगड़ते बच गया प्रकरण की शिकायत अभिभावक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है।

## तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम में ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति

### आरआरएसजीएस के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में लगाए स्टॉल

**विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में प्रस्फुटित होगी नवोन्मेष की भावना - प्रवेश कुमार श्रीवास्तव**

आरआरएसजीएस के बच्चों के बनाए विज्ञान मॉडल्स को मिली सराहना

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी। एच.ए.एल. में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में स्थानीय ब्लॉक के राजर्षि रणञ्जय सिंह ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल्स के द्वारा लोगों की वाहवाही लूटी। ग्लोबल स्कूल के बच्चों के द्वारा बनाए गए बेहतरीन मॉडल्स की लोगों ने बेहद प्रशंसा की।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब अमेठी द्वारा एच.ए.एल. अमेठी में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नवप्रवर्तन के अंतर्गत तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में अमेठी जनपद के अनेक स्कूलों के साथ ही राजर्षि रणञ्जय सिंह ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्र-हरि ने किया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने नवोन्मेष की भावना के अंतर्गत अपने विज्ञान मॉडल्स प्रस्तुत किए। सभी लोगों ने बच्चों के मॉडल्स की खूब तारीफ की।

इस अवसर पर उत्कृष्ट मॉडल्स के लिए बच्चों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा, कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में नवोन्मेष की भावना प्रफुटित होगी।

## पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा।

### हाईस्कूल में 1453 व इंटरमीडिएट में 1405 परीक्षार्थी दोनों पालियों में रहे अनुपस्थित।

समाज जागरणअभिषेक तिवारी अमेठी अमेठी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2023 की पहले दिन की परीक्षा जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आज जनपद अमेठी में सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बोर्ड परीक्षा हाई में हाईस्कूल में कुल पंजीकृत 28691 परीक्षार्थियों में से दोनों पालियों में 1453 परीक्षार्थी तथा इंटरमीडिएट में में कुल पंजीकृत 23061 परीक्षार्थियों में से दोनों पालियों में 1405 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सचल दल की टीमों द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। बताते चलें कि जनपद अमेठी में 91 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा आयोजित हुई।

## विकास यात्रा में बैहर विधानसभा के हर ग्राम पंचायत में जनता को मिल रहा हैं लाभ

### पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम व जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम दें रहे हैं सौगातों का उपहार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 17फरवरी )जिले में 05 से 25 फरवरी तक निकाली जा रही विकास यात्रा की कड़ी में 16 फरवरी को बैहर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-108 विकासखण्ड बैहर के ग्राम धीरी, मोहरई, जैतपुरी स्वास्थ्य विभाग व बैहर विधानसभा पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम व जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम के द्वारा 52 हितग्राहियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में लाभांवित किया गया है।

ग्राम पंचायत धीरी में पूर्व विधायक भगतसिंह नेताम एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनुपमा नेताम, अन्य पदाधिकारियों, ग्रामीण जन एवं सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं में ग्राम पंचायत धीरी, मोहरई और जैतपुरी से जननी सुरक्षा योजना में 48 हितग्राहियों को प्रसव सहायता योजना में 14 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया । इस दौरान ग्रामीणों को संवाद के माध्यम से शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस विकास यात्रा में स्वास्थ्य विभाग से डॉ रामलाल पंचेश्वर, प्रवीण जैन, सेक्टर सुपरवाइजर,आशा पर्यवेक्षक और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पर्यटन विभाग के सचिव, जिलाधिकारी व एसपी ने मंदार का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौसी/बांकाः- सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार, अभय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को बौंसी प्रखंड स्थित मंदार हील पर्यटन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अंशुल कुमार एवं एसपी डॉ सत्यप्रकाश सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ मंदार पर्वत का जायजा लिया। पदाधिकारियों के साथ आए सचिव व जिलाधिकारी के साथ-साथ मंदार व अन्य कार्यों के बारे में मंथन किया गया। पदाधिकारियों के साथ सबसे पहले पापहरणी सरोवर का जायजा लेने के बाद पर्यटन विभाग के द्वारा बनाए गए मंदार में दुकानों की जानकारी ली गई। साथ ही पर्वत शिखर पर जाने वाली सीढ़ियों के उखड़े हुए पेवरस ब्लॉक को लगवाने, रेलिंग की मरम्मत के साथ-साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके



बाद पदाधिकारियों के साथ रोपवे के माध्यम से पर्वत शिखर पर पहुंचे। जहां जैन मंदिर सहित पर्वत शिखर से मंदार की खूबसूरती का दीदार किया। सचिव ने मंदार के व्याख्यान केंद्र का भी जायजा लिया और जल्दी से आरंभ कराने की बात कही। इसके पूर्व वन विभाग के द्वारा बनाई जा रही इको डायवर्सन पार्क का भी उन्होंने जायजा लिया। बताया गया कि पर्यटक की सुविधा के साथ-साथ यहां पर सौंदर्यीकरण के लिए भी कई कार्य किए जाएंगे। पापहरणी सरोवर के मध्य में लाइट और साउंड के साथ साथ लेजर शो लगाने का कार्य भी किया जाएगा। सरोवर में म्यूजिकल फाउंटेन की स्थापना की जाएगी। मोटर वोट को चालू किया जाएगा। मंदार में जिन सुविधाओं का विकास पर्यटकों के लिए किया गया है। सभी सुविधाओं को सही करने तथा एक गेस्ट हाउस निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव महोदय के साथ जिला पदाधिकारी, बांका, पुलिस अधीक्षक, बांका, जिला पर्यटन पदाधिकारी, बांका के साथ अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बांका जिला के क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी समिति की बैठक

**ब्यूरो/रिपोर्ट समाज जागरण**

बांकाः जिला क्रिकेट संघ की ओर से (बांका) जगतपुर में क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वरनवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक की संपुष्टि की गई साथ ही संघ की ओर से एक टूनार्मेंट आयोजित करने की बात कही गई जिसका नाम स्वर्गीय वृकोदर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के नाम की सहमति ली गई। बैठक में इस टूनार्मेंट का जिले के 4 रजिस्टर्ड क्लब के अलावा चार बाहरी जिला की टीम शामिल होने की बात कही। तथा बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सभी हेमन टॉफी में भाग लेने पर सहमति जताई गई जिसमें क्रिकेट संघ के सचिव को कार्यभार सौंपा गया साथ ही अपने विवेक से टूनार्मेंट के परफॉर्म के खिलाड़ी एवं जिले के कुछ छुटे हुए खिलाड़ियों को लेकर सिलेक्टर के माध्यम से चयन कर हेमन ट्रॉफी में भाग ले जाने की बात कही। इसी क्रम में कुछ खिलाड़ियों द्वारा दिए गए माफीनामा आवेदन पर सर्वसम्मति से



निर्णय लिया गया की जो बांका जिले के निवासी है उन्हें रजिस्ट्रेशन कर उनकी क्षमता को देखते हुए टीम में शामिल करने का अधिकार क्रिकेट संघ के सचिव को कार्यभार संभालने की बात कही। वही अध्यक्षता कर रहे क्रिकेट टीम के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश बरनवाल नए सुझाव देते हुए बताया कि एक टूनार्मेंट बांका प्रियम नदी के तट पर आयोजित कर जिले की खिलाड़ियों को तराशा जाना चाहिए जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने गंभीरता पूर्वक निर्णय पर सहमति जताई। बैठक में मुख्य रूप से संघ के सचिव उत्तम कुमार राय, संगीत सचिव राज किशोर यादव कोषा अध्यक्ष गौरव सहाय कन्हैया प्रसाद चौहान व विशेष आमंत्रित संघ के पूर्व सचिव विष्णु कुमार उपस्थित थे। ज्ञात हो कि आगामी 19 फरवरी 2023 दिन रविवार को जिले के चैंपियनशिप टूनार्मेंट का फाइनल मैच बाराहाट के भेड़ा मोड़ स्थित खेल मैदान में 10:30 से महादेव क्रिकेट क्लब बाबू टोला बांका वर्सेस मा तारा क्रिकेट क्लब बाबू टोला के बीच खेला जाएगा। आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रूप में बांका विधायक सह पूर्व मंत्री माननीय रामनारायण मंडल जी के कर कमलों द्वारा मैच का उद्घाटन किया जाएगा।

## सेवा के सहयोग विश्वसनीयता तथा समर्पण से यह विश्वविद्यालय फले फूले हमारी अपेक्षा एवं शुभकामनाएं हैं- चांसलर

***श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज में कुलाधिपति प्रो.(डॉ.) अवध किशोर राय की अध्यक्षता में हुई विश्वविद्यालय की आंतरिक बैठक***

उदाकिशुनगंज के श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में आंतरिक बैठक का विधिवत आयोजन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो डॉ वध किशोर राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

बैठक के दौरान जहां विश्वविद्यालय के कई अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया वहीं कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी किया गया।

अपने स्वागत भाषण में चांसलर ने कहा कि प्रस्तावित श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के स्थापना का उद्देश्य से युवा वर्गों में शैक्षिक एवं प्रशिक्षित क्षमता के उन्नयन के अवसर तथा इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने हेतु एक भागीरथी प्रयास मील का पत्थर होना चाहिए, सेवा के सहयोग विश्वसनीयता तथा समर्पण से यह विश्वविद्यालय फले फूले हमारी अपेक्षा एवं शुभकामनाएं हैं।

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के विजिटर प्रोफेसर सुनीता झा की उपस्थिति में कुलाधिपति के द्वारा कुलसचिव के पद पर डॉक्टर इंजीनियर सिप्पू कुमार, परीक्षा नियंत्रक के रूप में चंद्रशेखर मिश्रा, पीआरओ के रूप में मुदस्सिर सिद्दीकी, सैक्सन ऑफिसर के रूप में अनिल कुमार वहीं कुलाधिपति के निजी सचिव के रूप में अभिषेक आचार्य को प्रतिनियुक्त किया गया।

विश्वविद्यालय का एक अलग बैंक अकाउंट खोलकर दान दाताओं के द्वारा किए जा रहे सहयोग को जमा



करने का प्रस्ताव लिया गया, साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि डीपीआर के अवलोकन पश्चात अगली बैठक की तिथि निर्धारित की जाएगी।

श्री कृष्णा ग्राम्य विकास सह पर्यावरण संरक्षण संस्थान के विजिटर प्रोफेसर सुनीता झा ने विश्वविद्यालय के विकास हेतु सहयोग देने वाले लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है साथ ही उन्होंने यह घोषणा भी की है कि जब तक विश्वविद्यालय बिहार सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हो जाता तब तक विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का मानदेय, आयोजित होने वाले बैठकों आदि का भी व्यय श्री कृष्णा ग्राम्य विकास सह पर्यावरण संरक्षण संस्थान जो विश्वविद्यालय का संपोषक है उन्हीं के माध्यम से होगा।

विश्वविद्यालय की प्रथम बैठक उत्साहवर्धक एवं प्रगतिशील रही तथा संस्थापक कुलाधिपति ने विश्वास व्यक्त किया कि आगे की बैठक में विश्वविद्यालय अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग राज्य सरकार में समर्पित कर लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त कर लेगी तथा लक्ष्य रखा गया है कि 6 महीने के अंदर विश्वविद्यालय समस्त रोजगार परक शिक्षा प्रदान करने हेतु सक्षम हो जाएगी। इस बैठक में एल एन कॉलेज बनगांव के संस्थापक सचिव पंडित उमाशंकर खां के द्वारा 1लाख रूपए एवं प्रोफेसर सुनीता झा के द्वारा 2 लाख सहयोग के रूप में विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया। संस्थापक सदस्यों की इस बैठक के दौरान मौके पर पूर्व कुलसचिव डॉ0 कपिलदेव प्रसाद यादव, मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के संस्थापक प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, यूवीके कॉलेज करामा के संस्थापक प्राचार्य डॉ माधवेंद्र झा, एलएन कॉलेज बनगांव के संस्थापक सचिव पंडित उमाशंकर खां, सीए सोना झा,प्रोफेसर शिव कुमार यादव, प्रोफेसर शिव किशोर सिंह, शारदाकांत भारद्वाज, संजीव कुमार सुमन, सच्चिदानंद सचिव, आशुतोष कुमार अंजन, मुकेश कुमार, रुपेश कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## इंडो- नेपाल क्रिकेट टूनार्मेंट दूसरा क्वाटर फाइनल मैच जोगबनी ने 73 रन से अररिया को हराया

**समाज जागरण**

जोगबनी हाई स्कूल मैदान में चल रहे इंडो- नेपाल क्रिकेट टूनार्मेंट का गुरुवार को खेले गए दूसरा क्वाटर फाइनल मैच जोगबनी बनाम अररिया के बीच खेला गया । टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी जोगबनी की टीम ने निर्धारित 20 ओभर में 153 रन बनाया । जबाब में उतरी अररिया के टीम मात्र 80 रन पर सिमट गयी । मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार विजेता जोगबनी टीम के बॉलर खिलाड़ी जिसने दो महत्वपूर्ण विकेट और 24 रन का योगदान दिया को मैच में अतिथि जेनिथ पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल कविता खान के हाथों



दिया गया । इस मौके पर खुर्शीद खान , मोहम्मद वाहिद , सनाउल हक व अन्य खेलप्रेमी खिलाड़ियों को हौशला अफजाई करते दिखे । मैच देखने सीमा पार नेपाल से भी बड़ी संख्या में खेलप्रेमी पहुचे थे । टूनार्मेंट का अध्यक्ष अंजार अहमद सचिव सुफियान शेख ने बताया कि यह टूनार्मेंट का फाइनल 19 फरवरी को होगा । टूनार्मेंट के लिए चांद नवाब ,हसन राजा , सद्दाम हुसैन , अमित झा ,राकेश साह , छोटू नोमानी , सुमित शर्मा सक्रिय योगदान दे रहे है । एम्पायर विजय श्रीवास्तव , राकेश साह थे ।

## क्रांतिकारी नेता पूर्व सांसद आनंद मोहन जी की बिटिया की शादी में शरीक हुए परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पं. अजय झा

***वर- वधु को दिये आशीर्वाद, नेताजी से पुरानी यादें को किया ताजातरीन***

**पटना/ अररिया/प्रो. रंजन ठाकुर समाज जागरण**

क्रांतिकारी नेता पूर्व सांसद आनंद मोहन व लवली आनंद की लाडली आयुष्मति सुरभि आनंद की शाही शादी में परशुराम से जुड़े लावलश्कर के साथ सीमांचल के वरीय सामाजिक कार्यकर्ता,अररिया विधानसभा सीट से एन डी ए के प्रत्याशी रहे परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पं. अजय झा

समारोह में सम्मिलित हो वर -वधु को हृदय से आशीर्वाद दिया ।

बड़े भाई श्रीमान आनंद मोहन जी के साथ पुरानी कुछ बातों पर चर्चा हुई जैस अररिया से एकमात्र विधायक विजय मंडल जी जो उस समय ढाल तलवार चुनाव निशान बिहार पीपुल्स पार्टी से जीत हासिल आदि सारी पुरानी यादें भी ताजातरीन की गई ।उन्हौने श्री मोहन के प्रति ईश्वर से कामना किया कि मेरे बड़े भाई स्वस्थ रहें , चिरंजीवी रहे और जल्दी पूर्ण रूप से रिहा हो जाए ।इस मौके पर सीमांचल से कई दिग्गज भी इस समारोह में दिखे ।

## बंदोबस्ती भूमि पर जबरन आंगनवाड़ी भवन बनाने को लेकर सरपंच को दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत पौदार**

बांका/चांदनः प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी बारने पंचायत के जोगमारण गांव निवासी भूमि हीन बसंती देवी पति डालो खैरा ने ग्राम कचहरी सरपंच हरीश ठाकुर को लिखत आवेदन देकर वार्ड सदस्य के विरुद्ध जबरन आंगनवाड़ी भवन निर्माण कराने की बात कही है। लिखित आवेदन में बसंती देवी ने बताई है कि 1989 में सरकार द्वारा बन्दोबस्ती जमीन मिला था। तब से आज तक उसी जमीन पर हम पति-पत्नी जोत आवाद करते आ रहा हूं। यहां तक कि मकई कुर्थी साग सब्जी उगा कर अपने परिवार की भरन पोषण कर जिविका चलाते आ रहा हूं। जीविका चलाने के लिए बिहार राज्य सरकार के आदेशानुसार बांका के अनुमंडल



पदाधिकारी द्वारा कबलियत, एवं परवाना देखकर अंचल द्वारा राजस्व रसीद प्राप्त कर वसूली की जा रही है। बावजूद पंचायत के वार्ड सदस्य सत्ता का दबदबा कायम कर उक्त बंदोबस्ती जमीन पर आंगनवाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है। जिससे भूमिहीन बसंती देवी दर-दर मटक के इंसाफ की गुहार लगाते हुए ठाकुर को बंदोबस्ती का कागज दिखाकर न्याय की गुहार लगाई है। वही पीड़ित बसंती देवी के पुत्री सुंदरी देवी ने बताई कि इस संबंध में चांदन अंचलाधिकारी को आवेदन दिया गया है जिसे कर्मचारी को जांच करने का आदेश जारी किया गया है। बावजूद वार्ड सदस्य जबरन आंगनवाड़ी भवन का नींव तैयार कर रहा है। तो फिर सरकार के दिए हुए बन्दोबस्ती जमीन किस काम का। अब देखना है कि सरपंच साहब इस दुखिया के साथ किस प्रकार इंसाफ करते हैं।

## बी एन मंडल यूनिवर्सिटी नें मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में बनाया डिग्री पार्ट टू का मूल्यांकन केंद्र

***संबद्ध महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने जाहिर की खुशी***

***सत्र नियमितीकरण को लेकर पार्ट वन तथा पार्ट 2 की उत्तरपुस्तिका जांच हेतु बनाया गया है कुल चार मूल्यांकन केंद्र***

मधेपुरा । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा ने इस बार ऐतिहासिक फैसला लिया 2023 में बी एन ,मंडल यूनिवर्सिटी नें पार्ट वन तथा पार्ट टू का 4 मूल्यांकन केंद्र बनाया है, जिसमें एक संबद्ध महाविद्यालय मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा को मूल्यांकन केंद्र बनाया है। मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा को मूल्यांकन केंद्र बनाने से संपूर्ण बीएन मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत संबद्ध महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने खुशी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दिया है ।वहीं अगीभूत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भी इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा देर से ही सही ,उचित निर्णय लिया गया है।

प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार एवं महासचिव डॉक्टर माधवेन्द्र झा ने कहा है कि माननीय कुलपति प्रो.डॉ. आर के पी रमण ,उपकुलपति डॉ आभा सिंह, कुलसचिव डॉ मिहिर कुमार ठाकुर,परीक्षा नियंत्रक डॉ गजेंद्र प्रसाद यादव का नेतृत्व



विश्वविद्यालय को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने में बहुत जल्द ही सफल होंगे।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनोज भटनागर ने कहा कि वर्षों से लंबित मांग को तथा हम लोगों के अथक प्रयासको विश्वविद्यालय ने पूरा किया इसके लिए पूरा संघ परिवार की ओर से मैं विशेष रुप से बधाई देता हूं।

निदेशक के हवाले से उपनिदेशक डॉ भगवान कुमार मिश्रा जी ने बताया कि विश्वविद्यालय का निर्णय व आदेश साथ ही महामहिम राज्यपाल तथा बिहार सरकार का निर्णय सत्र नियमितीकरण को लेकर जो है, उसे देखते हुए 16 फरवरी 2023 से मूल्यांकन कार्य आरंभ कर दी गई है। ज्ञात हो कि इस केंद्र पर पार्ट 2 का मूल्यांकन होना है दिनांक 16 फरवरी 2023 को महाविद्यालयवार परीक्षक के नाम पत्र निर्गत किया जा रहा है। 17 एवं 18 फरवरी 2023 को योगदान का समय दिया गया है। 19 फरवरी से विधिवत उत्तर पुस्तिका जांच आरंभ हो जाएगी ताकि विश्वविद्यालय समय से परीक्षाफल प्रकाशित कर राज्य स्तर पर अपना प्रथम स्थान हासिल कर सके।

## पूर्णियां में जल्द हो एयरपोर्ट का निमार्णः हवाई सफर शुरू होने से आम-आवाम के साथ व्यापारी वर्ग के लोगो को मिलेगी सुविधा-संजीव मिश्रा

**पूर्णियां मांगे एयरपोर्ट**
**समाज जागरण**

मुख्यालय के जिला स्कूल रोड स्थित पनोरमा ग्रुप के कॉरपोरेट कार्यालय में गुरूवार को पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने बयान देते हुए कहा कि इन दिनों पूर्णियां एयरपोर्ट निर्माण को लेकर जिस तरह से लगातार विभिन्न सामाजिक संगठनो द्वारा आवाज उठाया जा रहा हैं वह काफी सराहनीय है।

सरकार जल्द से जल्द पूर्णियां एयरपोर्ट निर्माण कार्य की शुरूआत करे तो इससे पूर्णियां के साथ-साथ कोशी-सीमांचल के सुपौल,मधेपुरा,सहरसा, कटिहार समेत अंग की धरती भागलपुर से सटे बांका जिला झारखंड के साहेबगंज समेत अररिया-किशनगंज जिला के सीमवर्ती पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के भी लोगो को हवाई यात्रा करने में सुविधा मिलेगी एवं सभी के पास समय का बचाव भी हो पायेगा।

श्री मिश्रा ने आगे बताया की पूर्णियां हाल ही में बीते दो दिन पहले अपना 253 वें जिला स्थापना दिवस समारोह मनाया हैंऔर यह जिला आजाद हिन्दुस्तान के सबसे पुराने पांचवे जिला में से एक हैं जिनका पूरैणिया से पूर्णियां तक सफर काफी सराहनीय रहा है। यह जिला देश के आजादी के बाद अबतक लगभग कई अधिकारी-अफसर से लेकर



साहित्य के क्षेत्र में अमर कथाशिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु जी ने भी अपने अनेको कृति के माध्यम से पूरे विश्व स्तर पर अपनी एक अमीट पहचान बनाई। बीसवीं सदी के महान संत महर्षि मेँहीं परमहंस जी महाराज का पितृ गृह धरहरा भी इसी जिले का सौभाग्य है ।मगर अभी तक पूर्णियां में हवाई सफर की शुरूआत न होना कहीं न कहीं यह राजनितीक षड्यंत्र है जिसके कारण यहा के आम-अवामो के लिए काफी दुर्भाग्य भी है।

संजीव मिश्रा ने यही नही रूका उन्होने कहा की जिस तरह से आए दिन पूर्णियां में बाहर की अन्य कंपनी अपना पांव तेजी से पसार रही हैं यह कोशी-सीमांचल के लोगो के लिए काफी सराहनीय है। मगर अभी तक पूर्णियां में हवाई अड्डा न रहने से बाहर के विभिन्न व्यापारी वर्ग के लोगो को बाहर से यहां(पूर्णियां)आने-जाने में काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ता हैं साथ ही समय की भी काफी किल्लत होती हैं.

श्री मिश्रा ने बताया की जिस तरह पूरे बिहार में पटना के बाद पूर्णियां को मेडिकल का हब माना जाता हैं इससे सचमुच में पूर्णियां में हवाई सफर शुरू होने से यहां के आम-अवामो के साथ-साथ व्यापारी वर्ग के लोगो को काफी सुविधा होगी ।उन्हौने केन्द्र व राज्य सरकार से अपील करते हुए कहां की पूर्णियां में हवाई यात्रा के लिए भूमि अधिग्रहण कर लिया गया अब सरकार से नम्र निवेदन हैं की एयरपोर्ट निर्माण का कार्य जल्द शुरूआत करें।

## सहयोग के तत्वावधान में कौशल विकास केंद्र में नामांकन कैसे बढ़े पर कार्यशाला आयोजित- डॉ अजीत

**पूर्णियां समाज जागरण**

सहयोग प्रांगण आकाशवाणी रोड पूर्णिया में सात निश्चय योजना अंतर्गत बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन श्रम संसाधन मंत्रालय बिहार सरकार के अंतर्गत चल रहे कुशल युवा कार्यक्रम केवाईपी केंद्र के संचालकों को बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के टेक्निकल विंग एमकेसीएल के द्वारा किस प्रकार केंद्र में छात्रों की संख्या अधिक से अधिक की जाए इस विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम सहयोग संस्थान के अध्यक्ष डॉ अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ बूके देकर किया गया इस अवसर पर स्वागत गान प्रस्तुत किया गया स्वागत गान श्रुति झा रानी कुमारी ज्योति कुमारी ने गाया तबला और हारमोनियम पर संगत चंदन कुमार एवं देवाशीष कुमार ने किया आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ अजीत प्रसाद सिंह ने कहा सहयोग के लिए गौरव की बात है कि आज आप लोग सहयोग प्रांगण में पधारे हैं और केवाईपी कार्यक्रम मैट्रिक पास युवाओं के लिए है जो बहुत ही कारगर और कंप्यूटर के क्षेत्र में क्रांति का कार्य कर रहा है

कार्यक्रम में एमकेसीएल पूर्णिया जॉन के आरएम सैयद मोईन सहायक आर एम नवीन कुमार पूर्णिया एस सी एम राहुल कुमार अररिया एस सी एम साइक आजम पूर्णिया जिला कौशल प्रबंधक प्रेम प्रकाश उज्जैन पूर्णिया जिला के 46कौशल विकास केंद्र के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

इस अवसर पर कौशल विकास केंद्र को संबोधित करते हुए पूर्णिया जॉन



के आरएम सैयद मोईन ने पूर्णिया जिला के सभी केंद्र संचालक अपने अपने केंद्र में अधिक से अधिक छात्रों का नामांकन करें क्योंकि बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के द्वारा आप सभी को 120 छात्रों का इंटेक प्रदान किया गया है जिसे हर हाल में पूरा करना है वर्तमान समय मैट्रिक इंटर का परीक्षा का समय है परीक्षा उपरांत छात्र फ्री हो जाते हैं इस समय केंद्र में छात्रों को नामांकन हेतु जागरूक करें और वेकेशन का लाभ उठाते हुए उनका नामांकन ले वही इस अवसर पर सहायक आरएम नवीन कुमार ने केंद्र संचालकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने पर जोर दिया जिला कौशल प्रबंधक प्रेम प्रकाश उज्जैन ने केंद्र संचालकों को संबोधित करते हुए कहा केंद्र में छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए केंद्र पर कंप्यूटर प्रोजेक्टर या टीवी मोबाइल बैठने की उत्तम व्यवस्था साफ-सफाई पेयजल को सुचारू रूप से व्यवस्थित करना सुनिश्चित करें।

पूर्णिया एसीएम राहुल कुमार ने केंद्र के संचालकों को तकनीकी सहयोग हमेशा की तरह आगे भी करते रहने का आश्वासन दिया और कहा कि अगर किसी केंद्र को कोई भी तकनीकी परेशानी होती है वह टिकट रेंज करें और उसका समाधान होगा साथ ही केंद्र संचालकों से आग्रह किया कि प्रशिक्षक की पढ़ाने की व्यवस्था को और भी बेहतर करें ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके अवसर पर एसीएम साईक आजम ने केंद्र संचालकों को छात्रों और प्रशिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल बनाने को कहा ताकि अच्छे माहौल में प्रशिक्षण दिया जा सके कार्यक्रम में सहयोग संस्थान के सदस्य अक्षय कुमार रवि कुशवाहा भवेश कुमार अशोक कुमार राम राजकुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## घर में आग लगने से हजारों रुपए की नुकसान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत पौद्दार**

बांका/चांदनः बीते रात चांदन प्रखंड के सिणधरी पंचायत अंतर्गत कसई गांव के गोवी महतो पिता स्वर्गीय गुली महतो के घर अचानक आग लग जाने से हजारों रुपए की संपत्ति जल कर राख हो जाने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार कसई गांव के पिडित किसान बुधवार 15 फरवरी की रात खाना खा कर सभी परिवार सो गया था। इसी बीच अज्ञात सामाजिक तत्व द्वारा



घर में आग लग गई। आग लगने की घटना की जानकारी होते ही शोरगूल होने लगी, शोरगुल सुनकर गांव के लोग दोड़ कर आए तब तक देर हो चुकी थी,घर का सारा सामान जल कर नष्ट हो चुकी थी। हालांकि गांव वालो की मदद से आग में काबू पाया गया। लेकिन घर में रखे अनाज कपड़ आदि घर का सामान जल कर राख हो गया। जिसे लेकर पिडित किसान ने चांदन प्रशिक्षु विडियो अभिषेक कुमार को लिखित आवेदन देकर आपद प्रबंधन द्वारा सहायता करने की गुहार लगाई है।

## बी एन एम यू में नियुक्त शिक्षकों की मौलिक नियुक्ति तिथि की अधिसूचना जारी - कुलसचिव

**बीएसटीएफ के महासचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने व्यक्त किया आभार**

मधेपुरा । बीएनएमयू सीनेट की बैठक के पूर्व गुरुवार को वर्ष 2003 में विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना और वर्ष 2016-17 में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना की अनुशंसा के आधार पर नियुक्त शिक्षकों की मौलिक नियुक्ति तिथि जारी कर दी गई है।



इस हेतु गठित त्रिसदस्यीय समिति की अनुशंसा के आलोक में कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी।

बीपीएससी सेलेक्टेड टीचर्स फोरम (बीएसटीएफ) के महासचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने मौलिक नियुक्ति की तिथि जारी करने हेतु करने हेतु कुलपति सहित सिंडिकेट के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्ष 2003 और वर्ष 2016 एवं 2017 बैच के शिक्षकों की मौलिक नियुक्ति की तिथि जारी नहीं की गई थी। फोरम ने कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को आवेदन दिया और फोरम के अनुरोध पर डॉ. जवाहर पासवान ने सिंडिकेट में भी यह मामला उठाया था, जिसका अन्य सदस्यों ने भी समर्थन किया था। गत चार फरवरी को सिंडिकेट ने इस पर अपनी मुहर लगा दी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की मौलिक नियुक्ति की तिथि जारी करने का मामला लंबित है। 16 सितंबर, 2022 को संपन्न अभिषद् की कार्यावली संख्या-8 में इस मामले पर चर्चा हुई और संचिका के समुचित अध्ययनोपरांत अपेक्षित कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया था। तदनुसार एक त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया गया था समिति में डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका और विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री का नाम था।

## 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा 30 दिवसीय दो पहिया वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**कुसार्कांटा समाज जागरण**

नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2022-23 के अंतर्गत 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडिंग अधिकारी श्री ब्रजेश सिकरवार के निदेर्शानुसार कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत हाई स्कूल कुआंरी के प्रांगण में 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया और एस बी आई (आर सेटी) के द्वारा 30 दिवासीय दो पहिया वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि श्री मुकेश कुमार ( उप कमांडेंट



एसएसबी अररिया) और श्री श्याम सुंदर साह (अंचलाधिकारी,कुसार्कांटा) विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय कुमार (निर्देशक, एस बी आई (आर सेटी), श्री शशांक शेखर (कोर्स कोर्डिनेटर,एस बी आई (आर सेटी)मौजूद रहे , इस कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र मजरख, लैलोखर, और कुआरी के कुल 18 युवकों ने भाग लिया । जिन्हें एस बी आई (आर सेटी) के अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा 30 दिनों तक दो पहिया वाहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मुकेश कुमार उप कमांडेंट एसएसबी अररिया ने बताया कि एसएसबी ऐसे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित करती हैं हमारे ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि हम सीमवर्तीय क्षेत्रों में रह रहे बेरोजगार युवाओं को इतना काबिल बना सकें जिससे कि वह अपने पैरो पर खड़े हो सके और अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर सके , मौके पर उपस्थित श्री श्याम सुंदर साह, अंचलाधिकारी कुसार्कांटा ने भी 52वी वाहिनी एसएसबी अररिया की इस पहल की सराहना की साथ ही साथ मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी एसएसबी के इस कार्य की जमकर तारीफ की।

## विद्युतीय व्यवसायी महासंघ में अध्यक्ष रेशम कुमार देवकोटा तो महासचिव का दायित्व गोपाल अग्रवाल को

**बिराटनगर समाज जागरण**

विद्युतीय व्यवसायी महासंघ का नया कार्यसमिति में बिराटनगर का व्यवसायी गोपाल अग्रवाल महासचिव पद पर निर्वाचित हुए है । नव निर्वाचित श्री अग्रवाल ने बताया कि संस्था का अध्यक्ष रेशम कुमार देवकोटा प्रथम उपाध्यक्ष प्रेम बहादुर जी सी द्वितीय उपाध्यक्ष कोमल पोखरेल , तृतीय उपाध्यक्ष लेखनाथ सापकोटा , कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र पांडेय , सचिव विनोद लुइटेल , सह कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार श्रेष्ठ के अलावा सदस्यों में क्रमशः शंकर प्रसाद पोखरेल , केशव ढकाल , राजेश गौतम , शिवराज रिजाल , चंद्रकांत जैसी शर्मा , चन्द्रमणि देवकोटा , मनोज कुमार अग्रवाल , सरोज कुमार रेग्मी ,राजू भंडारी , लोकनाथ पोखरेल



, बिष्णु राज भट्ट , पुरषोत्तम अधिकारी , बालकृष्ण अग्रवाल निर्वाचित हुए है । बता दे कि बिराटनगर निवासी गोपाल अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष सहित विभिन्न संस्था से जुड़े हुए है। श्री अग्रवाल ने बताया मधेश प्रदेश से मनोज कुमार अग्रवाल , बागमती प्रदेश से सरोज कुमार रेग्मी , गण्डकी प्रदेश से राजू भण्डारी , लुम्बनी प्रदेश से लोकनाथ पोखरेल और सुदूर पश्चिम प्रदेश से बिष्णुराज भट्ट सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए हैं ।

## टीम पूर्णिया ने झारखंड के 2 वर्ष के हर्ष को पटना मे उपलबध करवाई रक्त

पटना/ पूर्णियां। टीम पूर्णिया इन दिनों पूर्णिया जिले और आस पास के रक्त के जरूरतमंद मरीज की सारथी बनी हुई है।टीम पूर्णिया के सदस्य रविनेश पोद्दार जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे है रविनेश ने जानकारी देते हुए कहते है की उन्हे सोशल मीडिया से जानकारी मिलती है की झारखंड राज्य के गोड्डा जिले का 2 वर्षीय हर्ष पटना एम्स मे भर्ती है और डॉक्टर ने उसे ऑपरेशन से पहले रक्त चढ़ाने को कहा है। हर्ष का रक्त समूह अ नेगेटिव था जो की काफी रेयर रक्त समूह है। रविनेश ने अपने मित्र राज बिहारी जी जो की पूर्णिया निवासी है और पटना मे रहकर पढ़ाई करते है उनसे रक्तदान करने का आग्रह किया।

# भारत निर्वाचन आयोग ने किया एक्जिट पोल से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन

संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,रांची दैनिक समाज जागरण

*• अधिसूचना का उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक कारावास और जुमार्ना का प्रावधान*

भारत निर्वाचन आयोग ने एक्जिट पोल से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन 6 फरवरी 2023 को कर दिया है। इसके तहत मेघालय, नागालैंड एवं त्रिपुरा विधानसभाओं के साधारण निर्वाचनों एवं घोषित उपचुनाव 2023 के लिये झारखण्ड के 23-रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, अरूणाचल प्रदेश के 01- लुम्ला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, तमिलनाडु के 98-इरोड(पूर्व) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के 60- सागरदीघी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और महाराष्ट्र के 215-कसबा पेठ एवं 205-चिंचवड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कार्यक्रम की घोषणा की गई है।

**अधिसूचना के तहत मतदान के दिन 16 फरवरी सुबह 7 बजे से 27 फरवरी की शाम 7 बजे की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन पर प्रतिबंध**

अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क की उप धारा (1)के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उक्त धारा की उप-धारा 2 के उपबंधों के दृष्टिगत मतदान के दिन 16 फरवरी(गुरुवार) सुबह 7 बजे से 27 फरवरी (सोमवार) की शाम 7 बजे के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके

परिणाम के प्रकाशन में या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा इस अधिसूचना में यह निर्दिष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किया जाए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा।

**एक्जिट पोल के लिये तारीख और समय को भी किया गया अधिसूचित**

इस अधिसूचना में एक्जिट पोल के लिये तारीख और समय को भी अधिसूचित किया गया है। जिसमें साधारण निर्वाचन की दशा में वह अवधि मतदान के मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से प्रारंभ हो सकेगी और सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रह सकेगी, परंतु भिन्न-भिन्न दिनों पर एक साथ कराए जाने वाले अनेक उप निर्वाचनों की दशा में वह अवधि मतदान के पहले दिन को मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से प्रारंभ हो सकेगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के पश्चात आधे घंटे तक जारी रह सकगी

**अधिसूचना में इसके उल्लघंन के मामले में सजा के प्रावधानों का उल्लेख**

अधिसूचना में इसके उल्लघंन के मामले में सजा के प्रावधानों का उल्लेख करते हुये कहा गया है कि ऐसा कोई व्यक्ति जो इस धारा के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, उसे 2 वर्ष तक की सजा होगी या जुमार्ना लगेगा या दोनों से दंडनीय होगा।

# प्रशासनिक सख्ती के आगे झुके रैयत, शिवरात्रि के बाद फिर वार्ता पर बनी सहमति,। धरने पर बैठे पारा शिक्षक को एसडीओ के आदेश पर बीईओ ने किया शोकॉज।

दैनिक समाज जागरण, दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड)

सरायकेलाः जिले के सरायकेला थाना अंतर्गत बीरबांस स्थित इनफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट लिमिटेड के अधीन स्थापित ब्रिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में स्थाई नियोजन की मांग को लेकर धरने पर बैठे रैयतों ने अंततः छः घंटे बाद प्रशासनिक सख्ती और शिवरात्रि के बाद त्रिस्तरीय वार्ता के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया.गौरतलब है कि पिछले कई सालों से इंफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क के रैयत ब्रिक्स इंडिया कंपनी लिमिटेड एवं श्रीउन्नत कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में स्थाई नियोजन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. रैयतों ने करीब 50 एकड़ जमीन कंपनी निर्माण के लिए इंफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क को दिया था. मगर कंपनी के अस्तित्व में आते ही दोनों कंपनियों ने रैयतों से किए गए वायदे से पल्ला झाड़ लिया. जिसके बाद रैयत आंदोलित हो उठे. रैयतों ने अपनी मांगों से प्रशासिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक अपनी फरियाद लगायी, मगर आजतक नतीजा सिफर रहा है. इस बीच कई बार रैयतों के स्थायी नियोजन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वार्ता होती रही मगर हर वार्ता के बाद रैयतों को आश्वासन का झुनझुना पकड़ा दिया गया. गुरुवार को एकबार फिर से रैयतों ने अपनी आवाज बुलंद की, करीब 6 घंटे तक रैयत अपनी मांगों के समर्थन में कंपनी गेट के समक्ष धरने पर बैठे मगर प्रशासनिक सख्ती के बाद रैयतों का हौंसला पस्त हो गया. जहां एकबार फिर से रैयत त्रिस्तरीय वार्ता के लिए सहमत हो गए और आंदोलन समाप्त सर दिया. वैसे देखना यह दिलचस्प होगा, कि क्या इस बार भी रैयतों को आश्वासन का झुनझुना पकड़ाया जाता है, या इनका स्थाई नियोजन होगा.

**क्या है परेशानी***

दरअसल बीरबांस के करीब 75 ग्रामीणों ने इनफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क को नौकरी और मुआवजा के इकरारनामे पर करीब 50 एकड़ जमीन दिया था. इंफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क ने ब्रिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मल्टीटेक ऑटो लिमिटेड और श्रीउन्नत प्राइवेट लिमिटेड के हाथों जमीन

बेच दिया. रैयतों ने जब उक्त कंपनियों में नियोजन की मांग की तो उक्त कंपनियों ने यह कह कर स्थाई नियोजन करने से इंकार कर दिया, कि उन्होंने इंफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क से जमीन का सौदा किया है. वे उनके पास जाएं, जबकि इंफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क का वजूद समाप्त हो चुका है. ऐसे में रैयत खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं. यही वजह है कि रैयत आज भी स्थाई नियोजन की मांग को लेकर दर- दर की ठोकरें खा रहे हैं.

**पांच थानों की पुलिस ने संभाली कमान**

रैयतों के उग्र रूप को देखते हुए पांच थाना प्रभारियों ने मोर्चा संभाल लिया. पुलिस केंद्र से सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई. सरायकेला एसडीपीओ, एसडीओ, सीओ सहित तमाम आला अधिकारी पूरे लाव- लश्कर के साथ मोर्चे पर डट गए. कई दौर की वार्ता के बाद करीब छः घंटे तक रैयत टस से मस नहीं हुए. अंतत एसडीपीओ के सख्ती के बाद रैयत टूट गए और शिवरात्रि के बाद त्रिस्तरीय वार्ता के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त करने पर सहमत हुए.

**सरकार के 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नौकरी नीति की उड़ रही धज्जियां: ग्रामीण**

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ सरकार स्थानीय लोगों को निजी कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण देने की बात करती है, दूसरी तरफ जिन रैयतों ने कंपनी स्थापित करने में अपना जमीन दिया, उन्हें ही कंपनियां रोजगार नहीं दे रही है. इससे साफ समझा जा सकता है, कि सरकार की कथनी और करनी में कितना फर्क है. रैयतों ने बताया कि तत्कालीन रघुवर दास की सरकार के कार्यकाल में उनसे फजीर्वाड़ा कर जमीन ली गई थी. जो अब नासूर बन चुका है. जमीन माफियाओं के झांसे में आकर हमारे पूर्वजों ने पुश्तैनी जमीन उद्योग लगाने के लिए दिया, मगर अब हमलोग न घर के रहे न घाट के. प्रशासन भी उन्हें सहयोग नहीं कर रही. वर्तमान सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उनके मामले में गंभीर नहीं हैं.

धरने पर बैठे पारा शिक्षक को एसडीओ के आदेश पर बीईओ ने किया शोकॉज, बर्खास्तगी की अनुशंसा

उधर धरने पर बैठे पारा शिक्षक सोवरा कुम्भकार को एसडीओ के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन समन्वयक गम्हरिया द्वारा शोकॉज करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है. जिसने पारा शिक्षक की सेवा समाप्त करने की बात कही गई है, हालांकि पारा शिक्षक ने पत्र लेने से इनकार कर दिया.

# संप्रदायिक हिंसा की आग में जल रहा पलामू जिले के पांकी। नियंत्रण के लिए पाकी को पुलिस छावनी में किया गया तब्दील।

*आईजी ,डीआईजी, डीसी, एसपी, डीडीसी कर रहे हैं कैंप । लोगों पर रखी जा रही है पैनी नजर ।*

*पांकी सांप्रदायिक हिंसा में अब तक 1000 अज्ञात लोगों पर हुई प्राथमिकी, 100 बने नामजद। मुखिया पति सहित 13 लोगों की गिरफ्तारी।*

*4 पुलिस के जवान, एक डीएसपी अधिकारी घायल*

*19 फरवरी तक इंटरनेट सेवा रहेगी बंद।*

*संप्रदायिक हिंसा काबू करने के लिए पांकी में 500 जवानों को किया गया तैनात।*

धनंजय कुमार वैद्य ,प्रभारी सह ब्यूरो चीफ, झारखंड विनोद सिंह ,प्रमंडल प्रभारी , सह ब्यूरो चीफ, पलामू दैनिक समाज जागरण (टीम)

रांची/ मेदनीनगर (झारखंड) 16 फरवरी 2023:पतबीते 2 दिनों से सांप्रदायिक हिंसा की आग में जल रहा पलामू जिला के पाकी ,, सौहार्द वातावरण निर्माण के लिए और भड़के सांप्रदायिक हिंसा पर काबू के लिए को पांकी को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

पलामू के,, पाकी में 500 जवानों की तैनाती की गई है जिसमें झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मोर्चा बनाए हुए हैं। वही आईजी राजकुमार लाकड़ा, डीआईजी इंद्रजीत महया,डीसी पलामू, डीडीसी पलामू , एसपी पलामू,एसी पलामू एसडीओ पलामू सीआरपीएफ डिप्टी कमांडेंट आईएएस कैप कर हर मामले पर नजर बनाए हुए हैं

सीआरपीएफ के जवान और झारखंड पुलिस द्वारा पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ शहर और गलियों में फ्लैग मार्च कर रहे हैं ताकि जल्द से

जल्द विधि व्यवस्था कंट्रोल में किया जा सके ।खबर लिखे जाने तक मामला नियंत्रण में देखा गया । वहीं जिला प्रशासन ने पूरे जिले में 19 फरवरी तक इंटरनेट सेवा बंद कर दिया है । ताकि भड़के सांप्रदायिक हिंसा को तूल पकड़ाया न जा सके । इस भड़के सांप्रदायिक हिंसा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल लोगों के विरुद्ध पुलिस ने 1000 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है, वही 100 नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है यह प्राथमिकी वीडियो फुटेज के आधार पर की गई है जिसमें मां की मुखिया पति सहित 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।

बताते चलें कि पलामू जिले के पाकी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरण द्वार बनाए जानें को लेकर दो संप्रदाय में हिंसक झड़प हुई थी और देखते देखते इस झड़प ने संप्रदायिक दंगा का रूप ले लिया कई दुकाने आग के हवाले कर दी गई हैं कितने घायल हुए इसका आंकड़ा ना तो प्रशासन के पास अभी मौजूद है और ना ही अखबार के पास लेकिन अनुमान यह लगाया जाता है कि इस संप्रदायिक हिस्से में राज्य से लेकर पब्लिक प्रॉपर्टी की काफी नुकसान हुई । संप्रदायिक हिंसा को नियंत्रण को लेकर पलामू जिला प्रशासन , एवम प्रमंडल के संबंधित अधिकारी, आईजी ,डीआईजी, समेत ,आला अधिकारी, लगातार मामले पर नजर बनाए हुए हैं। पलामू के अगल-बगल जिले से भी पुलिस बल तैनात किए गए हैं ताकि इस हिस्से को और हवा बना दी जा सके।

# बाल यौन शोषण संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012 के प्रावधानों पर स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता का किया गया आयोजन।

*जागरुकता सत्र में कहा गया छात्र– छात्राओं को बाल यौन शोषण की घटना को रिपोर्ट करने में नहीं करे संकोच।*

सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर ,दैनिक समाज जागरण

जगन्नाथ पुर ( झारखंड) मझगांवः झारखंड काउंसिल फॉर एडुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (खउएफ्ळ) एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की अगुवाई एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (C3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कुमारडुँगी प्रखण्ड के प्लस टु उच्च विधालय एंव प्रोजेक्ट बालिका उच्च विधालय में स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूतों के द्वारा ह्बाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO Act) पर छात्र- छात्राओं के बीच जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्र- छात्राओं को उक्त अधिनियम के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराना एवं विद्यालय के स्तर पर बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना था। सत्र के दौरान अधिनियम के तहत यौन अपराधों की विस्तृत परिभाषा के बारे में बताया गया। यह बताया गया कि बाल यौन शोषण सिर्फ बलात्कार ही नहीं

अपितु बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, गलत तस्वीर दिखाना, तथा अन्य वैसे सभी प्रकार के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें, बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। आरोग्य दूतों के द्वारा छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि बाल यौन शोषण से संबन्धित मामलों पर त्वरित कार्रवाई एवं केस के निष्पादन हेतु प्रत्येक जिले में सरकार के द्वारा विशेष ढडउरड कोर्ट की स्थापना की गयी है। छात्र- छात्राओं को बाल यौन शोषण की घटना को रिपोर्ट करने के प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे घटनाओं की शिकायत करने में वे संकोच नहीं करें। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो, भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत बच्चे यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं और इनमे से लगभग दो तिहाई बच्चे भय और संकोच के कारण अपने साथ हुए यौन शोषण की शिकायत नहीं करते हैं। सत्र के उपरांत छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे बाल यौन शोषण से संबंधित घटनाओं की शिकायत बिना किसी भय एवं घबराहट के साथ करेंगे।

# विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को किया सम्मानित।

सुनील कुमार गुप्ता, समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता, जगन्नाथपुर, पश्चिम सिंहभूम

जगन्नाथ पुर (झारखंड) बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के पदाधिकारियों ने आज गुरुवार को गुवा के बोकना स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर कारो नदी के तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन कर गुवा सेल खदान तथा गुवा सेल अस्पताल में उत्कृष्ट सेवा देने वाले सेल कर्मियों को एवं अस्पताल कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु गुवा सेल खदान के ओएचपी विभाग के सुभाष बोसा, मनोज गोप, माइनिंग विभाग के राकेश चक्रवर्ती, सुजीत कुमार नायक, तेज नारायण सिंह, सागर पासवान, एचडीबुरु मैकेनिकल से दुशासन मांझी, मेडिकल विभाग से नर्स दीप्ति, नर्स प्रीति, कैंटीन विभाग से गोडार्ड भाजी, प्रदीप साहू, गुवा सेल के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार गिरी, जीएम माइंस के एसपी दास, एसआर स्वाईन, सीबी कुमार, दीपक प्रकाश,

एसएन पंडा, मोहम्मद इकबाल, आर के सिन्हा, गुवा सेल अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर मंडल, पर्सनल विभाग के महाप्रबंधक एनके झा को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद सामूहिक वनभोज का आनंद लिया। इस दौरान चिड़िया, किरीबुरू तथा मेघाहतुबुरू से यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सशक्त यूनियन प्रतिनिधि के रूप में रोमी पाठक, वृंदावन गोप, हेमराज सोनार, संजीव राय भी उपस्थित रहे। इस दौरान इस मौके पर बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के क्षेत्रीय सचिव तूफान घोष, रमेश गोप विनोद कुमार सिंह, प्रदीप साहू, तेज नारायण सिंह, राजू शर्मा, कानू मुंडा, कानुराम मुंडा, रामकृष्ण कंडायबुरु, मलय पानीग्राही, जगदीश उरांव, जंतुर गोप, विजय राम, मनोज गोप, विजय बहादुर, सागर पासवान, कुशल गोप, विशाल गोगरा, नरेश दास, रितेश गोप, श्रीकांत गोप, शंकर प्रसाद सहित काफी संख्या में यूनियन के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# सरायकेला सदर अस्पताल के समीप अनियंत्रित टैंकर ने साइकिल सवार को रौंदा, साइकिल सवार के उड़े चिथड़े

दैनिक समाज जागरण, दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड)

सरायकेला गुरुवार शाम करीब 5: 40 बजे सरायकेला थाना अंतर्गत सरायकेला- कांड्रा मार्ग पर सदर अस्पताल के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार के चिथड़े उड़ गए. घटना के बाद सड़क पर सनसनी फैल गई.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक साइकिल से उपायुक्त कार्यालय की ओर से आ रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने साइकिल सवार को रौंद दिया. जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि मृतक के शव के चिथड़े उड़ गए. मामले की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल से स्वास्थ्य कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और जहां- तहां बिखरे शव के टुकड़े को समेट कर पोस्टमार्टम हाउस ले गए. वही सूचना पर पहुंची सरायकेला थाना पुलिस ने टैंकर का पीछा कर बिरसा चौक पर धर दबोचा. समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक साइकिल से उपायुक्त कार्यालय की ओर से आ रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने साइकिल सवार को रौंद दिया. जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि मृतक के शव के चिथड़े उड़ गए. मामले की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल से स्वास्थ्य कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और जहां- तहां बिखरे शव के टुकड़े को समेट कर पोस्टमार्टम हाउस ले गए. वही सूचना पर पहुंची सरायकेला थाना पुलिस ने टैंकर का पीछा कर बिरसा चौक पर धर दबोचा. समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है.

# प्रखण्ड मझगाँव में 75854 लोंगो को फाईलेरिया दवा खिलाने का दिया गया है लक्ष्य।

**.बुधवार तक 22 सबसेन्टरों व डोर टु डोर 38315 से तक खिलाई गई दवा ।*

**25 फरवरी तक 37539 को खिलाई जाएगी दवा*

सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर, पश्चिम सिंहभूम

जगन्नाथ पुर/ मझगांव (झारखंड) दस फरवरी शुक्रवार से प्रखड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू कर दी गई है । और यह अभियान 25 फरवरी तक चलेगी गुरुवार को एमटीएस राकेश कुमार ने बताया कि

अभियान के तहत 22 बूथ बनाए गए हैं। संबंधित बूथों पर 10 फरवरी को एक वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को दवा खिलाई गई थी एंव 11 फरवरी से 25 फरवरी तक डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दवा की खुराक दी जा रही है । उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के 75854 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित की गई है। जिसमें बुथ व डोर टु डोर अब तक 38315 लोंगो को दवाई खिलाई जा चुकी है । 16 दिनों तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व प्रशिक्षित हेल्थ वार्लंटियर को प्रतिनियुक्त किया गया है। एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। बताया कि फाइलेरिया, मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार लोगों को निश्शुल्क दवा उपलब्ध करा रही है।

# झारखण्ड राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 पर कार्यशाला का आयोजन।

धनंजय कुमार वैद्य, प्रभारी से ब्यूरो चीफ ,झारखंड समाज जागरण

रांची (झारखंड) लातेहार उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में झारखण्ड राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से नियमावली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि झारखण्ड राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 के तहत राज्य अंतर्गत निजी क्षेत्र के सभी नियोक्ता को 40,000 रुपए तक के वेतन या मजदूरी वाले पदों की कुल रिक्ति के 75 प्रतिशत पद पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित करना है ' 10 या उससे अधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था पर यह नियम लागू होगा ' केंद्र या राज्य सरकार के उपक्रमों पर यह नियम लागू नहीं होगा परन्तु केंद्र अथवा राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों /उपक्रमों में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से कर्मी उपलब्ध कराने वाले संस्थाओं पर यह अधिनियम लागू होगा ' इस अधिनियम के तहत नियुक्ति हेतु कार्मिक विभाग के संकल्प 3198/18-04-2016 के आधार पर निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र को वैध माना जाएगा '

10 या उससे अधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले प्रत्येक व्यक्ति या संस्था को नियोजन विभाग के पोर्टल rojgar.jharkhand.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य है ' वर्त्तमान में पोर्टल का निर्माण

प्रक्रियाधीन है ' ऐसी स्थिति में नियोक्ताओं का ऑफलाइन मोड में निबंधन किया जा रहा है ' इस अधिनियम के तहत नियोजन हेतु स्थानीय उम्मीदवारों को जिला नियोजन कार्यालय में ऑफलाइन मोड में या झारखण्ड रोजगार पोर्टल में ऑनलाइन मोड में निबंधन कराना होगा '

स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन में सम्बंधित संस्था के स्थापना के क्रम में विस्थापित हुये लोगों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी एवं उसके बाद जिले के अन्य स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार दिया जाएगा '

नियोक्ता को यदि किसी विशेष स्किल वाले कार्मिक की आवश्यकता है तो ऐसी स्थिति में नियोक्ता या सी0एस0आर0 मद से स्थानीय उम्मीदवारों को कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाना है इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ता पर 10000 रुपए से लेकर 500000 रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है ' इस अधिनियम के सुचारु रूप से क्रियानव्ययन हेतु राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं जिला स्तरीय जाँच समिति का गठन किया गया है ' उपायुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि एवं उन कंपनियों में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से कर्मी उपलब्ध कराने वाले संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इस अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया '

अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप एवं जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने भी इस अधिनियम से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दिया '

कार्यशाला में श्रम अधीक्षक श्रीमती लक्ष्मी कुमारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिले में संचालित कंपनियों के प्रतिनिधि तथा उन कंपनियों में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से कर्मी उपलब्ध कराने वाले संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुये '

# राजनगर प्रखंड पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की कार्यसमिति बैठक सम्पन्न। संगठन मजबूती पर दिया गया बल

रवि कांत गोप,समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर (सरायकेला)

राजनगर (झारखंड) भाजपा पुर्वी मंडल की बैठक एनएच 88 रेस्टोरेंट हेंसल में प्रखंड अध्यक्ष खिरोद महतो एवं पश्चिमी मंडल की बैठक कुड़मी भवन राजनगर में प्रखंड अध्यक्ष नारायण महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष विजय महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, पुर्व जिला परिषद अध्यक्ष शकुन्तला महाली, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश हांसदा एवं सोमनाथ सोरेन उपस्थित थे.

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विजय महतो ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संगठन की दशा और दिशा एवं बुथ को मजबूत किया जा रहा है. चुनाव में अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बुथ अध्यक्षों को अभी से टिप्स बताया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जब से युपीए गठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार आयी है तब से जनता त्राहिमाम हो गया है. सरकार विफल हो चुकी है, सरकार की विफलताओं को जनता तक पहुंचाना है।

गणेश महाली ने कहा कि सरायकेला - खरसावां जिला के तीन विधानसभा एवं तीन लोकसभा क्षेत्र

में बुथ अध्यक्षों की बैठक शुरू हो गई है. बुध अध्यक्षों की बैठक में काफी उत्साह देखा जा रहा है. इस उत्साह से ऐसे प्रतीत हो रहा है कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में तीनों सीट में जीत हासिल कर लेंगे. उन्होंने कहा कि झामुमो ने चुनाव पुर्व जो वायदे किए थे, पुरा नहीं कर पाये हैं. लोगों को सिर्फ बरगालाया जा रहा है.बीते दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खतियानी जोहार यात्रा भी सिर्फ लोगों को बर्गलाया गया.उन्होंने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो आदिवासी मुलवासियों को सम्मान दे सकता है. उदाहरण के तौर पर आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाना.

बैठक में मुख्य रूप से मेघराय मार्डी, शिशिर सिंहदेव, भादव टुडू,रवि महतो, दिलीप महतो, धीरेन बास्के, रिंकु राउत, अनन्त साहु, राजू गिरी, कुमूदनी लोहार, समीर सिंहदेव, संतोष महतो, नुनु राम महतो, चंदन महतो आदि उपस्थित थे।

# कांड्रा थाना के आरोपी 8 महीना से फरार दिनेश शिव हरे गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला( झारखंड)

सरायकेला जिला के कांड्रा थाना अंतर्गत कांड संख्या-52/2022 ,धारा272/273/290/420 आईपीसी के प्राथमिक अभियुक्त दिनेश शिवहरे को गिधि बेड़ा टोल के समीप से गिरफ्तार कर

लिया गया और उसे न्यायिक अभी रक्षा मैं भेज दिया गया बताया जाता है कि कांड्रा थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद महतो को गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया इस टीम में सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार शाही एवं कांड्रा थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे इस अभियुक्त को कांड्रापुलिस की 8 महीना से तलाश थी

# सालो से बंद पड़ा जल मिनार

निशांत तिवारी
दैनिक समाज जागरण
प्रखंड संवाददाता हंटरगंज,चतरा

हंटरगंज, झारखंड हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा हाई स्कूल रोड स्थित

ये जल मिनार सालो से बंद पड़ा है। जिस रोड मे ये जलमीनार स्थित है वहा से रोज सैकड़ो स्कूली छात्र आते जाते है और ग्रामीण जनता का भी आना जाना होता है लोगो का कहना है की अगर ये चलता तो आने जाने वाले ग्रामीण जानता और छात्रों को सुविधा होती पर इस ओर ना हि विभाग का धयान है , कोई जन प्रतिनिधि द्वारा भी इसकी सुध नही ली जा रही है। झाखंड मे विकाश का मापदंड क्या है समझ नही आ रहा है।

## हेन्साकोचा मे 15 एकड़ मे फैला अफीम की खेती को पुलिस द्वारा किया गया नष्ट

समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, प्रखंड संवाददाता चांडिल (झारखण्ड )

चौका :चौका थाना अंतर्गत हेन्साकोचा मे पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर 15 एकड़ मे फैली काफी मात्रा मे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया, थाना प्रभारी धर्मराज प्रसाद के नेतृत्व मे यह कार्य हुआ एवं उन्होंने बताया की अफीम की खेती करने वाले की पहचान किया जा रहा है, पहचान होने पर उसके खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी ' आगे भी ऐसा अभियान चलाया जायेगा एवं अफीम की खेती करने वालों को नहीं बक्सा जायेगा

# प्रशासन के मुस्तैदी के कारण 3 दिन में 16 लाख ₹40 हजार रुपए जप्त

दैनिक समाज जागरण श्रवण सिंह
ब्यूरो चीफ रामगढ़ झारखण्ड '

रामगढ़ (झारखण्ड) रामगढ़ उपचुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. वहीं स्टेटिक सर्विलांस टीम बाहर से आने वाले सभी वाहनों की जांच कर रही है. जांच अभियान के दौरान महज तीन दिनों के भीतर पुलिस ने 16 लाख 40 हजार रुपये बरामद किए हैं.

जिसमें पहले एक कार की डिक्की से 10 लाख मिले, फिर एक ठेकेदार के पास से 6 लाख 40 हजार मिले. दोनों मामलों की जांच कैश रिलीज कमेटी कर रही है.

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर है. एक ओर जहां विभिन्न दलों के नेता-कार्यकर्ता अपनी-अपनी जीत दर्ज कराने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं, वहीं प्रशासन भी उपचुनाव के सफल आयोजन के लिए तैयार है. उपचुनाव को देखते हुए जिले के सभी बॉर्डर सील कर दिए गए हैं लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में प्रशासन को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है.

बुधवार को मांडू थाना क्षेत्र में लगे चेक पोस्ट पर जांच अभियान के दौरान स्टेटिक सर्विलांस दल की नजर कोडरमा के एक ठेकेदार के निजी वाहन

के अंदर एक नीले रंग की फाईल पर पड़ी, जिसमें 6 लाख 40 हजार रुपये कैश रखे हुए थे. बरामद पैसों को पदाधिकारियों ने जब्त कर लिया है. इन पैसों को रांची ले जाया जा रहा था. इससे पहले 12 फरवरी को भी पुलिस ने जांच के दौरान एक कार की डिक्की से 10 लाख रुपये बरामद किये थे. यह बरामदगी रामगढ़ थाना क्षेत्र के टायर मोड़ के पास लगे चेक पोस्ट के पास हुई थी.

कैश रिलीज कमेटी करेगी जांचः दंडाधिकारी मधुसूदन ठाकुर के निर्देश पर पुलिस की टीम ने वाहन को जब्त कर लिया और थाना ले आई. दंडाधिकारी ने सभी रुपयों को बंद लिफाफे में सील कर मांडू थाना को सुपूर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमेटी को दे दी है. मामले की जांच का जिम्मा कैश रिलीज कमेटी को सौंप दिया गया है. जिसके बाद कमेटी आगे की कार्रवाई करेगी.

**डीसी-एसपी के निर्देश पर हो रही है जांचः**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के स्वतंत्र और निष्पक्ष आयोजन के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. आयोग के निर्देश के अनुसार ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने उपचुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. डीसी-एसपी के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल और फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है, जो बाहर से आने वाली सभी गाड़ियों की जांच कर रहे हैं.

# सड़क सुरक्षा को लेकर मध्य विद्यालय गुवा में, थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने बच्चों को दिलाई शपथ।

सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण,
अनुमंडल संवाददाता, जगन्नाथपुर, पश्चिम सिंहभूम

जगन्नाथ पुर (झारखंड ) गुवा मध्य विद्यालय गुवा में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में गुरुवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर बच्चों के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने सुरक्षा की शपथ स्कूली बच्चों को दिलाई गई। थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने कहा कि किसी की भी जिंदगी अनमोल होती है। ड्राइविंग या वाहन का उपयोग करते समय प्रत्येक व्यक्ति को निर्देश और नियमों का पालन करना चाहिए। इन दिनों युवाओं में बाइक का क्रेज बढ़ रहा है। इसलिए उन्हें नियमों का पालन करना चाहिए। हेलमेट पहनना और गति सीमा पर अंकुश रखना चाहिए। कार का उपयोग करते समय हमें सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए और गति सीमा का पालन करना चाहिए। दौड़ कर या जल्दी बाजी में सड़क पार ना करें। बता दे कि सड़क सुरक्षा नियम को अपनाने के लिए गुवा प्रशासन के द्वारा जगह जगह लोगों को जागरूक करते देखा गया है। इस अभियान में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था। साथ ही थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव

ने सड़क सुरक्षा के महत्व को बताया गया। इस दौरान गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव, एसआई परेश रजवार, एसआई धनंजय सिंह, स्कूल के प्रधानाध्यापिका किरण सिन्हा तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजूद थे।

# गुवा जेनरल ऑफिस से लेकर, नुईया गांव तक ,जर्जर सड़क से लोगों की मिलेगी निजात, 2 माह के अंदर टेंडर प्रक्रिया होगी शुरू।

सुनील कुमार गुप्ता, समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता, जगन्नाथपुर, पश्चिम सिंहभूम

जगन्नाथपुर (झारखंड) गुवा जेनरल ऑफिस से लेकर नुईया गांव तक लगभग 3 किलोमीटर जर्जर सड़क से लोगों को ही मिलेगी निजात। 2 माह के अंदर सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया होगी शुरू। यह बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने आज गुरुवार को गुवा के दौरे के क्रम में गुवा स्थित अपने आवास में ग्रामीणों के साथ बैठक कर कहीं। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2017 में गुवा हाथी चौक से लेकर सलाई गांव तक सड़क का निर्माण कराया गया था। परंतु इस सड़क निर्माण के दौरान गुवा सेल के जेनरल ऑफिस से लेकर नुईया गांव तक लगभग 3 किलोमीटर जर्जर अवस्था में छोड़ दी गई थी। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची को पत्र लिखकर 3 किलोमीटर जर्जर सड़क निर्माण संबंधित कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया गया था। उसके बाद विधायक सोनाराम सिंकु के द्वारा भी 3 किलोमीटर जर्जर सड़क निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखा गया था। जिसमें कहा गया था कि आम जनों की समस्याओं के मद्देनजर शीघ्र ही उक्त पथ के शेष छूट हुए भाग

का डीपीआर बनाकर शेष पथ का निर्माण कराने की स्वीकृति दी जाए। उसके बावजूद सड़क का नहीं बनना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। काफी प्रयास के बाद इस जर्जर सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। और 2 माह के अंदर सड़क निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। जिससे यहां के ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात मिलेगी। उसके बाद श्री कोड़ा ने आगे कहा कि सेल के आवासीय क्षेत्र में गरीब ग्रामीणों के घर गुवा सेल प्रबंधन द्वारा बिजली लाइन काट देने से गरीबों के घर अंधकार हो गया है। एक और जहां झारखंड सरकार गरीबों के घर को रोशन कर रही है वहीं दूसरी ओर सेल प्रबंधन गरीबों के घर में बिजली काट कर ढिबरी युग में जीने को मजबूर कर रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों के घर पढ़ने वाले बच्चों को हो रही है। इसके समाधान के लिए सरकारी बिजली गरीबों को मुहैया कराने के लिए वैध कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग से वार्ता कर गरीबों के घरों को भी उजाला किया जाएगा। इस दौरान इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकर्ता सलीम कुरेशी, विजय कुमार दास, नरेश दास, जिप सदस्य देवकी कुमारी, पंचस भादो टोप्पो, पीसी राणा, ज्वाला साहनी, प्रवीण नाग, उदय सिंह, सन्नी गुप्ता, केशव पाठक सहित विभिन्न गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी के लिए जत्था रवाना।

धनंजय कुमार वैद्य, प्रभारी सह
ब्यूरो चीफ, झारखंड

रांची (झारखंड) मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए अजमेर शरीफ,आगरा एवं फतेहपुर सिकरी के लिए जत्था हजारीबाग से रवाना किए गए। जिलेभर से 67 यात्री हुए शामिल,। जिला प्रशासन के अधिकारीयों ने समाहरणालय भवन परिसर से यात्रियों के बस को हटिया रेलवे स्टेशन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए अजमेर शरीफ,आगरा एवं फतेहपुर सीकरी तीर्थ यात्रा का एक जत्था आज 15

फरवरी 2023 को समाहरणालय परिसर से हटिया रेलवे स्टेशन तक के लिए रवाना हुआ। पर्यटन,कला,संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित इस तीर्थ दर्शन योजना के रवानगी को लेकर आज जिला योजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सीओ पदमा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

इस तीर्थ दर्शन यात्रा में हजारीबाग जिला से कुल 67 महिला/पुरूष व दो नोडल अधिकारी शामिल हुए।

यह यात्रा 15 फरवरी से 21 फरवरी तक उक्त तीन स्थलों का भ्रमण करेंगी।

# गुवा के हिरजीहाटिंग में बाल मेला का किया गया आयोजन

सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण ,अनुमंडल संवाददाता ,जगन्नाथपुर, पश्चिम सिंहभूम

जगन्नाथ पुर (झारखंड) गुवा गैर सरकारी संगठन एस्पायर एवं युपीएस हिरजीहाटिंग स्कूल गुवा प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान मे गुरुवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेला का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति ध्यान केंद्रित व शिक्षा के प्रति मन परिवर्तित करना था। बाल मेला के दौरान बच्चों व उनके अभिभावकों को अंधविश्वास, डायन प्रथा, बाल विवाह, बाल मजदूरी, अशिक्षा, नशापान आदि के खिलाफ जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से कहा गया कि वे प्रतिदिन विकट परिस्थिति के बावजूद बच्चों को पढ़ने हेतु स्कूल भेजें, स्कूल से आने के बाद भी शाम में

घर पर उन्हें नियमित पढ़ने की आदत डालें। इसके बाद बच्चों के बीच साइंस कॉर्नर, आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले आर्ट, रंगोली, चित्रांकन, बैलून फोड़, चम्मच रेस, रूमाल रेस, म्यूजिकल चेयर, ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, स्टोरी टेलिंग, ड्रामा प्ले आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

बाल मेला में भाग लिए बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को देख उनके अभिभावक काफी खुश हुये। इस दौरान गुवा पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी, पंचायत समिति सदस्य भादो टोप्पो,युपीएस हिरजीहाटिंग विद्यालय प्रबंधन समिति, बाल अधिकार सुरक्षा समिति, तथा जनप्रतिनिधि के द्वारा सफल बनाया गया। इस दौरान इस मौके पर सुनीता सामंत, जानो चातर, पदमा केसरी, नीलानी टोप्पो, सुखमति पूर्ति, रजनी पिंगुवा, एस्पायर के कलस्टर सीएफ बेनुधर पान, विनीता पान, कार्तिक किसान सहित अन्य मौजूद थे।

# जिले में पहली बार राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर बनाया गया वेबसाइट मंत्री द्वारा किया गया अनावरण।

*राजकीय इटखोरी महोत्सव से संबंधित जानकारी को वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।*

धनंजय कुमार वैद्य प्रभारी से ब्यूरो चीफ झारखंड

रांची (झारखंड) चतरा जिला में 19, 20 एवं 21 फरवरी 2023 को राजकीय इटखोरी महोत्सव के आयोजन को लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान के पहल से पहली बार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम एवं वेबसाइट https://itkhorimahotsav.com/ को बनाया गया। इसे लेकर आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में माननीय मंत्री, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा अनावरण किया गया।

बताते चले की यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं वेबसाइट का उपयोग राजकीय इटखोरी महोत्सव से संबंधित विस्तृत जानकारी व पूरी डिटेल डाला जाएगा जिसे जिले के सभी आम जन देख सकते है। साथ ही इसके माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि समेत जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# DGP का पदभार संभालने के बाद अजय कुमार सिंह ने गिनाई अपनी प्राथमिकताए

संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,
दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल, रांची दैनिक समाज जागरण

रांची (झारखंड) राज्य के नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह ने झारखंड पुलिस मुख्यालय में योगदान दिया।पुलिस मुख्यालय में योगदान के मौके पर उनके अधीनस्थ अधिकारी भी मौजूद थे जिन्होंने उनका स्वागत किया।

झारखंड कैडर के 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह झारखंड के 13वें डीजीपी हैं।

टीम वर्क के साथ झारखंड पुलिस का संचालन करने पर रहेगा फोकस। बेहतर इनपुट पर योजनाबद्ध तरीके से अभियान जारी रहेगा।

राज्य में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसपर जोर होगा। नक्सल विरोधी अभियान जिस रफ्तार से चल रहा है, उसी गति से चलता रहेगा। अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा जब तक राज्य से नक्सलियों का पूरी तरह खात्मा न हो जाए।

संगठित अपराध के खिलाफ जारी रहेगा ,डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस ने संगठित अपराध के विरुद्ध पहले भी बेहतर काम किया है, यह आगे भी जारी रहेगा। पुलिस कल्याण के लिए भी वे काम करेंगे। जहां पुलिस के जर्जर भवन, जर्जर वाहन हैं, उस पर काम होगा। पुलिस के संसाधन बढ़ाने पर भी वे काम करेंगे, ताकि झारखंड पुलिस की कार्यशैली निखर सके। आगे उन्होंने कहा साइबर अपराध बड़ी चुनौती है,

वे राज्य में साइबर अपराध को बड़ी चुनौती मानते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में साइबर अपराध पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी राज्यों से तालमेल बैठाकर कारगर अभियान चलाया जाएगा, ताकि साइबर अपराध को रोका जा सके। डीजीपी ने आश्वस्त किया कि पुलिस कल्याण के लिए जो भी मांगें आएंगी, उसपर वे सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे और समाधान की दिशा में कार्रवाई की पहल करेंगे।

# झारखंड का राज्यपाल बनाए जाने के बाद बोले उढ राधाकृष्णनः आदिवासी, दलितों और गरीबों के उत्थान लिए हर संभव काम होंगे।

संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,
दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल, रांची
दैनिक समाज जागरण

रांची (झारखंड) राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि उन्हें झारखंड राज्य में काम करने का मौका मिला है जहां वे आदिवासी दलितों और गरीबों के उत्थान और प्रगति के लिए हर संभव काम करेंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे केंद्र व राज्य सरकार के बीच सेतु का काम करेंगे। राधाकृष्णन ने कहा कि वे झारखंड के राज्यपाल के पद पर नियुक्ति को अपने सम्मान के तौर पर नहीं देखते हैं। वे इसे तमिल लोगों के लिए गर्व की तरह देखते हैं। वे इसे अपने राजनीतिक जीवन के अगले विकास के रूप में देखते हैं।

उन्होंने कहा, हम लगातार राजनीति

में काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी राजनीतिक यात्रा उस दिशा में नहीं है, जिस दिशा में हम सोचते हैं। हम कभी नहीं जानते कि किसे क्या जिम्मेदारी मिलेगी और कब मिलेगी। इसलिए राज्यपाल के रूप में अथवा किसी भी रूप में हमें जो उत्तरदायित्व मिलता है, उसके माध्यम से हमें समाज के लिए ठीक प्रकार से कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तमिल, तमिलनाडु, तमिल संस्कृति, साहित्य और संस्कृति से बहुत लगाव है। इसकी अभिव्यक्ति यह है कि तमिलनाडु के तीन लोगों को विभिन्न राज्यों के राज्यपाल के रूप में सेवा करने का दुर्लभ अवसर मिला है।

# नीलाचल कंपनी का कामगार तांबा चुराकर ले जाते धराया, प्रबंधन ने किया पुलिस के हवाले

समाज जागरण, दयाल लायक,
ब्यूरो चीफ सरायकेला( झारखंड)

कांड्रा थाना क्षेत्र के रतनपुर में स्थित नीलाचल आयरन एंड पावर लिमिटेड कंपनी से छुट्टी के दौरान तांबा चुराकर बैग में ले जाते एक कामगार को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा है. चेकिंग के दौरान मजदूर के बैग से तांबा बरामद हुआ जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया और इसकी सूचना प्रबंधन को दी. बाद में उसे कांड्रा पुलिस के हवाले कर दिया गया. पकड़े गए कामगार का नाम अरूप डे है जो पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले का निवासी है. वह कंपनी में ठेकेदार पिंटू सिंह के अंदर रोलिंग मिल में काम करता है.

**सिक्योरिटी इंचार्ज ने दर्ज कराया मामला**

उसे सुरक्षाकर्मियों ने बुधवार की रात 10 बजे बी शिफ्ट से ड्यूटी कर निकलने के दौरान मुख्य द्वार पर

पकड़ा. कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने रूटिंग जांच के तहत जब उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें से करीब एक किलो से अधिक तांबा बरामद हुआ. इसके बाद आरोपी को पकड़कर कांड्रा पुलिस के हवाले कर दिया गया. इस संबंध में कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज शिशुपाल सिंह ने थाना में लिखित आवेदन दिया है. पकड़े जाने के बाद आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और बताया कि वह तांबा अपने बैग में भरकर बेचने के लिए ले जा रहा था.

# मंगल चन्द्र महतो ने 1 से 5 वर्ग के बच्चों को दे रहें हैं निशुल्क शिक्षा

माला रानी महतो, समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल

सरायकेला (झारखंड), चांडिल अनुमंडल अंर्तगत कुकडू प्रखंड के खुदीलौंग गांव में मंगल चन्द्र महतो ने बच्चों के प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छी पहल की है। वह यह सोचकर कि बच्चों को समान अधिकार होने चाहिए, इस उद्वेश्य से मंगल ने अपने

जन्मदिन से इस कार्य को शुरू किया है। इससे सबसे ज्यादा फायदा उन बच्चों को होगा जिनके परिवार के पास अपने बच्चों की शिक्षा के लिए पर्याप्त धन नहीं है। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उन बच्चों को शिक्षा मिले जो आर्थिक रूप से कमजोर होतें है। इस पहल के जरिए मंगल चन्द्र महतो ने उन बच्चों को मार्ग दर्शन दे रहें हैं है जो अभी अपने जीवन के शुरूआती दिनों में है और अभी से ही उन्हें शिक्षा का मौका दिया जा रहा है। मंगल कहते हैं कि इस पहल को अग्रसर रहकर और अधिक लोगों को इस दिशा में ले जाने से बच्चों को न केवल अधिक शिक्षा मिलेगी बल्कि उन्हें उनकी जिंदगी में सफलता पाने की संभावना भी बढ़ जाएगी।

# यदुवंशी गोप समाज युवा मंच का एक प्रतिनिधि मंडल पंहुचा राजनगर। आगामी 5 मार्च को समाज के महासम्मेलन के लिए थाना प्रभारी को किया आमंत्रित

दैनिक समाज जागरण, रवि कांत गोप,प्रखंड
संवाददाता राजनगर(सरायकेला)

राजनगर (झारखंड) यदुवंशी गोप समाज युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार गोप की अगुवाई में गुरुवार को समाज एक प्रतिनिधि मंडल राजनगर थाना पहुँचे।और राजनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार यादव को समाज के महासम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

बता दें कि यदुवंशी गोप समाज युवा मंच के द्वारा आगामी 5 मार्च 2023 को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल डैम शीशमहल में समाज का महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर पूरे झारखंड से यदुवंशी समाज के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है इसके निमित्त शुक्रवार को यदुवंशी गोप समाज युवा मंच का एक प्रतिनिधिमंडल राजनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार से मिलकर इस महासम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार गोप ने झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बसे यदुवंशी समाज के तमाम लोगों को गोप समाज के महासम्मेलन में भारी मात्रा पहुचने की अपील की है।उन्होंने कहा : आज हमारा गोप समाज संगठित नही होने के कारण समाज काफी

पिछड़ा है।यही मौका है जब समाज के लोगो को एक सूत्र में बांधा जा सकता है।हमे एकजुटता दिखानी होगी ,तभी हमारे समाज के अंदर जितनी भी कुरीतियां है उसे मिटाया जा सकता है। इस मौके पर यदुवंशी गोप समाज युवा मंच के केंद्रीय सचिव विश्वनाथ गोप, केंद्रीय सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी अंगद गोप, बाबालू यादव , विष्णु गोप, सुनील गोप, जगदीश गोप संरक्षक ज्ञानरंजन गोप,समाज के सलाहकार रविकांत गोप आदि उपस्थित थे।

# बड़ी खबरः जाते-जाते राज्यपाल रमेश बैस ने हेमंत सोरेन को बताया 'अच्छा लीडर'

संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,
दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल, रांची
दैनिक समाज जागरण

राँची राज्यपाल रमेश बैस ने झारखंड से विदा लेने से पहले बुधवार को मीडिया से बेबाकी से बातचीत की. इस दौरान रमेश बैस ने 1932 खतियान विधेयक को लौटाने से लेकर चुनाव आयोग के लिफाफे तक सबका जवाब दिया. 1932 के खतियान को लेकर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि सरकार को विचार करना चाहिए कि 1932 का खतियान लागू करने के बाद उन जिलों में क्या हालत होंगे, जहां बिहार के लोगों की संख्या ज्यादा है. आखिर झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग कर ही किया गया था. लिफाफा नहीं खोलने से कायम सियासी संशय और भाजपा के साथ मिलकर सरकार गिराने की साजिश में शामिल होने के आरोपों पर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि अगर मेरी ऐसी नियत होती तो मैं चुनाव आयोग के मंतव्य के आधार पर फैसला ले चुका होता. मैं सरकार

को अस्थिर नहीं करना चाहता था इसीलिए लिफाफे का राज अपने साथ ले जा रहा हूं. अब गेंद नए गवर्नर के पास चली गयी है. राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि पहले 2 साल जिन भी कारणों से हेमंत सरकार ने जितना काम नहीं किया, उतना लिफाफा आने के बाद से करने लगे. ऐसे में मैंने राज्य के हित में फैसला लेना उचित समझा. राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि हेमंत अच्छे लीडर है. मैंने लिफाफे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत करा दिया था कि आप बेहतर काम कर रहे है. निश्चिंत होकर अपना काम करे. पर कोई अपनी छाया से भी डरने लग जाये तो हम क्या करें. बता दें कि बीते साल भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ खनन लीज मामले में चुनाव आयोग से शिकायत कर सदस्यता रद्द करने की मांग की थी. राज्यपाल ने इस मामले में चुनाव आयोग से मंतव्य मांगा था. आयोग ने अपना मंतव्य सील बंद लिफाफे में बीते साल 25 अगस्त को राज्यपाल को भेज दिया था, जिसके बाद राज्य में सियासी बवंडर खड़ा हो गया था.

# पद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर नोवामुंडी के प्रधानाचार्य सीमा पालित को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

जगन्नाथ पुर (झारखंड) गुवा विद्या भारती की योजनानुसार बरगंडा गिरिडीह में आयोजित 28 वें प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में विद्या भारती के संगठन मंत्री ख्यालीराम जी,प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी,अखिल भारतीय मंत्री(विद्या भारती) ब्रह्माजी राव,क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा,के.वि.एस शख्य (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) की उपस्थिति में पद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर,नोवामुण्डी के प्रधानाचार्या सीमा पालित(गुरु माँ) को विद्या भारती के सभी

आयामों को गति देने के लिए झारखंड प्रांत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य के इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,सचिव रामस्वरूप पोद्दार,कोषाध्यक्षा मालती लागुरी सहित समिति के सभी सदस्यों, सभी आचार्यों, अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानाचार्य सम्मेलन के इस मौके पर विद्या भारती प्रतिभा चयन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए कक्षा दशम की बहन सुष्मिता सुरेन को प्रमाण पत्र सह पुरस्कार राशि भी प्रधानाचार्या को प्रदान की गई। तत्पश्चात कक्षा चतुर्थ की बहन संप्रीति पालित को चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ।साथ ही संस्कृत ज्ञान परीक्षा में अन्य विद्यालयों एवं अपने विद्यालयों से अधिक भैया बहनों को सम्मिलित कराने पर विद्यालय के प्रधानाचार्या एवं विद्यालय को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

## पातकुम में इचागढ़ के लोकप्रिय विधायक सविता महतो एवं राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का किया उद्घाटन!

**दैनिक समाज जागरण चंदन कुमार गुप्ता, सह ब्यूरो चीफ सहायक प्रभारी झारखंड प्रदेश,(झारखंड)**

सरायकेला: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पातकुम ग्राम में आयोजित श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम सन्कीर्तन महायज्ञ का गुरुवार को विधायक सविता महतो एवं राजा प्रशांत कुमार आदित्य देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।नौ दिवसीय श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन के राधा कुंज में विधायक सविता महतो ने पूजा-पाठ व आरती कर क्षेत्र की



मंगलकामना की।इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी नौ कुंजो का परिभ्रमण कर माथा टेका। नवकुंज के लिए, अलग-अलग नवकुंज में संकीर्तन का शुभारंभ किया गया जो निर्विवाद रूप से राधा गोविंद नाम नौ दिन रात तक गुंजायमान रहेगा। विधायक ने कहा नौ कुंजो में लगातार रात दिन अखंड हरिनाम संकीर्तन चलेगा, उन्होंने श्रद्धा के इस महा आयोजन कताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कौकू महतो,अंचलाधिकारी भोला शंकर महतो,मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य कावलू महतो,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव,सपन सिंह देव,कमेटी के अध्यक्ष संजय मंडल,कमेटी के सभी सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे!

## नाला पुलिस प्रशासन ने किया लोगों को जागरूक किया

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

नाला में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 15 फेवारी लेकर 16 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

सड़क सुरक्षा अभियान:लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक नाला बाजार मुख्य मार्ग में थाना प्रभारी महेश मुण्डा के नेतृत्व में सड़क





सुरक्षा अभियान चलाया गया। वही लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

सड़क सुरक्षा के क्रम में पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट बांधने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने, वाहन के सभी कागजात दुरुस्त रखने, के निर्देश दिया

साथ ही बाइक पर तीन सवालों पर पुलिस की विशेष नजर रही। थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें, बाइक के साथ साथ खुद का भी ईंश्योरेंस करके रखे वाहन नियंत्रण में चलाए 18 साल से कम उम्र के बच्चो को बाइक चलाने नहीं दे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना, धनबाद उपायुक्त ने किया प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया)**

धनबाद, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत युवा पीढ़ी को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किए जाने एवं इसे लेकर उनमें जागरूकता लाने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रचार वाहन को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त , संदीप सिंह, कौशल विकास पदाधिकारी , प्रवीण कुमार, श्रम अधीक्षक , हरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एवं ईम्पलॉयबिलिटी एक्सीलेंस विद कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग सहित बिरसा योजना समाहित है। इनके तहत प्रशिक्षण प्राप्त



करने के लिए, तय आहर्ता व पात्रता क्या है, कैसे पंजीकरण करना है आदि की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रचार वाहन को आज रवाना किया गया।

यह रथ सभी प्रखंडों में भ्रमण करेगा, साथ ही विभाग के कर्मियों द्वारा युवाओं के बीच इससे संबंधित पर्चा वितरण किया जाएगा। रथ जिले के सभी पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण करें यह सुनिश्चित करने के लिए जिला कौशल विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है।

मौके पर उपस्थित जिला कौशल विकास पदाधिकारी, प्रवीन कुमार ने कहा कि झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा हेल्थ सेक्टर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, अपैरल, आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, आटोमोटिव, प्लम्बिंग, कंसट्रक्शन तथा अन्य क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रचार वाहन के माध्यम से इससे संबंधित युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए, जिले के युवा http://jsdm.jharkhand.gov.in पर अपना पंजीकरण करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001233444 पर अथवा जिला कौशल पदाधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है। साथ ही, वह अपने नजदीक के झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी, कौशल विकास केंद्र पर भी जा सकते है।

इस मौके पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग कार्यालय के कर्मी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## हाउसिंग कॉलोनी में मां तारा मंदिर का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण**

धनबाद, गुरुवार को एमआईजी प्लॉट नं. 76 हाउसिंग कॉलोनी स्थित मां तारा मंदिर का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।सुबह में मंदिर के पुजारी मातृ साधक तपन बाबा ने विधि विधान से मां तारा की पूजा अर्चना की। हवन कीर्तन हुआ। मां तारा के दर्शन करने पहुँचे भक्तों के बीच खीर का भोग प्रसाद के रूप में वितरण किया गया।मंदिर के पुजारी मातृ साधक तपन बाबा ने बताया वर्ष 2011 में मंदिर की स्थापना हुई थी। स्थापना काल से ही वे यहाँ मंदिर में मां तारा



की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं।स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा साथ ही दर्शनीय विद्युत सज्जा की गई।इस अवसर पर मां प्रेम शिला देवी,मंदिर के पुजारी मातृ साधक तपन बाबा,पप्पू गुप्ता,धीरज जायसवाल,प्रदीप जायसवाल,जया जयसवाल,अमित, रोशन सिंह,राणा,जेपी कुमार,विजय ठाकुर,दीपू सिंह,बंटी सिंह,मयंक गुप्ता, निखिल गुप्ता,ज्योति गुप्ता,शोभा देवी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आदित्यपुर : सुषमा कुमारी बनी गम्हरिया थाना प्रभारी

**समाज जागरण, दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला( झारखंड)**

पूर्व ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुषमा कुमारी को जिले के एसपी आनंद प्रकाश ने गम्हरिया थाना प्रभारी का कमान सौंपा है. 4 दिन पूर्व सुषमा कुमारी को ट्रैफिक थाना प्रभारी से हटाकर इनके जगह पर राजेश कुमार सिंह को ट्रैफिक प्रभारी बनाया गया

**एसपी ने आदेश जारी कर अटकलों पर लगाया विराम**

वहीं कोल्हान डीआईजी ने 2 दिन पूर्व गम्हरिया थाना प्रभारी राजीव कुमार को दायित्व से हटाते हुए उन्हें मुसाबनी पुलिस केंद्र में ट्रेनिंग करने के लिए विरमित कर दिया था. जिसके बाद से कयास लगाया जा रहा था कि अब गम्हरिया थाना प्रभारी का कमान किसको मिलेगा. लेकिन बुधवार की देर शाम एसपी आनंद प्रकाश ने आदेश जारी कर पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत सुषमा



कुमारी को गम्हरिया थाना प्रभारी नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया.

**पूर्व थाना प्रभारी को हटाये जाने पर शांति समिति के सदस्यों में मायूसी**

बता दें सुषमा कुमारी एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में जानी जाती है. इस जिले में उन्होंने आदित्यपुर थाना प्रभारी का कुशल नेतृत्व कर चुकीं हैं, जिसके बाद करीब 2 वर्षों तक उन्होंने ट्रैफिक थाना प्रभारी के रूप में पूरे जिले के ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कीं. यही वजह है कि एसपी आनंद प्रकाश ने उन्हें तत्काल गम्हरिया थाना का प्रभार सौंपा है. हालांकि पूर्व प्रभारी राजीव कुमार ने भी करीब एक वर्ष तक बेदाग रूप से गम्हरिया थाना का प्रतिनिधित्व किया था. डीआईजी द्वारा उन्हें 1 वर्ष में ही हटा दिए जाने पर थाना के शांति समिति के सदस्यों में मायूसी छा गई थी. बता दें कि कोल्हान डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान थाने के कागजातों के अपडेट्स नहीं होने पर नाराजगी जताई थी और अंततः उन्हें प्रशिक्षण केंद्र भेजने का निर्णय ले लिया था.

## आदि महोत्सव के बहाने जेएमएम का पीएम मोदी पर निशाना, सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा- आदि महोत्सव मना रही केंद्र सरकार आदिवासियों के आदि धर्म 'सरना धर्म कोड' पर *चुप क्यों है ?

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल,रांची दैनिक समाज जागरण**

दिल्ली में गुरुवार को आदि महोत्सव का आयोजन किया गया. आदिवासियों के नाम पर किये गए इस आयोजन ने झारखंड में सियासी पारा चढ़ा दिया. आदि महोत्सव के बहाने जेएमएम ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आदि महोत्सव के उदघाटन समारोह में पीएम मोदी ने आदिवासियों की खूब प्रशंसा की. लेकिन आदिवासियों की दशकों पुरानी मांग सरना धर्म कोड पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक शब्द भी नहीं कहा. आखिर आदिवासियों के आदि धर्म 'सरना धर्म कोड' की वर्षों पुरानी मांग पर चुप क्यों है केंद्र सरकार ? झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने केंद्र सरकार से आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को दोहराते हुए कहा कि वर्षों से आदिवासी समाज अपनी धार्मिक पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है. लेकिन केंद्र सरकार आदिवासी समाज को उसकी पहचान दिलाने की मांग पर चुप्पी साधे हुए है. यह आदि धर्म मानने वाले और प्रकृति पूजक आदिवासी समाज की



भावनाओं को आहत करता है.

जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड का गठन वाजपेयी जी के शासन काल में हुआ. लेकिन यह भी सच्चाई है कि झारखंड गठन के 22 साल में 16 साल से अधिक समय तक भाजपा ने राज्य में शासन किया. आदिवासी राज्य होने के बावजूद इतने साल के शासनकाल में भाजपा ने कभी आदिवासी दिवस नहीं मनाया. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर आदिवासी दिवस मनाने में झारखंड को 22 साल क्यों लग गए? हेमंत सोरेन जी की सरकार बनी तो 8 और 9 अगस्त को राज्य में आदिवासी जनजातीय दिवस मनाया गया.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1 दिसंबर, 2022 को केंद्र सरकार को पत्र लिखा, जिसमे वन अधिकार कानून की जगह फॉरेस्ट कंजर्वेशन रूल को लागू करने पर सवाल उठाये थे. सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार से पूछा था कि इसकी क्या जरुरत पड़ गयी है? जेएमएम महासचिव ने कहा कि व्यापार पीएम मोदी का मनपसंद विषय है, लेकिन पीएम मोदी अडानी के मामले में कुछ नहीं बोलते. एक दिन ऐसा आएगा जब मोटे अनाज के बाजार पर अडानी का पूरी तरह से कब्जा हो जायेगा. जल्द ही अडानी के ब्रांड के साथ रागी और बाजरा मार्किट में बिकने लगेगा. पीएम मोदी आदिवासियों को गुमराह करने का षड्यंत्र रच रहे है. आदिवासी बहुल प्रदेश झारखंड का हक मार रहे है.

## शिवालयों की साफ सफाई कार्य पूर्ण।

**दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाददाता** विपुल गोस्वामी (जामताड़ा)प्रखंड फतेहपुर क्षेत्र के सभी शिवालयों में साफ सफाई का कार्य की रूपरेखा का अंतिम रूप दे दिया गया है जैसे मुरीडीह फतेहपुर ,लाकराटांगा आदि मे भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।भक्तों श्रद्धालु तन मन धन से अपने आप को समर्पित कर बाबा भोलेनाथ की शुभ रात्रि शिवरात्रि को विशेष पहचान देने के लिए तैयारी में जुट गए ।बाबा भोलेनाथ की शादी विवाह को (बंग्ला) पांजी पुंथी ग्रंथों में उल्लेखित है कि दो समुदायों की मत के आधार पर जैसे कि गोस्वामी मत के द्वारा रविवार की रात्रि में शिव पार्वती परिणय सूत्र में बंध जायेंगे। वही और एकमत से अवधारणा है कि रविवार के पूर्व शनिवार की रात्रि में ही बाबा भोलेनाथ एवं मां पार्वती का मधुर मिलन होना तय है जोकि पूर्ण रूप से अमावस्या चतुर्दशी पड़ता है।

**क्या क्या मान्यता है**

शिव अराधना,शिव उपासना, शिव पूजा विशेष महत्व है। शिव पुराण में वर्णित है कि हिमालय की बेटी पार्वती कठोर तपस्या के पश्चात शिव को अपने पति के रूप मे प्राप्त किया था। उसी आस्था विश्वास को आधार मानकर नये यौवन सम्पन्न व सम्पन्ना युवक युवती हरसंभव रूप से परिपक्व साथी के तलाश मे शिवालय मे जा कर शिव पूजा आराधना करते है।वास्तविक रूप से देखा जाय तो पार्वती ने भोलेनाथ से शादी गुण की गरिमा को देख कर किया था ना की रूप सौन्दर्य के लिए।इसी आराधना पूजा-पाठ के लिए चौक चौराह मे विभिन्न फलो फूलो की दुकान सजी हुई रहती है।

**क्या क्या चढ़ाया जाता है।**

**बेल पत्र ,गांजा,**

भांग, धतुरा अकंद के फुल, फल, चन्दन तथा गंगाजलाभिषेक भी करना है। पूजा पाठ मे न ही पंडित की जरूरत न ही विशेष मंत्र ओम नमः शिवाय। अगर जानकार है तो महा मृत्युंजय मंत्र रुद्राष्टक मंत्र शिव ताण्डव मन्त्र आदि का विधिवत पाठ से जन्म मृत्यु भय से परित्राण मिलता है। वैदिक इतिहास मे शिव वर दान की महिमा वर्णित है।सार्थक ब्राह्मण रावण दशानन शिव ताण्डव रचयिता महान ज्ञानी थे।अपनी तपस्या के बलबूते शिव के परम भक्त मे से एक थे।

## जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य के प्रगति की जिलास्तरीय समीक्षा सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

*जन्म-मृत्यु निबंधन में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने के लिए तीन पंचायत सचिव सम्मानित*

*सबसे कम उपलब्धि वाले तीन पंचायत सचिवों को कारण पृच्छा पूछने का निर्देश*

**(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण**

धनबाद, भारत की जनगणना निदेशालय, झारखण्ड, राँची के सहायक निदेशक , राम भास्कर द्विवेदी की अध्यक्षता में धनबाद जिला में जन्म-मृत्यु निबंधन कार्यों के प्रगति की जिलास्तरीय समीक्षा सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के सभागार में किया गया।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म - मृत्यु) , महेश भगत ने सहायक निदेशक का स्वागत करते हुये बैठक प्रारम्भ की।

समीक्षा के दौराण सहायक निदेशक के द्वारा बताया गया की वर्ष 2022 के जुलाई माह में धनबाद जिला में जन्म - मृत्यु की स्थिती चिन्ताजनक थी। लेकिन धनबाद के सभी रजिस्ट्रारों ने जिला को जन्म निबंधन में प्रथम स्थान एवं मृत्यु निबंधन में



तृतीय स्थान झारखण्ड राज्य में प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रारों एवं अन्य कर्मियों के द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया गया है।

समीक्षा के क्रम में सहायक निदेशक ने निरसा उत्तर के पंचायत सचिव सह रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) गाजूलाल महता (750% उपलब्धि) निचितपुर, बाघमारा के पंचायत सचिव , मानिक चन्द्र दास (261%) एवं गोविन्दपुर पूर्वी के पंचायत सचिव , कालीपद रजक (210%) को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

वहीं सबसे कम उपलब्धि करने वाल तीन पंचायत सचिवों को कारण पृच्छा पूछने का निर्देश दिया। समीक्षात्मक बैठक में सभी पंचायत सचिवों एंव रजिस्ट्रारों ने निबंधन में धनबाद जिला को प्राप्त गौरव को बरकरार रखने का संकल्प लिया।

बैठक में , महेश भगत, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) धनबाद, अनिल कुमार राहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, धनबाद, नगर निगम धनबाद के सहायक नगर आयुक्त-सह-निबंधक (जन्म-मृत्यु) , प्रकाश कुमार, सभी सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद, प्राईवेट नर्सिंग होम के चिकित्सक एंव प्रखण्डों के पंचायत सचिव - सह - रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## हीरापुर में बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों के गहने व कीमती सामान की चोरी

**(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण**

6धनबाद , हीरापुर अजंतापाड़ा में बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण व कीमती सामान की चोरी कर ली। घटना 15 फरवरी की रात की है।

मकान मालकिन संजू कुमारी घर बंद कर अपने मायके राँची जिले के खलारी गई हुई थी। जीजा वीरेंद्र यादव ने फोन कर उन्हें चोरी की सूचना दी। इसके बाद बुधवार को वह ट्रेन से धनबाद पहुँचीं।

संजू कुमारी ने बताया कि चोर घर के मेन दरवाजे का ताला तोड़कर



अंदर घुसे और अलमीरा का लॉकर तोड़कर सोने की दो चेन, दो अंगूठी, दो कान बाली, चांदी के 5 सिक्के व नकद 35 हजार रुपये समेत अन्य कीमती सामान ले गए हैं। वहीं, जीजा वीरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार की सुबह साली के पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर घटना की सूचना दी। वह तुरंत मौके पर पहुँचे तो वहां लोगों की भीड़ लगी थी और घर का दरवाजा टूटा हुआ था. कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। इस संबंध में उन्होंने धनबाद सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## कांग्रेस का हाथ व्यापारियों के साथ : जिला कांग्रेस

**सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण संवाददाता जगन्नाथपुर अनुमंडल पश्चिम सिंहभूम**

चाईबासा (झारखंड ) जिला कांग्रेस कमिटी , प० सिंहभूम झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक पर झारखंड सरकार से व्यापारियों के हित में एवं जनता पर अनावश्यक महँगाई की मार ना हो इसके लिए पुनर्विचार करने की मांग करती है। जिला कांग्रेस कमिटी , प.सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स के जायज मांगों के साथ है । कांग्रेसियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि माननीय राज्यपाल ने विधेयक को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दी है यानी कि राज्यपाल को भी संशय है इस बिल पर , पूरे झारखंड में खाद्यान्न आलू ,प्याज ,फल - सब्जी का कारोबार ठप हो रहा है । राज्य के 24 जिलों में 28 खाद्यान्न मंडियों की थोक दुकाने बंद है । इसका सीधा असर राज्य की जनता के ऊपर पड़ेगा, महंगाई बढ़ेगी,जमाखोरी बढ़ेगी ऐसे में 4-5 दिनो के बाद राज्य में खाद्यान्न फल और सब्जी की कमी



महसूस की जाएगी ऐसे में जिला कांग्रेस कमिटी , प० सिंहभूम राज्य सरकार से मांग करती है कि जब ऋऋल लिया जा रहा है तो अतिरिक्त 2% कर लगाने का कोई तर्क नहीं दिखता । एडिशनल टैक्स से महंगाई बढ़ेगी और अंततः राज्य के लोगों को नुकसान होगा । औद्योगिक प्रतिष्ठान तो हतोत्साहित होंगे ही , जो चावल दाल के मील है और जो बड़े कारोबारी है वह राज्य छोड़ सकते हैं । झारखंड के अंदर कारोबारी माहौल बिगड़ेगा । ऐसे में कांग्रेस हेमंत सोरेन सरकार से मांग करती है कि जो अतिरिक्त 2% टैक्स लगाया गया है उसे व्यापक जनहित में वापस लिया जाए ताकि झारखंड के व्यापारियों और यहां के निवासियों को राहत मिले । प्रतिक्रिया व्यक्त करने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास , सांसद प्रतिनिधि त्रिशांउ राय, जितेंद्र नाथ ओझा , राकेश कुमार सिंह , ओबीसी प्रकोष्ठ वरीय उपाध्यक्ष रंजीत यादव , वरीय कांग्रेसी रविंद्र बिरूवा , संतोष सिन्हा , सुशील कुमार दास , राजू कारवा आदि शामिल है।

## निजी क्षेत्र मे स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के सम्बन्ध में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से नियमावली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही नियमावली के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर भी चर्चा की गई

आज 16 फरवरी 2023 को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान मांझी, जिला नियोजन पदाधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी श्री विनोद कुमार ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए नियोजन नीति 2021 एवं नियमावली 2022 के संबंध में बिंदुवार जानकारी साझा की। कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से नियमावली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त नियमावली के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर भी बिंदुवार चर्चा की गई।

उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला को संबोधित कर कहा की जिले मे स्थित विभिन्न उद्यमी, संगठनों एवं औद्योगिक इकाइयों से मिल रहे सहयोग को सराहना किया साथ ही कहा की वैसे संस्थान जिन्होंने अबतक सरकार के पोर्टल पर निबंधन नहीं कराए हैं, वे जल्द अधिकारियों के समक्ष नियोजन करा ले। उन्होंने कहा कि सभी नियोजकों को स्थानीय उम्मीदवारों से रिक्तियों को भरना होगा। यदि उच्च कौशल युक्त मानव बल की आवश्यकता है तो उस अनुरूप सरकार के द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर मानव बल उपलब्ध कराया जाएगा। अधिनियम के दायरे में आने वाले नियोजकों को पंजीकरण कराने का भी निर्देश दिया गया ताकि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। उप विकास आयुक्त नियोजकों को बताया कि अधिनियम सह नियम के लागू होने के बाद राज्य के सभी प्रत्येक नियोक्ता



चालीस हजार रुपये से अधिक तक सफल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हो एवं उसके उपरान्त उत्पन्न कुल रिक्ति का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित किया जाना अनिवार्य है। यह अधिनियम 10 या 10 से अधिक व्यक्तियों का नियोजन करने वाला कोई व्यक्ति अथवा संस्था पर लागू होगी। प्रत्येक नियोक्ता द्वारा स्वयं का अभिहित पोर्टल पर निबंधन स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियम 2022 की अधिसूचना के 30 दिनों के अंदर करना होगा।

कार्यशाला में लघु उद्योग के नियोजन नीति एवं नियमावली के बारे में अपने अपने मंतव्य साझा कर सरकार की सोच को धरातल पर लाते हुए नियोजन नीति एवं नियमावली के तहत स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही गई।

उप विकास आयुक्त ने कहा की इस कार्यशाला में उद्यमियों के समक्ष सरकार बड़े उम्मीद के साथ आयी है, क्योंकि सरकार के इस नीति को सफल बनाने में यहां के उद्यमियों की भूमिका बेहद अहम है साथ ही कहा की राज्य खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। सरकार यहां के युवाओं का पलायन रोकने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी सोच के साथ सरकार राज्य के निजी क्षेत्र के संस्थानों में 75 फीसदी स्थानीय युवाओं को 40 हजार वेतन तक नियोजित करना चाहती है। उन्होंने कहा राज्य विकसित तभी हो सकेगा जब यहां के उद्यमी सहयोग करेंगे। यहां के आदिवासी ईमानदार हैं, भूखे रह जाएंगे मगर भीख नहीं मांगेंगे। युवा मुख्यमंत्री यहां के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के सोच के साथ इस नीति को लागू कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के स्थानियो को मूलभूत जरूरी सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से इस नीति को लागू करना जरूरी है। जिसमें यहां के उद्यमियों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य तभी विकसित कहलायेगा जब हर हाथ में रोजगार होगा।

कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि, एमजीएनएफ शुभंकर साहू कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार, राजू कुमार तमाम उद्यमी संगठनों एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मिले उपायुक्त

**28 फरवरी से जन समस्याओं के निराकरण के लिए सभी प्रखंड-अंचल कार्यालयों में लगाएंगे जनता दरबार**

**(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण**

धनबाद, गुरुवार को धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला के जनसमस्याओं को लेकर धनबाद उपायुक्त से मिले।मौके पर धनबाद जिला 20-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिले के हरेक प्रखंड में विभिन्न संबंधित हजारों आवेदन छह-छह महीना से लंबित है और जिसका निराकरण नहीं हो रहा है। इस सभी आवेदनों का निराकरण दो महीना के अंदर करने की मांग की। इस मांग पर धनबाद उपायुक्त ने लंबित सभी आवेदनों का अविलंब निराकरण करने का आश्वासन दिया। आगे श्री सिंह ने कहा कि सभी अंचल-प्रखंड कार्यालय के संबंधित अधिकारी, पदाधिकारी समय पर नहीं बैठते हैं और कुछ पदाधिकारी शाम को 4:00 बजे बैठकर सिर्फ खाना पूर्ति करने का काम करते हैं।

संबंधित मामले को लेकर उपायुक्त को जानकारी दी गई इस पर उपायुक्त



ने कहा कि संबंधित मामले पर संज्ञान लिया जाएगा और अपने कार्यों में इस तरह लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।आगे श्री सिंह ने कहा कि धनबाद जिला में ग्रीन कार्डधारियों को कुछ महीनों से राशन स्लोगन नहीं हो रही है, इस पर उपायुक्त ने कहा के राशन आवंटन नहीं हो पाने के कारण ग्रीन कार्ड धारियों को राशन नहीं मिल पाया है। राशन आवंटन के बाद जल्द जिला के सभी ग्रीन कार्ड धारियों को राशन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।आगे श्री सिंह ने धनबाद उपायुक्त को सूचित किया एवं कहा कि धनबाद जिला बीस-सूत्री के द्वारा आगामी 28 फरवरी 2023 से जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर सभी प्रखंड-अंचल कार्यालयों में जनता दरबार लगाई जाएगी। 28 फरवरी 2023 को जनता दरबार की शुरुआत गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय से होगी।मौके पर धनबाद जिला बीस-सूत्री के सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शमशेर आलम,जहीर अंसारी,आशिफ रजा, सुजीत कुमार,भुवन रवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण**

धनबाद, गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र धनबाद द्वारा हीरापुर स्थित बबलू सेवाश्रम में चलाए जा रहे तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा उपस्थित रहे । वही अन्य अतिथियों के रूप में समाजसेवी एवं युवा नेता अरुण राय , नेहरू युवा केंद्र के पूर्व उपनिदेशक गोपाल चंद्र ओझा , सिविल सर्जन कार्यालय से डॉ. विकास राणा , सिंदरी कॉलेज से रमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। विधायक राज सिन्हा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए युवाओं से अपने-अपने क्षेत्रों का सामाजिक एवं राजनैतिक नेतृत्व करने का आह्वान किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा अमृत काल में बनाए गए लक्ष्यों की पूर्ति में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत की



बढ़ती साख एवं देश में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति पर भी अपनी बात रखी। सभी प्रतिभागियों को धनबाद विधायक द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किया गया।डॉ. विकास राणा ने युवाओं को नशा उन्मूलन विषय पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने युवाओं को नशे के व्यक्तिगत, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी। रमेश शर्मा ने आधुनिकरण के इस दौर में युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनने एवं विभिन्न प्रकार के डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय बताएं। इस अवसर पर युवाओं द्वारा नशा मुक्ति को लेकर प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। केंद्र के जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े मुद्दों पर युवाओं को प्रशिक्षित कर उनकी क्षमता में विकास करना था।कार्यक्रम का संचालन केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। वही प्रतिभागी के रूप में प्रीति, साक्षी, विक्रम, मनिंदर इत्यादि उपस्थित थे।